

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बोलीं- बंगाल को तीन भागों में बांटना चाहती है भाजपा - 12



टीसीएस दे रही 25 हजार फ्रेशर्स को नौकरी - 12



भारत का आर्थिक विकास वैश्विक साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर : विनय क्वात्रा - 13



घर में ही फिर लड़खड़ाया लखनऊ गुजरात ने 7 विकेट से हराया - 14

आज का मौसम

36.0° अधिकतम तापमान

22.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.47 | सूर्यास्त 06.31


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी 01:08 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 13 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 232, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## अगले एक सप्ताह में 40 डिग्री के भी पार जा सकता है पारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में करवट लेने लगा मौसम अब तपिश बढ़ने की भविष्यवाणी

**अमृत विचार:** प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। पिछले दिनों की बारिश, आंधी और ठंडी हवाओं से मिली राहत के बाद अब प्रदेश में तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले एक सप्ताह में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है।

रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से हवाओं की रफ्तार कम होने के साथ गर्मी का असर तेज होगा। अगले कुछ दिनों तक मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा, जिससे तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पिछले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 6 से 8 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### सलाह: सावधानी बरतें

मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। खासतौर पर दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की जरूरत बताई गई है।

# संगीत के सुनहरे युग का एक कोना खाली... नहीं रहीं आशा भोसले

मुंबई, एजेंसी

अपनी अनूठी आवाज से हिंदी पार्श्व गायन में अलग मुकाम हासिल करने वाली दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। आशा भोसले को शनिवार शाम सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली।

महान गायिका के बेटे आनंद ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार शाम चार बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। उन्होंने कहा, लोग कल पूर्वाह्न 11 बजे लोअर परेल स्थित कासा ग्रांदे में उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दे सकते हैं, जहां वह रहती थीं। आशा भोसले ने अपनी बहन तथा महान गायिका लता मंगेशकर की छाया में रहकर अपनी अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने परंपराओं को तोड़ते हुए सिनेमा में महिलाओं की आवाज को गहराई दी, चाहे वह 'हम इंतजार करेंगे' में विरह से भरी मीना कुमारी हों या 'पिया तू अब तो आजा' में बेबाक और मदहोश हेलेन हों। आजा-आजा पर श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर करने वाली 'चैन से हम को कभी' में बिछड़े प्रेम का दर्द भी महसूस कराने वाली उनकी आवाज ने कई पीढ़ियों तक राज किया।



**मुंबई के अस्पताल में 92 की उम्र में ली आखिरी सांस, सीने में संक्रमण के बाद कराया गया था भर्ती**

### रिकॉर्ड: 80 साल की संगीत यात्रा... 12,000 से ज्यादा गाने

आशा ने अपनी बहन लता के साथ सात दशकों तक हिंदी पार्श्व गायन की दुनिया पर राज किया। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में आशा ने 12,000 गाने रिकॉर्ड किए। उनका पहला गाना 1943 में 10 वर्ष की आयु में मराठी फिल्म 'माझा बल' के लिए था। उन्होंने 2010 के दशक के अंत तक गायन जारी रखा और वैश्विक संगीत इतिहास में सबसे लंबे समय तक गायन करने वाली गायिका बन गईं।

### पद्मिनी-वैजयंती माला से लेकर काजोल तक को दी आवाज

आशा भोंसले पद्मिनी एवं वैजयंतीमाला जैसी दक्षिण भारतीय अभिनेत्रियों से लेकर मीना कुमारी, मधुबाला, जीनत अमान, काजोल और उर्मिला मातोंडकर सहित कई प्रमुख अभिनेत्रियों को अपनी आवाज दी। आशा ने 2023 में अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में दुबई में आयोजित एक विशेष संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति दी थी। उनकी आवाज अंत तक गहन ठहराव, लचीलापन और ताजगी लिए रही।

### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक आशा भोसले जी के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। उनके साथ हुई बातचीत की यादें मेरे दिल में हमेशा बसी रहेंगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट किया, आशा भोसले जी के निधन से संगीत जगत में खालीपन आ गया है। प्रख्यात गायिका के रूप में उनके शानदार करियर ने भारत में संगीत के एक युग को परिभाषित किया। उनके पास भोसले के साथ व्यक्तिगत रूप से हुई बातचीत की सुखद यादें हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित महान सुर साधिका आशा भोसले का निधन अत्यंत दु:खद है और कला जगत की अपूरणीय क्षति है। उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

## ब्रीफ न्यूज

### बंगाल में एसआईआर से संबंधित याचिकाओं पर आज सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव से पहले एसआईआर से संबंधित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। इनमें वह याचिका भी शामिल है जिसमें विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूचियों को फ्रीज करने को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने इस पर 13 अप्रैल को सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। मतदाता सूचियों को फ्रीज करने का मतलब है कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है, उन्हें इस विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकता।

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से टापू पर फंसे 21 लोग पुलिस ने निकाला

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में हरिद्वार कोतवाली नगर क्षेत्र के कबीर कुटीर घाट (सप्तऋषि क्षेत्र) में रविवार को गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से स्नान कर रहे 21 लोग तेज बहाव के बीच फंस गए, जिन्हें पुलिस और जल पुलिस की टीम ने सुरक्षित बचा लिया। टापू पर मौजूद पुरुष, महिलाएं और बच्चे गंगा में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान अचानक जलस्तर बढ़ने से नदी का प्रवाह तेज हो गया और सभी लोग बीच टापू पर ही घिर गए। स्थिति गंभीर होती देख मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम बोट और आपदा राहत उपकरणों के साथ तत्काल मौके पर पहुंची।

# महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने का समय आ गया : मोदी

## पीएम का 2029 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव आरक्षण के साथ कराने पर जोर

- विशेष सत्र से पहले लोकसभा और राज्यसभा के नेताओं को लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने का समय आ गया है और 2029 के लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे एकजुट होकर महिला आरक्षण कानून में संशोधन पारित करें।

संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र से पहले लोकसभा और राज्यसभा के सदन के नेताओं को लिखे पत्र में मोदी ने यह भी कहा कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है जब महिलाओं को प्रगति करने, निर्णय लेने और सबसे महत्वपूर्ण बात, नेतृत्व करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने सपने को साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि महिलाएं इस यात्रा में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, विस्तृत विचार-विमर्श के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश भर में उसके सच्चे स्वरूप में लागू करने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने 11 अप्रैल को लिखे अपने पत्र में कहा, यह अनिवार्य है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाएं। मोदी ने कहा कि 2029 में महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने से भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और जनता का विश्वास मजबूत होगा। उन्होंने कहा, मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूं ताकि हम सभी एक साथ मिलकर इस संशोधन को पारित करने के लिए एकजुट हो सकें।



मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूं ताकि सभी दल इस संशोधन को पारित करने के लिए एकमत होकर अपनी बात रखें। यह विशेष बैठक हमारे लोकतंत्र को और मजबूत करने का अवसर है। – नरेंद्र मोदी

### यथावत रहता तो 2034 से पहले नहीं लागू होता कानून

महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों के पारित हो जाने से लोकसभा में सीट की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी जिनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान 2023 में संविधान में संशोधन करके लाया गया था। हालांकि महिला आरक्षण 2027 की जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू हो पाता। इसका मतलब यह था कि यदि वर्तमान कानून यथावत रहता है तो आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता। इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव की आवश्यकता थी, इसलिए सरकार कानून में संशोधन पारित करने के लिए एक विशेष सत्र आयोजित कर रही है। इसके लिए संसद के बजट सत्र की अवधि बढ़ा दी गई है और सदन का एक विशेष तीन दिवसीय सत्र 16 से 18 अप्रैल तक बुलाया गया है।

### राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी कर रही सरकार: खरगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी को जवाब में लिखे पत्र में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि राज्यों में चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाना इस धारणा को मजबूत करता है कि सरकार राजनीतिक लाभ के लिए महिला आरक्षण कानून को लागू करने में जल्दबाजी कर रही है। पत्र में खरगे ने यह मांग दोहराई कि परिसीमन मुद्दे पर चर्चा करने के लिए 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। खरगे ने कहा, इस अधिनियम को संसद ने सितंबर 2023 में सर्वसम्मति से पारित किया था। उस समय कांग्रेस की ओर से मैंने मांग की थी कि यह महत्वपूर्ण कानून तत्काल प्रभाव से लागू होना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इसके तत्काल कार्यान्वयन के लिए व्यापक सहमति थी, लेकिन फिर भी उन्होंने इसे लागू नहीं किया।

**अमेरिका-ईरान के बीच 21 घंटे चली वार्ता विफल**

# भड़के ट्रंप बोले- ईरान को टोल देने वाले जहाजों को होर्मुज से नहीं निकलने देंगे


इस्लामाबाद, एजेंसी

- समझौता वार्ता विफल होने के बाद अस्थायी युद्धविराम पर भी उठे सवाल

पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच 21 घंटे तक चली ऐतिहासिक शांति वार्ता में कोई समझौता नहीं हो सका, इससे दो सप्ताह के लिए लागू युद्धविराम के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। दोनों पक्षों ने वार्ता विफल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है। शांति वार्ता विफल होने से भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया है कि अमेरिकी नौसेना ऐसे किसी जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य से नहीं निकलने देगी जिसने इसके लिए ईरान को टोल का भुगतान किया होगा।

वार्ता विफल होने के कुछ घंटों बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान के साथ बातचीत इसलिए असफल रही क्योंकि वह अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने को तैयार नहीं है। ट्रंप ने एलान किया कि अमेरिकी नौसेना अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में किसी भी ऐसे जहाज को सक्रिय रूप से रोकेगी जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान को टोल का भुगतान किया हो। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की नौसेना, वायु सेना और रडार सिस्टम पहले ही बेकार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सेना ईरान के बचे हुए हिस्से को भी खत्म करने के लिए तैयार है।

इससे पहले इस्लामाबाद में हुई वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका की ओर से अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के बावजूद ईरानी पक्ष ने युद्ध समाप्ति के लिए वाशिंगटन की शर्तों को स्वीकार नहीं किया। ईरान और अमेरिका-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद होर्मुज को बंद कर दिए जाने से वैश्विक ऊर्जा बाजार ठप होने के साथ व्यापार भी बाधित हुआ है।



### समझौता होने में ये मुद्दे बने सबसे बड़ी बाधा

- **परमाणु हथियारों पर लिखित गारंटी :** अमेरिका की सबसे बड़ी शर्त यह थी कि ईरान लिखित में यह प्रतिबद्धता दे कि वह कभी भी परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा। ईरान ने इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन माना। कहा, वह पहले ही अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग कर रहा है, इसलिए लिखित शर्त जरूरी नहीं है।
- **आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने की शर्त :** ईरान ने मांग की थी कि अमेरिका वार्ता के पहले चरण के रूप में ही उन पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को तुरंत हटाए और विदेशों में फंसी उसकी अरबों डॉलर की संपत्ति को मुक्त करे। अमेरिका इस पर सहमत नहीं हुआ। वह चाहता था कि पहले ईरान अपने परमाणु और सैन्य कार्यक्रमों पर ठोस कदम उठाए।
- **अंतिम प्रस्ताव का दबाव :** अमेरिका की ओर से वार्ता का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस वार्ता को अमेरिका का अंतिम और सबसे अच्छा प्रस्ताव बताया था। ईरान ने अमेरिका की इस भाषा को धमकी से भरा और अल्टीमेटम के रूप में देखा। इस कड़े रुख के कारण बातचीत में लचीलापन खत्म हो गया ।

# बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- शिवराज बने भाजपा के पर्यवेक्षक, विधायक दल का नेता चुनेंगे
- नीतीश के सीएम पद से आज या कल इस्तीफा देने की संभावना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने के बाद भाजपा ने नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्टी ने रविवार को बिहार में अपने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया। सम्राट चौधरी को बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए संभावित उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि भाजपा और जदयू दोनों ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है।

नीतीश कुमार के सोमवार या मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की संभावना है ताकि भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हो सके। रविवार को नीतीश कुमार से मुलाकात करने के बाद उनकी पार्टी जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया 13 अप्रैल के बाद शुरू होगी। झा के अलावा, मुख्यमंत्री के आवास पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जदयू नेता तथा विधायी कार्य मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद थे। विजय चौधरी ने कहा, नए मुख्यमंत्री का चुनाव भाजपा की सिफारिश पर राजग के विधायकों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा, भाजपा को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इन मामलों में उसकी अपनी प्रक्रिया है। एक बार जब वह अपनी योजना प्रस्तुत कर देगी, तो आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### कल शुरू हो सकती है परिवर्तन की प्रक्रिया

**पटना।** बिहार में राजनीतिक सरगर्मियों के बीच सभी को 14 अप्रैल की प्रस्तावित मंत्रिमंडल की बैठक का इंतजार है, जहां से सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। बताया जा रहा है कि राज्य सचिवालय में होने वाली इस बैठक में नीतीश कुमार के नेतृत्व में शुरू की गई प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के साथ उनके इस्तीफे से जुड़ा प्रस्ताव भी आ सकता है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बैठक के बाद इस्तीफा दे सकते हैं।

## बरेली-दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस का कासगंज तक विस्तार, आज से शुरुआत

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के कासगंज जंक्शन तक अपनी यात्रा के मार्ग के विस्तार के बाद बरेली-नई दिल्ली के बीच संचालित 14315/14316 इंटरसिटी एक्सप्रेस सोमवार से अपने नए सफर की शुरुआत करेगी।

इस बदलाव से कासगंज, एटा और बदायूं के यात्रियों को राजधानी तक सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी। बदायूं स्टेशन पर मंत्री बीएल वर्मा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रेल अधिकारियों के मुताबिक यह ट्रेन दोपहर 12 बजे बदायूं से रवाना होगी।

## बाल तस्करी: बिहार से महाराष्ट्र ले जाए जा रहे 163 बच्चों को ट्रेन से उतारा

- कटनी में जीआरपी और आरपीएफ ने रात भर चलाया अभियान

**कटनी।** मध्यप्रदेश के कटनी रेलवे स्टेशन पर बाल तस्करी का बड़ा मामला पकड़ा गया है। यहां रातभर के अभियान के बाद आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने पटना-पूर्णा एक्सप्रेस से महाराष्ट्र ले जाए जा रहे छह से 13 वर्ष आयु के 163 नाबालिग लड़कों को मुक्त कराया। उनके साथ मौजूद आठ लोगों को बिना टिकट और दस्तावेजों के यात्रा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

कटनी के आरपीएफ अधिकारियों के मुताबिक उन्हें भारी संख्या में बच्चों को बिहार के अररिया क्षेत्र से महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने की एक गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद रात करीब 8.30 बजे बचाव अभियान चलाया गया, जो तड़के तक चला। जीआरपी ने बिहार के विभिन्न जिलों के आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 143 की उपधारा चार के तहत मामला दर्ज किया है जो 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की तस्करी से संबंधित है।

## न्यायिक अधिकारियों का घेराव: कांग्रेस उम्मीदवार समेत सात लोग हिरासत में

- आईएसएफ के एक पंचायत सदस्य को गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** एनआईए ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के एक उम्मीदवार सहित सात लोगों को हिरासत में लिया है। इंडियन सेक्युलर फ्रंट के एक पंचायत सदस्य को भी गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई एसआईआर कवायद में मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव के संबंध में की गई है। कांग्रेस के मोथाबाड़ी से उम्मीदवार सायम चौधरी को उनके कुछ सहयोगियों के साथ उस समय हिरासत में ले लिया गया जब वह अलीनगर पंचायत क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे।

## अमरनाथ यात्रा इस बार तीन जुलाई से 28 अगस्त तक होगी

- श्राइन बोर्ड की बैठक में फैसला, 15 अप्रैल से शुरू होंगे पंजीकरण

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होकर 57 दिन बाद 28 अगस्त को संपन्न होगी। श्राइन बोर्ड की बैठक में लिए इस निर्णय की जानकारी जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दी।

उपराज्यपाल ने यहां लोक भवन में बताया कि 13 से 70 वर्ष की आयु के श्रद्धालु यात्रा कर सकेंगे और पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा। सिन्हा ने कहा, इस बार यात्रा की अवधि पिछले वर्षों की तुलना में कुछ अधिक करीब 57 दिन होगी। यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा।

**बदलाव की तैयारी** | विनोद तावड़े का दो दिवसीय दौरा, बंद कमरे में लिया फीडबैक

# मंत्रिमंडल–संगठन पर लखनऊ में उच्च स्तरीय हलचल

- आज मुख्यमंत्री योगी से तावड़े की अहम बैठक, फाइनल होगी सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश भाजपा में संगठन और सरकार के स्तर पर बड़े बदलाव की आहट तेज हो गई है। रविवार को राष्ट्रीय महामंत्री और यूपी प्रभारी विनोद तावड़े के लखनऊ दौरे ने 'उच्च स्तरीय' सियासी हलचल बढ़ा दी है। तावड़े ने पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं के साथ बंद कमरे में लगातार बैठकें कर प्रदेश की राजनीति और संगठनात्मक स्थिति पर विस्तृत फीडबैक लिया। तावड़े सोमवार को मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर रिपोर्ट को अंतिम रूप देंगे।

भाजपा में लखनऊ से दिल्ली तक तेज हुई बैठकों की श्रृंखला संकेत दे रही है कि जल्द ही संगठन और सरकार दोनों स्तर पर बड़े फैसले सामने आ सकते हैं। आने वाले कुछ दिनों में यूपी की सियासत में अहम बदलाव देखने को मिल सकते हैं। लखनऊ में दो दिवसीय दौरे पर आए तावड़े की रविवार को बंद कमरे में दिनभर चली बैठकों में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुरू से शामिल रहे। देर शाम केशव प्रसाद मौर्य भी पहुंचे।

तमाम मंत्री भी बुलाए गए थे। तावड़े ने पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और संगठन के वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग मुलाकात की। इसमें संगठनात्मक फेरबदल, चुनावी रणनीति और सामाजिक समीकरणों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। फीडबैक में पिछड़े वर्ग, दलित और सवर्ण वोट संतुलन पर विशेष ध्यान देने की बात सामने आई। साथ ही कई क्षेत्रों में जातीय असंतुलन और कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने के सुझाव दिए गए। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि लगभग तीन साल बाद भाजपा संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव की तैयारी है। इसके साथ ही आयोग, बोर्ड और निगमों के रिक्त पदों को भरने और मंत्रिमंडल विस्तार को भी जल्द अंतिम रूप दिया जा सकता है। यह मंथन केवल संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि संभावित मंत्रिमंडल विस्तार, निगम-आयोगों में नियुक्तियां और नई प्रदेश टीम के गठन जैसे मुद्दे भी केंद्र में हैं।



तावड़े का स्वागत करते ब्रजेश पाठक।

### दिल्ली पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष की शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात

उधर, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने रविवार को दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात की है। गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में भी संगठन विस्तार और संभावित मंत्रिमंडल फेरबदल पर चर्चा बताई जा रही है।

### दिल्ली-लखनऊ कनेक्शन से तय होगा फैसला

लखनऊ में बैठकों के बाद दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा के जरिए अंतिम मुहर लगने की संभावना है। पंकज चौधरी की दिल्ली यात्रा और विनोद तावड़े की रिपोर्ट इस पूरी प्रक्रिया में निर्णायक मानी जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

### आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर जिला फिर रहा अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की मार्च रिपोर्ट में रामपुर ने 99.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। आईजीआरएस के माध्यम से जनसुनवाई, विकास कार्यों और राजस्व मामलों की नियमित निगरानी की जा रही है। मार्च रिपोर्ट में रामपुर ने 140 में से 139 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर हाथरस और बाराबंकी रहे, जिन्होंने 137-137 अंक हासिल किए। वहीं शाहजहांपुर और पीलीभीत ने पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 136 बराबर-बराबर अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं सोनभद्र, कन्नौज, अंबेडकरनगर और हापुड़ ने बराबर-बराबर 135 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा बरेली, आजमगढ़, लखीमपुर खीरी ने 134 अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं टॉप टेन जिलों में हमीरपुर, सहारनपुर, बलिया, प्रयागराज और मथुरा ने जगह बनाई है।

### पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर के निधन पर जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री हरिनारायण राजभर के निधन पर भाजपा नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने इसे सार्वजनिक जीवन की अपूरणीय क्षति बताते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना जताई। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित कई नेताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने कहा कि राजभर ने लंबे समय तक जनसेवा कर समाज में विशिष्ट पहचान बनाई और उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

### आंबेडकर जयंती पर भाजपा देगी श्रद्धांजलि होंगे कई कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विभिन्न सेवा कार्यों व कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें कृतज्ञ श्रद्धांजलि देगी। जयंती की पूर्व संध्या पर प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी सोमवार 13 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे रायबरेली के बछरावां क्षेत्र स्थित ग्राम कन्नावा में बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद शाम 6 बजे लखनऊ के हजरतगंज में स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित कर दीपांजलि अर्पित की जाएगी। पार्टी ने इसे सामाजिक समरसता और संविधान के प्रति सम्मान का अभियान बताया है।

# तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार भाजपा के पास

## पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे मुख्यमंत्री योगी, जनसभाएं कर पार्टी प्रत्याशियों के लिए मांगा समर्थन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम बोले- तुष्टिकरण, माफियाराज और कट मनी से जकड़ा है बंगाल

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोनामुखी, नंदकुमार और कांथी दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं करके तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और वामपंथी दलों पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार केवल भाजपा के पास है। बंगाल में "खेला" अब खत्म होगा और भाजपा की सरकार बनने पर विकास की शुरुआत होगी। योगी ने कहा कि टीएमसी का मतलब ही तुष्टिकरण, माफियाराज और कट मनी बन गया है।

रविवार को तीनों जनसभाओं में भारी भीड़ उमड़ी, जहां मुख्यमंत्री योगी ने कानून-व्यवस्था, सांस्कृतिक पहचान और विकास के मुद्दों पर विपक्ष को घेरा। कहा कि तृणमूल कांग्रेस का 'मां-माटी-मानुष' का नारा अब खोखला साबित हो चुका है। आज बंगाल में मां-बहन असुरक्षित हैं, माटी घुसपैठियों के कब्जे में है और मानुष भयभीत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां बांग्ला संस्कृति को कमजोर करने की कोशिश हो रही है, जिसे सफल नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने बंगाल की आर्थिक स्थिति पर भी सवाल उठाए और कहा कि एक समय देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देने वाला राज्य आज पिछड़ गया है। उद्योग बंद हो रहे हैं और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। इसके उलट उत्तर प्रदेश में बड़े उद्योगों और एमएसएमई के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति भी बंगाल जैसी थी, लेकिन अब प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है और विकास तेज हुआ है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार जहां भी बनी है, वहां हर वर्ग को सुरक्षा और विकास मिला है। उन्होंने बंगाल के मतदाताओं से अपील की कि वे भाजपा को समर्थन दें, ताकि राज्य में स्थिर और विकासोन्मुख सरकार बन सके।




पश्चिम बंगाल में आयोजित एक जनसभा के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### डेमोग्राफी पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बंगाल में वोटबैंक की राजनीति के चलते जनसंख्या संतुलन को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। सीमावर्ती जिलों में अवैध घुसपैठ को लेकर उन्होंने चिंता जताई और कहा कि इससे सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो रहा है। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो यह राज्य के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।

### बांग्लादेश मुद्दे पर ममता सरकार को घेरा

योगी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौन रहीं। कहा कि राज्य सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोटबैंक की राजनीति के कारण संवेदनशील मुद्दों पर भी सरकार स्पष्ट रुख नहीं अपना रही है। इससे आम जनता के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

## किशोरों के स्वास्थ्य को लेकर 'सूर्योदय' न्यूजलेटर की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में किशोर स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करने के उद्देश्य से अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने "सूर्योदय" न्यूजलेटर (प्रथम अंक-अप्रैल 2026) का शुभारंभ किया। यह पहल राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने रविवार को कहा कि किशोर देश का भविष्य हैं और उनके समग्र विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ सही मार्गदर्शन बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि "सूर्योदय" न्यूजलेटर किशोरों तक सरल और सुलभ भाषा में सही जानकारी पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने इसे किशोरों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। न्यूजलेटर में पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, एनीमिया नियंत्रण, प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य और जीवन कौशल जैसे विषयों को शामिल किया गया है।

# विधानसभा गैलरी देख अभिभूत हुए रक्षामंत्री


## 24 वर्षों बाद विधानसभा परिसर पहुंचे राजनाथ सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा का भ्रमण किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और विधानसभा में दिए गए महत्वपूर्ण भाषणों के संकलन पर आधारित एक विशेष पुस्तक भी भेंट की। रक्षा मंत्री ने इस पुस्तक को उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।

करीब 24 वर्षों बाद विधानसभा पहुंचे राजनाथ सिंह ने डिजिटल गैलरी का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित विधानसभा के गौरवशाली इतिहास पर आधारित फिल्म देखी। उन्होंने इसे युवा पीढ़ी के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

इस दौरान उन्होंने विधानसभा परिसर में विकसित आधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया, जिसमें हेलिकॉप्टर अनुभव, आधुनिक गलियारे और नवीन व्यवस्थाएं शामिल रहीं। उन्होंने समिति कक्ष, टंडन हाल, सुसज्जित दर्शक दीर्घा, मंडप कक्ष तथा गैलरी में प्रदर्शित महापुरुषों के चित्रों का भी अवलोकन किया। इसके अलावा नवीनीकृत मीडिया कक्ष और ऐतिहासिक भित्ति चित्रों को भी देखा। रक्षा मंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से विधानसभा तकनीकी रूप से सशक्त हुई है और जनहितकारी विधायी कार्यों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में विकसित हो रही है।



विधानसभा पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को उनकी पुरानी फोटो दिखाते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

### चंद्रशेखर की पूर्व प्रेमिका सपा के साथ 200 सभाओं की तैयारी


**अमृत विचार, लखनऊ :** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, प्रदेश की राजनीति में उलट-पलट शुरू हो गया है। ताजा प्रकरण आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद की पूर्व प्रेमिका डॉ. रोहिणी घावरी के समाजवादी पार्टी का दामन थामने का सामने आया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद प्रदेश की सियासत में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सपा से जुड़ने के बाद वह प्रदेश भर में करीब 200 जनसभाएं करने की तैयारी में हैं। इन सभाओं के जरिए पार्टी संगठन को मजबूत करने और खासतौर पर युवाओं व महिलाओं तक पहुंच बनाने की रणनीति तैयार की गई है। बताया जा रहा है कि सपा नेतृत्व के साथ उनकी बातचीत में छह प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनी है। इनमें प्रमुख रूप से सामाजिक न्याय और दलित-पिछड़ा वर्ग के अधिकार, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, कानून-व्यवस्था का मुद्दा अंत में संविधान और आरक्षण की रक्षा के मुद्दे पर सहमति बनी है।

# गर्मी से पहले बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार के सख्त निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन ने अधिकारियों को एलर्ट मोड पर रहने को कहा
- ट्रांसफार्मर फुंकने पर होगी कार्रवाई, निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश



**अमृत विचारः** प्रदेश में बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की मांग में संभावित उछाल को देखते हुए प्रदेश सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र. पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में काम करने के निर्देश दिए हैं, ताकि गर्मी के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने रविवार को भी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि इस बार गर्मी में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मरों का रखरखाव पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए और खराबी की स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो।

डॉ. गोयल ने बताया कि ट्रांसफार्मरों के अनुरक्षण के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया गया है। हर ट्रांसफार्मर पर फ्यूज और टेललेस यूनिट लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद यदि ट्रांसफार्मर फुंकते हैं तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में कार्य अधूरे हैं या प्रगति धीमी है, वहां संबंधित फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही अवर अभियंताओं और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हों।

### शिड्यूल के अनुसार मिले बिजली

यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी के चरम समय को देखते हुए पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध हैं, इसलिए कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित शिड्यूल के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जाए और किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान किया जाए।

### लखनऊ में ट्रिपिंग पर विशेष नजर

राजधानी लखनऊ में बिजली व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. गोयल ने कहा कि राजधानी में ट्रिपिंग की स्थिति किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी जिम्मेदार अधिकारियों को सतर्क रहते हुए निरंतर निगरानी करने को कहा गया है।

### दुर्घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस

यूपीपीसीएल ने विद्युत दुर्घटनाओं को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि बिजली से जुड़ी किसी भी दुर्घटना को रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मामले में जीरो टॉलरेंस नीति लागू रहेगी। गर्मी के बढ़ते प्रभाव के बीच सरकार की यह तैयारी उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ ही बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

# ऑफलाइन कार्य बंद, ई-ऑफिस व्यवस्था पर ही मिलेगा वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हरदोई के जिलाधिकारी ने जारी किया सख्त आदेश

**अमृत विचार :** राज्य सरकार के निर्देश के बाद भी ई-ऑफिस व्यवस्था न स्थापित करने वालों पर शिकंजा कसने लगा है, बीते दिनों राज्य सरकार पुनः संबन्धित आदेश जारी करने के बाद हरदोई समेत कई जिलों में असर दिखने लगा है। हरदोई में जिलाधिकारी ने ई-ऑफिस प्रणाली लागू न करने की स्थिति में वेतन निर्गत न करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग आदि कार्यालयों ने अमल शुरू कर दिया है।

जिलाधिकारी हरदोई का आदेश मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र के क्रम में जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि कई विभाग अभी भी ई-ऑफिस पर कार्य नहीं कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से ही पत्राचार और फाइलों का निस्तारण किया जाएगा। ऑफलाइन पत्रावलियों और पत्राचार को पूरी तरह से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इतना ही नहीं, सभी कर्मचारियों (चतुर्थ श्रेणी और वाहन चालक को छोड़कर) को ई-ऑफिस पर मैप करना अनिवार्य किया गया है।

उक्त क्रम में सभी विभागाध्यक्षों को यह प्रमाणित करना होगा कि उनके कार्यालय के सभी कर्मचारी ई-ऑफिस पर कार्य कर रहे हैं। वेतन बिल के साथ संबंधित अधिकारियों को कोषागार में प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा। प्रमाण पत्र दिए बिना अगले माह का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय में फाइलों का आवागमन पूर्णतया ऑनलाइन हो चुका है, अन्य विभागों में भी व्यवस्था संचालित हो रही है।

# शिक्षकों की समस्याएं दूर होंगी: केशव

## यूटा प्रांतीय अधिवेशन में की शिक्षकों के योगदान की सराहना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक और विद्यालय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री आगरा में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सरकारी विद्यालय संसाधनों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में निजी व कॉन्वेंट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। केशव मौर्य ने बताया कि राज्य सरकार विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा और छात्रों के समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रही है। साथ ही शिक्षकों के सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अधिवेशन में यूटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने संगठन की गतिविधियों और शिक्षकों की समस्याओं पर प्रकाश डाला।

### डबल इंजन सरकार में बीमा क्षेत्र को मिल रही गति

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार में बीमा क्षेत्र को नई गति मिल रही है। वे आगरा में भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारियों के संगठन के सम्मेलन में बोल रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने रविवार को एलआईसी को देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बताते हुए विकास अधिकारियों को इसकी रीढ़ कहा। उन्होंने जनधन, जीवन ज्योति व सुरक्षा बीमा योजनाओं के जरिए अंतिम व्यक्ति तक सुरक्षा पहुंचाने पर जोर दिया। सम्मेलन में 600 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

# मुगलों की प्रशंसा से बाहर नहीं निकलते अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख के बयान पर अनिल राजभर का पलटवार



**अमृत विचारः** जयपुर में अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान को लेकर योगी सरकार में मंत्री अनिल राजभर ने सपा प्रमुख पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश को उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों और संस्कृति की प्रशंसा करना नहीं आता।

रविवार को जारी बयान में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव जब प्रदेश से बाहर जाते हैं तो भी मुगलों की प्रशंसा करना नहीं छोड़ते। जयपुर में भी अखिलेश यादव को राजपूताना गौरव और इतिहास याद नहीं आया। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है।

अनिल राजभर ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव की सोच प्रदेश को नेपाल और बांग्लादेश जैसा बनाने की है, जो प्रदेश के हित में नहीं है। यह भी कहा कि अखिलेश यादव ने कभी काशी में बाबा के दर्शन नहीं किए, लेकिन वहां की व्यवस्था पर सवाल उठाते रहते हैं।

बदलाव | योगी सरकार में विद्यालयों के आधारभूत ढांचे और सुविधाओं का तेजी से विस्तार

# केजीबीवी में छात्राओं को मिल रहीं आधुनिक सुविधाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- रिक्त पदों की भर्ती, डिजिटल व आवासीय सुविधाओं से मजबूत हो रही व्यवस्था

**अमृत विचारः** प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) व्यवस्था का तेजी से कायाकल्प हो रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार की सख्त निगरानी और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली के चलते ये विद्यालय अब सिर्फ आवासीय स्कूल नहीं, बल्कि आधुनिक और सुरक्षित शैक्षिक परिसरों के रूप में विकसित हो रहे हैं।

के अंतर्गत एकेडमिक हॉस्टल, अतिरिक्त डॉरमेट्री, कंप्यूटर लैब और टॉयलेट ब्लॉक जैसी सुविधाओं का बड़े पैमाने पर निर्माण किया गया है। बाराबंकी में 34, हरदोई में 33 और लखीमपुर खीरी में 27 निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं। बरेली, गोंडा, देवरिया और लखनऊ सहित कई जिलों में भी निर्माण कार्य पूर्ण होकर हैंडओवर की प्रक्रिया में हैं।

शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज की गई है। प्रयागराज, बलिया, उन्नाव और एटा जैसे जिलों में उच्च रिक्तियों को चिन्हित कर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। वहीं श्रावस्ती, रायबरेली, आजमगढ़ और ललितपुर जैसे जिलों में रिक्त पद शून्य होना प्रभावी मॉनिटरिंग का संकेत है।

विद्यालयों में छात्राओं की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रोटी मेकिंग मशीन, सोलर गीजर, जेनसेट और वाशिंग मशीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही ओपन जिम, फोक म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट और 'एक केजीबीवी-एक खेल' जैसी पहलें छात्राओं के समग्र विकास को बढ़ावा दे रही हैं।

### मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्य भी तेज

भवनों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्यों में भी तेजी आई है। बलरामपुर में वर्ष 2025-26 के दौरान 80 प्रतिशत कार्य प्रगति पर है, जबकि अन्य जिलों में भी कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार की इस पहल से केजीबीवी अब बेटियों के लिए सुरक्षित, सुसज्जित और आधुनिक शिक्षा केंद्र बनते जा रहे हैं, जो उन्हें बेहतर अवसर और सशक्त भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का मजबूत आधार प्रदान कर रहे हैं।

### 2.5 फीसद महिला वोटर कहां चली गईं : संजय

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रदेश की मतदाता सूची पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश की जनसंख्या में लगभग हर 100 लोगों में 52 पुरुष और 48 महिलाएं हैं, लेकिन मतदाता सूची में पुरुषों की हिस्सेदारी 54.54 से 55 प्रतिशत के बीच और महिलाओं की मात्र 45 से 45.64 प्रतिशत है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर यह लगभग ढाई से तीन प्रतिशत महिला मतदाता कहां चली गईं। आप सांसद ने यह भी पूछा कि क्या यह अंतर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग से आने वाली महिलाओं से जुड़ा हुआ है और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए।

# 49 बस स्टेशनों के कायाकल्प को फेज-2 परियोजना को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगे आधुनिक व विश्वस्तरीय बस टर्मिनल, जल्द शुरू होगी निविदा की प्रक्रिया



दयाशंकर सिंह

**अमृत विचार :** प्रदेश में परिवहन सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम की फेज-2 बस स्टेशन विकास परियोजना को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत प्रदेश के 49 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा।

योजना के तहत बस स्टेशनों को विश्वस्तरीय व बहुउद्देशीय टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां स्वच्छता, सुरक्षा, डिजिटल सूचना प्रणाली, सुव्यवस्थित पार्किंग और वाणिज्यिक परिसरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह परियोजना डीबीएफओटी (डिजाइन, बुल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट और ट्रांसफर) मॉडल पर आधारित होगी। इसमें निजी निवेश के जरिए विकास किया जाएगा, जबकि भूमि का स्वामित्व निगम के पास रहेगा।

**रोजगार और विकास को मिलेगा बढ़ावा**

मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि इस पहल से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। यात्रियों को सुरक्षित और बेहतर परिवहन सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि योग्य डेवलपर्स के चयन के लिए जल्द ही पारदर्शी निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह परियोजना प्रदेश में आधुनिक परिवहन अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# अनियंत्रित ट्रक दुकान में घुसा, दो की मौत, पांच घायल

## बेकाबू कोयला लदे ट्रक ने छात्रा को रौंदा और दुकान पर पलट गया, सूचना पर डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे, मामले की जांच की जा रही है

हादसा

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** रविवार की सुबह 8:30 बजे तालग्राम रोड स्थित भाऊलपुर तिराहे पर एक भीषण सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। कोयला लदे बेकाबू ट्रक ने कोचिंग जाने के लिए बस का इंतजार कर रही 14 वर्षीय हाईस्कूल की छात्रा को रौंद दिया। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे लगी फल की दुकान पर जा पलटा।



अंशिका फाइल फोटो।

इस हादसे में छात्रा और दुकान पर बैठे बुजुर्ग फल विक्रेता की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक के कोयले के ढेर में दबकर कई लोग घायल हुए। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते हजारों की भीड़ कोयले में दबे लोगों को निकालने का प्रयास करने लगे। वहीं पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी और क्रेन की मदद से मलबा हटाकर घायलों और शवों को बाहर निकाला गया। घटना में ट्रक चालक समेत पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सीएमओ स्वदेश गुप्ता, एडीएम देवेंद्र कुमार, एडिशनल एसपी अजय कुमार ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। एआरटीओ इज्जा तिवारी ने भी मौके पर पहुंचकर तकनीकी जांच की।

पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक तेज रफ्तार में था, जो अचानक बेकाबू हो गया। स्थानीय लोग इस हादसे से गहरे सदमे में हैं। हादसे में जान गंवाने वाले और घायलों की पहचान प्रशासन द्वारा कर ली गई है, जिसमें नगला दुर्गा निवासी राजू बाथम की 14 वर्षीय पुत्री जगदीश्वर दयाल जनता इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा अंशिका तथा भाउलपुर निवासी फल विक्रेता 65 वर्षीय कन्हैया लाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि घायलों में कन्हैयालाल का 31 वर्षीय पुत्र अमित कुमार, ग्राम बूछपुर निवासी 20 वर्षीय अंकित व 18 वर्षीय सोनू तथा भाउलपुर निवासी 21 वर्षीय आदर्श पाल सहित ट्रक परिचालक 32 वर्षीय सत्येंद्र चतुर्वेदी शामिल हैं।



मृतक के परिवारों को सांत्वना देने पहुंचीं विधायक अर्चना पांडे। अमृत विचार



मृतक के परिवार से जानकारी लेते डीएम, एसपी अमृत विचार



जेसीबी से कोयले का मलवा हटाकर घायलों को निकलवाते अधिकारी व पुलिस।

### उजड़ गए हंसते-खेलते परिवार

- छिबरामऊ। मृतक अंशिका के परिजनों ने बताया कि अंशिका तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। वह रोजाना की तरह कोचिंग जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी कि काल ने उसे घेर लिया। उसकी मां पान कुमारी और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, बुजुर्ग कन्हैयालाल के परिवार पर भी दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके पीछे पत्नी सावित्री, तीन बेटे और दो बेटियां हैं। हादसे में बुजुर्ग फल विक्रेता कन्हैयालाल की मृत्यु के साथ उनका बेटा अमित भी गंभीर रूप से घायल है।

### सरकार देगी 5-5 लाख, सपा की ओर से 1 लाख

- छिबरामऊ। हादसे पर गहरा दुख जताते हुए डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मृतकों के परिजनों को 'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना' एवं अन्य सरकारी प्रावधानों के तहत 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। वहीं, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने सपा मुखिया अखिलेश यादव की ओर से दोनों मृतकों के परिवारों को 1-1 लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की है।

### घटनास्थल व अस्पताल पहुंचे जनप्रतिनिधि

छिबरामऊ। हादसे की जानकारी होते ही क्षेत्रीय विधायक अर्चना पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, मुनीष मिश्रा, बाबा राम प्रकाश, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पति बादाम पाल सहित दर्जनों नेताओं ने मृतकों व घायलों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

### दुर्घटना के दो घंटे बाद पहुंचीं एआरटीओ इज्जा तिवारी

- छिबरामऊ। भाउलपुर में सुबह 8:26 बजे दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों ने यूपी 112 पुलिस को 8:40 पर सूचना दी। कसाबा चौकी पुलिस पहुंची 8:52 बजे पहुंची। इसके बाद छिबरामऊ कोतवाली पुलिस, एसडीएम छिबरामऊ 09:06 बजे दमकल और पुलिस क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ पहुंचे। एम्बुलेंस 09:17 मिनट पर पहुंची। एसपी, डीएम के बाद एआरटीओ इज्या तिवारी करीब 11:24 पर घटना स्थल पर पहुंचीं।

### दुर्घटना से लाखों रुपये का नुकसान

- छिबरामऊ। घटना से दुकानों पर रखे सामान का नुकसान लगभग 1 लाख 50 हजार बताया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि रोड के किनारे गहरायी होने की वजह से ट्रक का पहिया फिसला और ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यहि गड्ढा ना होता तो हादसा बच सकता था। मौके पर तीन मोटरसाइकिल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिन्हे कसाबा चौकी पहुंचाया गया है।

### दुर्घटना के बाद पुलिस का चेकिंग अभियान

कन्नौज। भाउलपुर में ट्रक दुर्घटना के बाद यातायात पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया है। इस दौरान ओवरलोड वाहनों की चेकिंग की गई। ओवरलोड मिले वाहनों के चालान किये गये। एसपी के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये विशेष अभियान चलाया गया। जनपद कन्नौज पुलिस ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान ओवरलोडिंग करने वाली वाहनों की गहन जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान संबंधित वाहन चालकों को यातायात नियमों एवं निर्धारित मानकों का पालन करने हेतु सख्त हिदायत दी गई। स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शादी का झांसा देकर विवाहिता से दुष्कर्म

**गुरसहायगंज।** शादी का झांसा देकर विवाहिता के साथ उसके रिश्तेदार युवक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। महिला ने जब शादी करने की बात कही तो उसने इंकार कर दिया। इसके बाद युवक के खिलाफ महिला ने कोतवाली में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा समधन के एक मोहल्ला निवासी एक महिला ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमें में कहा है कि रिश्ते में फुफेरा देवर रूबैदुल निवासी ग्राम बथर थाना जहानगंज जनपद फर्रुखाबाद का घर पर आना-जाना था। वह करीब दो वर्ष से उससे प्रेम कर रहा था। इस दौरान रूबैदुल ने शादी का आश्वासन दिया। इसके बाद वह दुष्कर्म करता रहा। महिला का आरोप है कि उसने जब शादी के लिए दवाब बनाया तो 8 अप्रैल को उसने शादी से इनकार कर दिया। मामले में पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया और फुफेरे देवर के खिलाफ कोतवाली में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। समधन चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर महिला को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया गया।

### युवक को मारपीट कर किया घायल, गंभीर

**सौरिख।** दरवाजे पर बैठे युवक को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के गांव ऐराहोनिवासी विकास पुत्र सन्तोष कुमार शाक्य आठ अप्रैल की शाम अपने दरवाजे बैठा था। तभी गांव के संजय, आवेश, अवनीश पुत्रगण रामआसरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो सभी ने मिलकर लात घूसों व डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सीढ़ियों से गिरकर किसान की मौत

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर के मोहल्ला खेड़ा इंदिरा नगर में रविवार सुबह घर की छत से नीचे उतरते समय पैर फिसलने से 40 वर्षीय किसान की मौत हो गई। बताया जाता है कि राजीव (40) पुत्र राजबहादुर राठौर सुबह किसी कार्यवश अपने घर की छत पर गए थे। सीढ़ियों से नीचे उतरते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे फर्श पर जा गिरे। गिरने के कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं। वहीं परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए 100 सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे, उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### वाहन की टक्कर से महिला हुई घायल

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला टीका (थाना विशुनगढ़) के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने माधुरी देवी (45) पत्नी सिपाही लाल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा के पायलट जैनेन्द्र सिंह और ईएमटी ग्रीश चंद्र तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल महिला को एंबुलेंस में शिफ्ट कर प्राथमिक उपचार शुरू किया। अस्पताल ले जाते समय महिला की बिगड़ती हालत को देख, कर्मियों ने कंट्रोल रूम के डॉक्टर प्रेमचंद की सलाह पर एंबुलेंस में ही जीवन रक्षक दवाएं और आवश्यक उपचार दिया।

### घूरा डालने के विवाद में युवक पर किया हमला

**सौरिख।** घूरा डालने को लेकर हुआ मामूली विवाद हिंसक झगड़े में बदल गया। आरोप है कि गांव के चार लोगों ने एक युवक पर लाठी-डंडों, टकोरा व लोहे की रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता रजनी पत्नी ललित पाल निवासी नगला हंसे ने बताया उनके पति ललित पाल 21 मार्च 2026 की सुबह करीब 8 बजे घूरा डालने के लिए निर्धारित स्थान पर गए थे। तभी गांव के ही वीरेंद्र कुमार, बृजेंद्र कुमार पुत्र नवाब सिंह, अनुज कुमार पुत्र प्रमोद कुमार और सुनील कुमार पुत्र प्रकाश चंद्र वहां पहुंचे और घूरा डालने से मना करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों, टकोरा व लोहे की रॉड से हमला कर दिया।



पलटे पड़े सीएनजी के ट्रक को देखते पुलिस और फायर कर्मी अमृत विचार

# खम्भे से टकराने के बाद खाई में पलटा सिलेंडर से लदा ट्रक

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट मलिकपुर मार्ग पर सीएनजी गैस लेने जा रहा सिलेंडर से लदा ट्रक बिजली के खंभे से टकराने के बाद खाई में जाकर पलट गया। दुर्घटना से उसका चालक केबिन में फंस गया जिसे ग्रामीणों ने निकाला और उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी पहुंचाया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने मदद की।

थाना सौरिख के कन्हैयालाल पेट्रोल पंप से एक ट्रक सीएनजी के खाली सिलेंडर लेकर क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर के निकट स्थित गैस प्लांट पर रविवार की दोपहर गैस लेने आ रहा था। ट्रक गगन दुबे निवासी बिधूना जनपद औरैया चला रहा था। प्लांट से करीब आधा किलोमीटर पहले तेराजाकेट मलिकपुर मार्ग पर ट्रक किसी प्रकार असंतुलित हो गया और सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराने के बाद वह खाई में जा गिरा और पलट गया। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने जब यह घटना देखी तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

केबिन में दबे चालक गगन दुबे निवासी बिधूना को घायल अवस्था में बाहर निकाला और उसे उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। सूचना पाकर समधन चौकी प्रभारी दीपक कुमार और फायर ब्रिगेड के छिबरामऊ स्टेशन से रामनिवास, ओमवीर सिंह, रजनीश मिश्रा और अमरजीत भारती आग बुझाने के उपकरण लेकर मौके पर पहुंच गए।

# वित्तीय अनियमितताओं की दोषी प्रधान रिचा के अधिकार पर रोक

सख्ती

- डीएम ने अंतिम जांच के लिए डीडीओ व आरईडी एक्सईएन की कमेटी बनाई
- सकरीखुर्द प्रधान ने रिमाइंडर के बाद भी नोटिस का नहीं दिया जवाब, सचिव हो चुका निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सकरीखुर्द की प्रधान रिचा कटियार के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर डीएम ने रोक लगा दी है। साथ ही अंतिम जांच के लिए डीडीओ व आरईडी एक्सईएन की कमेटी बन गई है। तब तक कार्य का संचालन तीन सदस्यीय कमेटी करेगी। गड़बड़ी के इस मामले में ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप यादव पहले ही निलंबित हो चुका है।

डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने 07 जनवरी को शिकायती पत्र मिलने के बाद आरईडी एक्सईएन आलोक श्रीवास्तव व जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र से मामले की जांच कराई थी। 13 जनवरी को अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई। इसमें कहा गया कि रामस्वरूप ट्रेडर्स एवं सप्लायर्स के नाम से चल रही फर्म को सरकारी भुगतान किया गया है जो प्रधान रिचा कटियार के ससुर के नाम पर है। एकाउंट होल्डर रिचा के पति निर्मल कटियार हैं। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के राजस्व गांव अब्दुलपुर सकरी में करीब 60 बीघा सार्वजनिक भूमि पर प्रधान के मौखिक निर्देश पर ग्रामीण गेहूं की खेती करते हैं। फसल पक जाने पर गेहूं किसान घर ले जाते हैं और भूसा गोशाला में पहुंच जाता है। यह बयान ग्रामीणों ने लिखित दिया।

हालांकि इससे संबंधित गोशाला में रजिस्टर नहीं मिला। प्रधान के पति ने इस तरह के रजिस्टर के रखरखाव की बात से मना किया। गड़बड़ी मिलने के बाद डीएम ने पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) के तहत तीन फरवरी को कारण बताओ नोटिस प्रधान को जारी कर जवाब मांगा। स्पष्टीकरण न मिलने पर 20 फरवरी को रिमाइंडर भी भेजा गया, फिर भी एक अप्रैल तक प्रधान ने कोई भी जवाब नहीं दिया। इसी के तहत प्रथम दृष्टया रिचा कटियार के खिलाफ अग्रिम आदेशों तक प्रधान पद के वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों के प्रयोग पर रोक लगाई जाती है।

जिलाधिकारी ने अंतिम जांच के लिए जिला विकास अधिकारी एनडी द्विवेदी व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशाषी अभियंता आलोक श्रीवास्वत को नामित कर एक महीने में आख्या मांगी है।

### एक्ट में यह हैं जिला मजिस्ट्रेट के अधिकार

- "प्रारंभिक जांच के आधार या जिला मजिस्ट्रेट की राय के मुताबिक धारा 95 की उप धारा (1) (छ) के प्रतिबंधात्मक खंड के अधीन किसी प्रधान या उप प्रधान के विरुद्ध प्रारंभिक जांच में प्रधान प्रथम दृष्टया वित्तीय और अन्य अनियमितताओं का दोषी पाया जाए, वहां प्रधान वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग नहीं करेगा। जब तक कि वह अंतिम जांच में आरोपों से मुक्त न हो जाए, ऐसी शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का संपादन राज्य सरकार या जिला मजिस्ट्रेट की ओर से इस निमित्त नियुक्त ग्राम पंचायत के तीन सदस्यों की एक समिति करेगी।"

**03** सदस्यीय कमेटी गठित कर ग्राम पंचायत का संचालन करने के आदेश

# बाइक फिसलने से एक की मौत, दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सरायमीरा के अंधा मोड पर हुई दुर्घटना, मचा कोहराम

**अमृत विचार।** जीटी रोड सरायमीरा में तेज रफ्तार बाइक फिसने से एक युवक की मौत हो गई जब दो अन्य साथी घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे लोगों ने तीनों को जिला अस्पताल भेजा जहां से कानपुर रेफर किया गया, एक की रास्ते में मृत्यु हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।



रितिक।

सदर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड ठेकेदार गली तिराहा, सरायमीरा निवासी जय नारायण गुप्ता कल्लू का 28 वर्षीय पुत्र रितिक गुप्ता ठेकेदार गली में स्थिति लक्ष्मी नारायण मार्केट में इलेक्ट्रिक की दुकान किए था। शनिवार की देर रात वह बाइक पर अपने साथी सरायमीरा के ही निवासी छोटू शर्मा और पीयूष कटियार के साथ अपने व्यापार के सिलसिले में तीनों लोग एक साथ जा रहे थे। जैसे ही वह सरायमीरा अंधा मोड पर पहुंचे उसी समय तेज रफ्तार बाइक फिसल गई। इससे तीनों गंभीर रुप से घायल हो गये। दुर्घटना देख स्थानीय लोगों ने तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

जहां इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर ने रितिक गुप्ता, छोटू शर्मा और पीयूष कटियार को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया। रास्ते में रितिक गुप्ता की मौत हो गई। छोटू शर्मा और पीयूष कटियार का कानपुर में उपचार चल रहा है। रितिक की मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का रविवार को महादेवी गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पुत्र के मुंडन की चल रही थी तैयारी

- कन्नौज। रितिक गुप्ता के जुड़वा पुत्र हैं। इन दोनों पुत्रों का 29 अप्रैल को मुंडन कार्यक्रम होना था। कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने के लिये घर के सभी सदस्य तैयारियों में जुटे थे। दोनों पुत्रों के सिर से पिता का साया हट जाने से मुंडन की तैयारियां धरी की धरी रह गईं।

# घर से नाराज होकर काली नदी में कूदा किशोर, तलाश जारी

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** किसी बात से नाराज किशोर ने काली नदीं में छंलाग लगा दी। इससे वह गहरे पानी में डूब कर गायब हो गया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय गोताखोर नदी के गहरे पानी में उसकी खोज कर रहे हैं।

कोतवाली क्षेत्र के सरायदायमगंज का 11वीं का छात्र शिव राजपूत (15) पुत्र कमलेश राजपूत घर से नाराज होकर काली नदी में कूद गया। घटना शनिवार शाम 04 बजे की है, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिव राजपूत किसी बात पर परिजनों से नाराज होकर घर से निकला था। ताजपुर रोड पर काली नदी पुल पर किशोर की चप्पलें और खून के धब्बे मिले हैं। वहीं जानवर चरा रहे एक युवक ने शिव राजपूत को नदी में कूदते और डूबते हुए देखा। वीडियो में किशोर बचाने की गुहार लगाता दिख रहा है, लेकिन बहाव तेज होने के कारण कोई उसे बचा नहीं सका। वहीं मौके पर पहुंचे कोतवाल कपिल दुबे ने बताया कि स्थानीय लोग व पुलिस और गोताखोर लगातार तलाश में जुटे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली है। चौकी इंचार्ज सत्य प्रकाश त्रिपाठी के अनुसार, नदी का बहाव तेज होने के कारण एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। शिव राजपूत अपने भाई-बहनों में सबसे छोटा था उसकी नाराजगी के कारणों की जांच की जा रही है।



किशोर की तलाश करते गोताखोर। अमृत विचार

हंगामा

बस पर पत्नी के साथ जा रहे पति पर पहली पत्नी और उसके परिजनों ने हमला बोला

# महिलाओं का हाई वोल्टेज ड्रामा, तोड़ा बस का शीशा

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** कस्बा के स्थानीय तिराहा पर रविवार की देर शाम पत्नी के साथ जा रहे पति पर पहली पत्नी और उसके परिजनों ने बस पर हमला बोल दिया। कंडक्टर के गेट न खोलने पर महिला ने उसका शीशा तोड़ दिया और जमकर हंगामा काटा। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। इससे जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोडवेज बस और महिलाओं को कोतवाली ले गई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा निवासी एक व्यक्ति उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है। उसकी वर्तमान में जालौन में तैनाती है। उसने पहली शादी कस्बा समधन के दारासराय निवासी महिला से की थी। इसका विवाद न्यायालय में चल रहा है। रविवार की शाम दूसरी पत्नी के साथ रोडवेज बस में बैठकर वह छिबरामऊ जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर पहली पत्नी अपने कई लोगों के साथ तिराहा पर पहुंची और रोडवेज बस को रुकवाने का प्रयास किया।

चालक ने जब बस नहीं रोकी तो उस पर उसने पथराव कर दिया जिससे बस की खिड़की का शीशा टूट गया। इसके बाद वह लोग बस के अंदर घुस गए। बस बैठे सिपाही और उसकी दूसरी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। रोडवेज बस पर पथराव और हंगामा होते देख मौके पर लोगों की भीड़ लग जाने से जाम लग गया।

सूचना पर चीता मोबाइल के सिपाही दीपांशु गंगवार और प्रशांत बलियांन यूपी 112 पुलिस के नरेश रावत मौके पर पहुंचे और झगड़ा कर रहे लोगों को शांत करा कर जाम को खुलवाया और बस और झगड़ा कर रहे लोगों को कोतवाली ले गए। रोडवेज बस चालक वीरेंद्र निवासी इंदरगढ़ और परिचालक पंकज कुमार निवासी विशुनगढ़ ने बताया कि महिला ने पत्थर मारकर शीशा तोड़ दिया है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। रोडवेज बस में पथराव हो जाने से बैठे यात्रियों में दहशत फैल गई और वह चीखने चिल्लाने लगे थे।



रोडवेज बस का टूटा शीशा और लगी भीड़। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### थ्रेसर में फंसे दोनों हाथ, युवक गंभीर

**अमृतपुर।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के बलीपट्टी रानी गांव में रविवार को एक हादसे से अफरा-तफरी मच गई। गेहूं की मड़ाई के दौरान एक युवक के दोनों हाथ थ्रेसर मशीन में फंस गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, गिरन्ध पुत्र सियाराम कुशवाह खेत में गेहूं खांदने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से उसके दोनों हाथ चलती थ्रेसर मशीन में चले गए। घटना इतनी भयावह थी कि मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मशीन बंद कराई और कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया, जिसके जरिए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के दौरान मौके पर मौजूद रंजीत पुत्र रामभजन की सूझबूझ से युवक की जान बची। ट्रैक्टर और थ्रेशर गिरन्ध के रिश्तेदारों का बताया गया है। वहीं थाना पुलिस के द्वारा थ्रेसर को कब्जे में लिया गया है।

### अंबेडकर जयंती को लेकर साफ सफाई

**तिर्वा।** मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के लिए सामाजिक व प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू हो गई हैं। सीओ कुलवीर सिंह ने बताया कि तिर्वा सर्किल में इंदरगढ़ में 27, तिर्वा में 16 तथा ठठिया में 12 बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। सभी प्रतिमा स्थलों पर साफ सफाई तथा सुरक्षात्मक उपाय करने का निर्देश दिया गया है। सभी स्थलों पर सीसी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस को रात में भी प्रतिमा स्थलों पर भ्रमण व निगरानी का निर्देश दिया है।

### खनन व ओवरलोडिंग में तीन ट्रक सीज

**फर्रुखाबाद।** शासन के सख्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में एआरटीओ सुभाष राजपूत एवं प्रभारी यातायात की संयुक्त टीम द्वारा व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। यह अभियान जनपद के प्रमुख मार्गों, खनन प्रभावित क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों पर चलाया गया, जहां बड़ी संख्या में वाहनों की गहनता से जांच की गई। चेकिंग के दौरान कई वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। विशेष रूप से ओवरलोडिंग कर रहे 3 ट्रकों को मौके पर ही सीज कर दिया गया, जबकि 8 अन्य बड़े वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोडिंग के कारण सड़कों की गुणवत्ता प्रभावित होती है और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है, जिससे आम जनता की जान-माल को खतरा उत्पन्न होता है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### लव जिहाद के खिलाफ निकाली बाइक रैली

**कायमगंज।** कायमगंज नगर में रविवार को हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति ने लव जिहाद के विरुद्ध एक बाइक रैली निकाली। यह रैली सामाजिक जन जागरण और जन-आंदोलन के तहत आयोजित की गई थी। नगर संयोजक सुधांशु पांडेय के नेतृत्व में समिति के कार्यकर्ताओं और हिंदू समाज के लोगों ने इसमें भाग लिया। बाइक रैली गमा देवी मंदिर से शुरू होकर पुरानी गल्ला मंडी चौराहा, जटवारा रोड, ट्रांसपोर्ट चौराहा, पटवन गली, पुल ग़ालिब, मेन बाजार, बड़ा चौराहा और गंगा दरवाजा से होते हुए शिवाला भवन में समाप्त हुई। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक निशांत गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यह बाइक रैली हिंदू समाज के बीच लव जिहाद की सच्चाई उजागर करने के लिए निकाली गई है। उन्होंने बताया कि हिंदू बहन-बेटियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह जन जागरण कार्यक्रम जिले के सभी नगरों और खंडों में चलाया जा रहा है। गुप्ता ने लव जिहाद को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को जल्द से जल्द एकजुट होना चाहिए। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# दो पक्षों के बीच संघर्ष में एक युवक की मौत, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

## बाईपास स्थित मेहंदिया वाली मजार के पास रविवार को खूनी संघर्ष हुआ

संवाददाता कायमगंज



पुलिस के समक्ष रोष व्यक्त करतीं महिलाएं। अमृत विचार



बांकेलाल।

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के बाईपास स्थित मेहंदिया वाली मजार के पास रविवार को दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। घटना के बाद तनाव की स्थिति है। घटना में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिलाओं ने जमकर हंगामा भी काटा। परिजनों ने मंडी चौकी प्रभारी पर लापरवाही और अभद्रता का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार, उलियापुर निवासी बांकेलाल और राजकुमार का दूसरे पक्ष के पुष्पेंद्र व करण से विवाद हो गया था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि बाईपास स्थित मेहंदिया वली मजार के पास दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और सरिये चले। इस हिंसक झड़प में बांकेलाल और राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से पुष्पेंद्र और करण को भी चोटें आईं। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले गयी। गंभीर रूप से घायल बांकेलाल को चिकित्सकों ने लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन लोहिया पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

घटना में घायल राजकुमार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बताया कि 9 अप्रैल को उनका भैंसा चोरी हो गया था। जब वे इस संबंध में शिकायत लेकर मंडी चौकी प्रभारी बलबीर सिंह के पास गए, तो आरोप है कि चौकी प्रभारी ने उन्हें गालियां देकर भगा दिया और सबूत लाने को कहा। राजकुमार के अनुसार, वे रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए जौरा रोड स्थित एक तंबाकू गोदाम पर पहुंचे थे। वहां पहले से मौजूद पुष्पेंद्र, करण और लगभग 15 अन्य लोगों ने उन पर हमला कर दिया। राजकुमार अपनी जान बचाकर भाग निकला, लेकिन हमलावरों ने बांकेलाल को गोदाम के अंदर खींच लिया और उसे बुरी तरह पीटा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। बांकेलाल की मौत की खबर सीएचसी पहुंचते ही वहां मौजूद महिलाओं और परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मृतक की पत्नी और अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की और शिकायत करने पर गलत व्यवहार किया गया।

# निरीक्षण में ओम पॉलीक्लीनिक में मिलीं गंभीर अनियमितताएं

संवाददाता अमृतपुर



ओम पॉलीक्लिनिक पर दस्तावेज चेक करते अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी।

**अमृत विचार।** जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रंजन गौतम एक्शन मोड में नजर आए। रविवार को उन्होंने एक ओर अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया, वहीं दूसरी ओर कस्बा राजपुर स्थित ओम पॉलीक्लिनिक पर छापेमारी कर कई गंभीर अनियमितताओं का खुलासा किया।

अमृतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पानी की गंभीर समस्या भी सामने आई। डॉक्टर गौरव वर्मा ने बताया कि केंद्र का सबमर्सिबल पंप खराब है और आरओ सिस्टम भी काम नहीं कर रहा, जिससे मरीजों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। इस पर समस्या को जल्द ठीक कराने का आश्वासन दिया। मौके पर पत्रकारों ने उन्हें अवगत कराया कि यहां सीएचसी स्तर से अधिक मरीजों की भीड़ रहती है, ऐसे में सीबीसी मशीन की व्यवस्था की जाए। इस पर उन्होंने सकारात्मक रुख दिखाते हुए प्रस्ताव पर विचार करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान पवन कुमार (लैब टेक्निशियन), मीना (एएनएम) व अरविंद (फार्मासिस्ट) सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। वहीं इसके बाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रंजन गौतम ने कस्बा राजपुर स्थित ओम पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण किया, जहां कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। उन्होंने बताया कि क्लीनिक का पंजीकरण आयुर्वेदिक/यूनानी विभाग में है, लेकिन वहां एलोपैथिक दवाएं लिखी जा रही हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने क्लीनिक संचालक को ए निर्देश दिए कि वे एलोपैथिक पंजीकरण कराएं और योग्य एमबीबीएस डॉक्टर की व्यवस्था करें।

# घर में लगी आग से नकदी समेत लाखों का सामान जलकर राख

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज नगर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात वार्ड नंबर 13 स्थित नेहरू नगर इलाके में अज्ञात कारणों से एक मकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में घर में रखा लाखों रुपये का सामान और करीब 30 हजार रुपये नकद जलकर पूरी तरह राख हो गया।

जानकारी के अनुसार, यह घटना रात करीब 2 बजे की है। घर के मालिक रामनरेश का परिवार उस समय घर के बाहर सो रहा था, जबकि उनका पुत्र कमल कमरे के अंदर मौजूद था। अचानक कमरे में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें और धुआं देख परिजन तुरंत बाहर निकल आए और आसपास के लोगों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक कमरे में रखा सारा सामान जल चुका था। आग में रजाई, गद्दे, कपड़े, कुर्सी, टेबल समेत घरेलू उपयोग की लगभग सभी वस्तुएं नष्ट हो गईं। साथ ही घर में रखी 30 हजार रुपये की नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई।

सुबह होते ही पीड़ित रामनरेश ने घटना की जानकारी क्षेत्रीय सभासद बृजमोहन को दी। सूचना मिलते ही सभासद मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों को घटना से अवगत कराया और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# शिक्षा और आर्थिक समानता के बिना मानवाधिकारों की स्थापना संभव नहीं

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा शनिवार को मानवाधिकारः समकालीन विश्व में चुनौतियां एवं कानून व प्रौद्योगिकी का विकसित परिदृश्य विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. अजय भूपेन्द्र जायसवाल ने कहा कि मानवाधिकार मानव समाज को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि अपर जिला जज संजय कुमार ने कहा कि जब तक समाज में शिक्षा और आर्थिक समानता सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक मानवाधिकारों की वास्तविक स्थापना संभव नहीं है। डॉ. राममनोहर लोहिया विश्वविद्यालय से आईं डॉ.



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण। अमृत विचार

- **मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय सेमिनार**

शकुंतला संगम ने मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती प्रियंका गांधी, बीएसएसडी कॉलेज, कानपुर से आए राजेश कुमार विश्वकर्मा, कुलपति डॉ. अनिल कुमार, कुलसचिव रणजीत यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, पूर्व उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार राणा तथा रमेश चन्द्र ने विचार रखे।

# ससुराल में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ज्योता में एक युवक का शव आम के पेड़ पर सुतली की रस्सी के सहारे लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के मोहल्ला विकास नगर (मैनपुरी रोड) निवासी राम अवतार के 35 वर्षीय पुत्र संजय कुमार का शव ज्योता निवासी जोगेंद्र सिंह के खेत में खड़े आम के पेड़ पर लटका मिला। सुबह शौच के लिए जा रहे ग्रामीणों ने शव देखा और इसकी सूचना मृतक के ससुराल पक्ष को दी। इसके बाद ससुर नरेश चंद्र द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। डायल 112 पुलिस ने घटना की प्रारंभिक सूचना दर्ज की।

मृतक के पिता राम अवतार ने आरोप लगाया है कि उनके पुत्र की हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया गया है। उन्होंने बताया कि संजय तीन दिन पहले दिल्ली से घर लौटा था और 11 अप्रैल 2026 को ससुराल आया था, जहां सुबह उसकी मौत की सूचना मिली। वहीं संजय की पत्नी मोनी ने बताया कि पिछले कुछ समय से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। उसके अनुसार, संजय उसे पेट्रोल डालकर जलाने की धमकी दे रहा था और स्वयं आत्महत्या करने की बात भी कर रहा था। विवाद बढ़ने पर डायल 112 को सूचना भी दी गई थी। पत्नी ने यह भी बताया कि दिल्ली में किसी महिला से संजय का कथित प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसे लेकर आए दिन विवाद होता था।

# बैक डेट में सीडीओ ने कर दी थी नियुक्ति की फाइल की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लेनदेन के आरोप में जिले से रुख्सत हो चुके मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी का तत्कालीन जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) इरा आर्या के चर्चित कारनामों में भी खूब सहयोग रहा। डीपीओ का रामपुर तबादला आदेश आने के बाद भी गुपचुप तरीके से कर्मचारियों की नियुक्ति की फाइल तक सीडीओ ने बैक डेट में कर दी थी।

### चहेतों को दिलाते थे अतिरिक्त प्रभार

- कई विभागों के कार्यालयों में जब अधिकारियों की शासन से तैनाती नहीं होती थी तो दूसरे विभागों के अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है। सीडीओ के बारे में कहा जाता है कि चहेतों को ही चार्ज दिलाने की पैरवी वह करते थे। पुराने रिकार्ड के मुताबिक जिला कृषि रक्षा अधिकारी रहे अविशांक चौहान से चार्ज छीनकर तत्कालीन डीडी कृषि प्रमोद सिरोही को अतिरिक्त जिम्मेदारी दिला दी थी, जबकि विकास भवन में कृषि, उद्यान, भूमि संरक्षण अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या के भ्रष्टाचार व अपनों को नौकरी देने के मामले छिपाने के लिए एक अन्य अधिकारी को चार्ज न दिलाने की पैरवी भी की। पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह का जिले के बाहर स्थानांतरण कराने में भी पीछे से सहयोग रहा ऐसी चर्चा है। हालांकि बाद में पीडी का तबादला रुक गया था

मामला जब सुखियों में आया और शिकायतों का दौर शुरू हुआ तो तैयार नियुक्ति पत्र जमा हो गए थे। यह फाइल अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तक नहीं पहुंची थी। कहा जा रहा है कि विभाग में कई योजनाओं के तहत तत्कालीन जिला प्रोबेशन अधिकारी ने तमाम भर्तियों कीं। इन भर्तियों में तत्कालीन डीपीओ की मनमर्जी चली। विकास भवन के सूत्र बताते हैं कि इन अनियमितताओं को बढ़ाने में तत्कालीन सीडीओ का भी खूब रोल रहा। पूर्व सीडीओ आरएन सिंह जब रिटायर हुए थे तो वर्तमान डीडीओ एनडी द्विवेदी को करीब एक महीने सीडीओ का चार्ज दिया गया। उन्होंने इस दौरान मिशन वात्सल्य के तहत चाइल्ड हेल्पलाइन की भर्ती कर डाली। इतना ही नहीं डीपीओ ने दो-तीन सगे संबंधियों तक को आउटसोर्सिंग के तहत तैनात कर दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या चयन कमेटी में शामिल रहीं और सगे-संबंधियों को साक्षात्कार के नंबर भी दिए।

### परशुराम जयंती पर रोमा पार्क में होगा भव्य कार्यक्रम

**कन्नौज।** 20 अप्रैल को आयोजित होने वाली भगवान परशुराम जयंती की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

शहर के जीटी रोड स्थिति रोमा पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये रविवार को शहर के मोहल्ला चौधरी सराय में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। हमने घर-घर जाकर निमंत्रण पत्रक वितरित किए और समाज के प्रत्येक परिवार को इस गौरवशाली आयोजन में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया। इस अभियान में मुख्य रूप से कुलदीप तिवारी सार्थक मिश्रा, रजत दुबे, आदित्य दुबे, अमित दुबे, आकाश शुक्ला के साथ अन्य साथी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। अमित दुबे व राहुल मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 20 अप्रैल को सुबह 09 बजे से शुरू होगें।

# निष्क्रिय पदाधिकारियों की छुट्टी नौशाद अहमद बने जिला सचिव

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। आगामी चुनावों से पहले समाजवादी पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में जिले में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नए चेहरों को जिम्मेदारी दी जा रही है। नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 23 विस्मिल नगर के सभासद नौशाद अहमद को जिला सचिव नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति आवास विकास स्थित सपा के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव द्वारा की गई। हाल ही में हुई मासिक बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया था कि लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों को पदमुक्त कर दिया जाएगा। इसी नीति के तहत संगठन में फेरबदल किया गया है। जिला प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता ने बताया कि जो पदाधिकारी संगठन के कार्यों में सक्रिय नहीं हैं या पार्टी के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं, उन्हें प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार बाहर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाना होगा। नव नियुक्त जिला सचिव नौशाद अहमद का पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

- **सपा ने संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है**

**जांच की मांग** | प्रशासन क्षति के आंकलन में जुटा, ठठिया क्षेत्र के धन्नापुरवा गांव की घटना

# 100 बीघा गेहूं के खेत में लगी आग, लाखों का नुकसान

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** ठठिया थाना क्षेत्र के धन्नापुरवा गांव में रविवार को अज्ञात कारणों से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। भीषण आग में करीब 100 बीघा गेहूं की तैयार खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के किसानों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक फसल जल गई। आगजनी में कई किसानों की मेहनत की पूरी फसल बर्बाद हो गई। अग्नि कांड में प्रभावित किसानों में पटकापुर गांव निवासी ज्ञान प्रकाश (5 बीघा), गोरेलाल (2 बीघा), गौतम (3 बीघा), सतीश (5 बीघा), प्रदीप (3 बीघा), परशुराम (1 बीघा), ब्रह्माजीत (5 बीघा) तथा बरेवा गांव निवासी राम (4 बीघा), शिव (3 बीघा) समेत अन्य किसान शामिल हैं। घटना के बाद पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि यह फसल ही उनकी साल भर की आजीविका का सहारा थी, जो अब पूरी तरह नष्ट हो गई है। ग्रामीणों ने आग लगने के कारणों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित किसानों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।



गेहूं के खेत में लगी आग की जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

- **लपटें इतनी तेज थीं कि किसानों में अफरा-तफरी मच गई**
- **ग्रामीणों ने आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है**

### बाबा साहब की जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**छिबरामऊ।** सौरिख रोड स्थित एक ऑर्थो केयर हॉस्पिटल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संजीव कुमार उर्फ टिंकल ने बताया कि पिछले पांच वर्षों की तरह इस बार भी बाबा साहब की जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में भगवान बुद्ध, बाबा साहब अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्रीबाई फुले, सम्राट अशोक और शहीद भगत सिंह की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक डॉ. अशोक तावरे एवं डॉ. एस. चन्द्रा महासचिव तीर्थराज बौद्ध कोषाध्यक्ष कमल कांत उपाध्यक्ष प्रभात गौतम एवं वीरू खरे रहे।

# लव जिहाद देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतराः अनुराग अग्निहोत्री

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति द्वारा रविवार को छिबरामऊ नगर में 'लव जिहाद' के विरुद्ध विशाल हिंदू जन आक्रोश बाइक रैली निकाली गई।

नगर कोठी से शुरू होकर पूर्वी बाईपास पर समाप्त हुई इस रैली का मुख्य उद्देश्य सामाजिक जन-जागरण और इस समस्या के खिलाफ जन-आंदोलन खड़ा करना रहा। रैली के समापन पर जिला संयोजक अनुराग अग्निहोत्री ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि लव जिहाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदू बहन-बेटियों को जागरूक करने के लिए जिले के हर खंड और नगर में यह अभियान चलाया जा रहा है।

अग्निहोत्री ने कहा कि हिंदू अस्मिता की रक्षा के लिए पूरे समाज को इस षड्यंत्र के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। गंगेश्वर नाथ मंदिर के महंत प्रेमगिरी महाराज ने युवाओं से आह्वान किया कि वे गांव-गली जाकर बेटियों को इस खतरे के प्रति सचेत करें। जिला कार्यकारिणी सदस्य सागर गुप्ता और आशीष चौहान ने रैली को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बताया। इस अवसर पर अनूप चौहान, विजय गुप्ता, सक्षम यादव और कुबेर दुबे सहित बड़ी संख्या में समिति के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

## बस की टक्कर से दो छात्र गंभीर घायल

**बकेवर।** परीक्षा देने ऊसराहार जा रहे दो बाइक सवार छात्रों को रविवार सुबह भरथना रोड पर हर्राजपुर के पास तेज रफ्तार बस ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। जिसमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। नौधना निवासी निकेतन सिंह अपने मित्र अमर सिंह निवासी रजपुरा को बाइक पर बैठाकर एमएस महाविद्यालय में बीए फाइनल ईयर की परीक्षा देने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हर्राजपुर गांव के पास पहुंची, पीछे से आ रही बस ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को 50 शैया अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद अमर सिंह की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि निकेतन सिंह को मामूली चोटों के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद बस चालक वाहन समेत मौके से भाग गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बाइक चोर गिरोह पर गैगेस्टर की कार्रवाई

**इटावा।** सिविल लाइंस पुलिस ने डीएम के आदेश पर शातिर चोरों पर गैंगलीडर समेत चार पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। सभी चोर काफी लंबे समय में कई जगहों से बाइक चोरी कर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गाड़ी को सस्ते दामों में बेच देते थे। इससे मिलने वाली धनराशि का आपस में बंदरबांट कर लेते थे। सिविल लाइंस थाना प्रभारी केके मिश्रा ने बताया कि गैंगलीडर सैफई क्षेत्र के नगला चौधरी निवासी सुमित उर्फ लुक्का, गैंग सदस्य मैनपुरी के परोख निवासी शीलू, थाना वैदपुरा के बाबा निवासी सुखवीर उर्फ नेता व आगरा के थाना बाह उजियापुरा निवासी बृजेश पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि इन लोगों के खिलाफ मध्य प्रदेश के अलावा फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा समेत कई जिलों में बाइक चोरी के मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस शातिर चोरों को पहले ही पकड़कर जेल भेज चुकी है। अब उन पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।


## कीमती सामान से भरा बैग लौटाया

**इटावा।** आरपीएफ ने ऑपरेशन अमानत के तहत बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस में एक यात्री का रुपयों और कीमती सामान से भरा बैग सुरक्षित बरामद कर उसे उसके असली मालिक को सौंप दिया। अपना खोया सामान वापस पाकर यात्री के चेहरे पर खुशी लौट आई और उसने रेल पुलिस का आभार व्यक्त किया। शनिवार रात आरपीएफ को सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 20941 बांद्रा टर्मिनस - गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस में एक यात्री अपना सफेद रंग का बैग भूल गया है। सूचना मिलते ही इटावा पोस्ट पर तैनात कांस्टेबल खेमराज मीणा अलर्ट हो गए। रात 8 :15 बजे जैसे ही ट्रेन स्टेशन पहुंची, कांस्टेबल मीणा ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन में खोजबीन के बाद बैग को ट्रेन से उतारा और सुरक्षित पोस्ट पर जमा कराया। रविवार को यात्री उमाशंकर निवासी लालगंज जिला मिर्जापुर बैग लेने इटावा पोस्ट पहुंचे। एएसआई सचिन तिवारी ने यात्री की पहचान और आईडी प्रूफ की गहनता से जांच की। संतुष्टि होने के बाद यात्री का बैग उन्हें सही-सलामत सुपुर्द कर दिया गया। यात्री उमाशंकर ने बताया कि सामान छूटने के बाद वह काफी परेशान थे, लेकिन आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई ने उनकी चिंता दूर कर दी। उन्होंने आरपीएफ टीम की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की।

# ट्रैक पर घायल युवती को देखकर पायलट ने लगाए इमरजेंसी ब्रेक

संवाददाता, इटावा

- लोको पायलट ने बचाई जान, 14 मिनट तक खड़ी रही राजधानी
- तेजस एक्सप्रेस को भी रोका गया घायल युवती अस्पताल में भर्ती



फर्रुखाबाद ओवरब्रिज के पास रेलवे ट्रैक पर घायल पड़ी युवती। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तीन दिन से लापता एक युवती शनिवार रात फर्रुखाबाद ओवरब्रिज के पास ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल होने के बाद वह रेलवे ट्रैक पर ही गिर पड़ी। इसी दौरान पीछे से आ रही राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट की सतर्कता और सूझबूझ से उसकी जान बच गई।

लोको पायलट ने दूर से ही ट्रैक पर युवती को पड़ा देख इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए, जिससे ट्रेन युवती के बिल्कुल करीब आकर रुक गई। युवती कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके भाई ने बताया कि वह 9 अप्रैल की शाम घर से दुकान पर सामान लेने के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उसकी तलाश कर रहे थे। कोतवाली पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर भी दी गई थी। आरपीएफ इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि युवती हावड़ा राजधानी की चपेट में आने से घायल होकर ट्रैक पर गिर गई थी। इसके चलते पीछे से आ रही तेजस राजधानी को रोका गया।

# बन्नी के साथ नृत्य कर मनाईं खुशियां

संवाददाता, इटावा

- जायन्ट्स ग्रुप ऑफ शाइनिंग स्टार की महिलाओं की अनूठी पहल
- गरीब कन्या की शादी के लिए सामान और आर्थिक सहयोग



निर्धन कन्या के विवाह के लिए जुटीं जायन्ट्स की पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पक्का तालाब स्थित साईं मन्दिर में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ शाइनिंग स्टार की ओर से सामाजिक कार्य के अंतर्गत निर्धन कन्या विवाह सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऊषा यादव और जायन्ट्स परिवार के सभी सदस्यों ने साईं बाबा को प्रणाम कर किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि कन्या विवाह जैसे पवित्र कार्य में सहयोग करना न केवल सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह मानवता की सच्ची सेवा भी है। इस आयोजन में लोधी मोहल्ला की रहने वाली निर्धन कन्या के विवाह के लिए आवश्यक सामग्री आटा, चावल, दाल, चीनी, तेल, नमक, छोला, मैदा वस्त्र, मिठाई एवं अन्य घरेलू सामान प्रदान किया गया। इसके साथ ही कन्या को आर्थिक सहयोग भी दिया गया। इस कन्या की शादी 19 अप्रैल को होनी है। इस मौके पर कन्या के परिवार के लोग भी मौजूद रहे, जिनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। आयोजकों ने कन्या को रोली का टीका लगाया। चुनरी उढ़ाई और हाथ में साड़ी, मिठाई व शगुन राशि भेंट की। इसके भजन और बन्नी गाते हुए नृत्य कर शादी की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम में सभी को स्वल्पाहार भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मन्दिर के पुजारी का व्यवस्था में विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में नीतू पुरवार, उर्मिला गुप्ता, सोनिया गुप्ता, नीलू गुप्ता, अल्प गुप्ता, सीमा गुप्ता, कविता वर्मा, मधुरिमा कुलश्रेष्ठ, एकता पुरवार, राधा गुप्ता, दीक्षा पुरवार, राधा सिंह, सचिन पी. पुरवार, अभिषेक आदि लोग उपस्थित रहे।

# अवैध खनन और परिवहन में पांच डंपर सीज किए गए

## सघन चेकिंग अभियान में एक दर्जन से अधिक वाहनों का किया गया चालान

संवाददाता, इटावा

- त्रुटिपूर्ण/अस्पष्ट नंबर प्लेट लगे 2 डंपरों का किया गया चालान
- खतरनाक स्टंटबाजी करने पर 2 बाइकों को भी सीज किया गया




थाने के बाहर खड़े कराए गए सीज वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अवैध खनन, ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन एवं बिना नम्बर प्लेट वाहनों के विरुद्ध पुलिस की ओर से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार रात वैदपुरा व बढ़पुरा थाने की पुलिस ने अधिकारियों के साथ चलाए गए चेकिंग अभियान में पांच डंपरों को सीज किया है। साथ ही एक दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया गया है। शमन शुल्क के रूप में आठ लाख से अधिक रुपये वलूल किए गए। इस कार्रवाई से चालकों में हडकंप मचा रहा।

एसएसपी के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग, बिना नम्बर प्लेट एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा खनन विभाग एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त कार्यवाही की जा रही है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के दौरान थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा वैदपुरा चौराहा पर ओवरलोड वाहनों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा बिना वैध प्रपत्रों के परिवहन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध की गई। इसमें पांच पांच डंपरों को सीज कर दिया तथा आठ लाख रुपया सम्मन शुल्क के रूप में वसूला गया। बढ़पुरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर खतरनाक स्टंट करते पाए जाने पर 2 मोटरसाइकिलों को भी धारा 207 एमवी एक्ट में सीज कर दिया। फॉल्टी नंबरप्लेट और त्रुटिपूर्ण/अस्पष्ट नंबर प्लेट लगे 2 डंपरों का चालान किया गया। इस तरह से कुल एक दर्जन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## भिंड में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**भरथना।** क्षेत्र के असफपुर निवासी युवक का शव मध्य प्रदेश के भिंड जिले में ईंट भट्ठे के पास पेड़ पर लटका मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

असफपुर का अनिकेत (25) अपने पिता रघुवंश और दो बच्चों के साथ भिंड जिले के मुरलीपुर में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। रविवार सुबह करीब 7 बजे उसका शव भट्ठे के पास बबूल के पेड़ पर अंगौछे के फंदे पर लटका मिला। गांव में रह रहे दादा सियाराम और दादी ऊषा देवी ने बताया कि उनका बेटा रघुवंश, बहू सोना देवी और नाती अनिकेत अपने बच्चों अरवान (8) और तमन्ना (6) के साथ भिंड में रहकर काम कर रहे थे। शनिवार देर रात उनकी रघुवंश से बात हुई थी। तब सब कुछ सामान्य था। अनिकेत पहले दिल्ली में काम करता था। करीब दो वर्ष पहले पत्नी से विवाद के बाद वह बच्चों और माता-पिता के साथ भिंड चला गया था। बताया गया कि अनिकेत के छोटे भाई ने भी करीब चार वर्ष पूर्व गांव में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

# गर्भवती पत्नी को पीटा गर्भस्थ शिशु की मौत

संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर इंजीनियर पति ने गर्भवती पत्नी के साथ इस कदर मारपीट की कि गर्भ में पल रहे आठ माह के शिशु की मौत हो गई। महिला की हालत भी गंभीर है। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के एकता कॉलोनी की प्रीति यादव की शादी करीब 2 साल पहले बीबामऊ निवासी इंजीनियर विपुल यादव से हुई थी। प्रीति के भाई विकास ने बताया कि शादी में करीब 25 लाख रुपये देने के बावजूद ससुराल पक्ष की ओर से लगातार प्लॉट की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर शुक्रवार रात पति, सास और ससुर ने मिलकर प्रीति के साथ मारपीट की। पति ने उसके पेट में मारा। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां जांच में पता चला कि गर्भस्थ शिशु की मौत हो चुकी है। महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर मृत शिशु को बाहर निकाला। फिलहाल महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है और नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर हत्या समेत अन्य गंभीर धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

## जेठ ने आशा कार्यकत्री को पीट किया घायल

**महेवा।** बकेवर क्षेत्र के दादरपुर की आशा कार्यकत्री मीरा देवी पत्नी राजकुमार गुप्ता रविवार देर शाम खेत गई थी, जहां जेठ और उसके तीन बेटों मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन एंबुलेंस से सीएचसी लाए, जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते हैं कि दोनों में जमीन बंटवारे का विवाद है।

# टेबल टेनिस के साथ 'नो फैट-नो शुगर' डाइट का दिया गया संदेश

संवाददाता, इटावा

- रॉयल वुड क्लब में आईएमए के वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ
- डॉक्टर्स ने खेलों के साथ नो फैट नो शुगर डाइट का लिया आनंद



मंचासीन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. शरद अग्रवाल एवं यूपी के अध्यक्ष डा. राजीव गोयल।

**अमृत विचार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा सिविल लाइन स्थित रॉयल वुड क्लब में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईएमए मुख्यालय के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. शरद अग्रवाल एवं उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डा. राजीव गोयल ने किया।

इस अवसर पर डॉक्टरों एवं उनके परिवारीजनों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस सहित कई खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही,रॉयल वुड क्लब का भी शुभारंभ हुआ यहां खेल के साथ 'नो फैट, नो शुगर' डाइट का आनंद लेते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया और बताया कि एक ही जगह अब जिले के लोगों को खेल के साथ हेल्दी फूड का स्वाद भी चखने को मिलेगा। कार्यक्रम के हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया की एक महत्वपूर्ण बैठक का भी आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डा. शरद अग्रवाल,डा. राजीव गोयल, हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश के सचिव डा.आलोक मित्तल भी मौजूद रहे। बैठक में डॉक्टरों एवं अस्पतालों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में आईएमए के अध्यक्ष डा डीके दुबे, पूर्व अध्यक्ष डा.एमएम पालीवाल, डा. संजीव यादव जॉइंट सेक्रेटरी हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया, यूपी, डॉ. हिमांशु यादव सेक्रेटरी, डा. रामाकांत रावत फाइनेंस सेक्रेटरी, डा. वीके गुप्ता, डा. एससी गुप्ता सहित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**ताखा।** ऊसराहार क्षेत्र में शनिवार रात सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना चौपला वैवाह मार्ग पर भूठा गांव के पास की है।

भरथना क्षेत्र के ताले गांव निवासी उदयवीर (50) अपने पिता रामस्वरूप उर्फ होरीलाल (76) के साथ बाइक से चौपला की ओर से समथर की दिशा में जा रहे थे, तभी सामने से तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रामस्वरूप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उदयवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। इसके साथ ही खरगपुर सरैया चौकी प्रभारी केशव प्रसाद मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसरेहर भेजा गया, जहां से डाक्टरों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# किड्स वैली स्कूल में शिक्षकों को शिक्षण कला का दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, इटावा



प्रशिक्षण में शामिल होने वाले शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बसरेहर स्थित किड्स वैली स्कूल में शनिवार को सीबीएसई द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी उपस्थित शिक्षकों को लर्निंग आउटकम्स एवं (पेडागॉजी) का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में किड्स वैली स्कूल के साथ-साथ डीपीएस स्कूल, संत विवेकानंद स्कूल, अमनीव विजन स्कूल एवं ज्योत्री अकैडमी सहित दर्जनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सभी शिक्षकों को कक्षा में नई तकनीकों के प्रभावी उपयोग, छात्रों के समग्र विकास तथा बेहतर शिक्षण के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में कानपुर के पुराणचंद विद्यानिकेतन से सुषमा जयसवाल एवं कानपुर पब्लिक स्कूल से नन्द किशोर ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने शिक्षकों को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से पढ़ाने की नई विधियां सिखाईं, जिससे छात्र अधिक प्रभावी ढंग से सीख सकें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कौशल किशोर एवं वाइस प्रिंसिपल पिंकी यादव की उपस्थिति रही।

बसरेहर थाना पुलिस की टीम भी कार्यक्रम में मौजूद रही, जिसमें एसआई अलख निरंजन, एसआई कौशल किशोर, कांस्टेबल विनोद यादव एवं महिला कांस्टेबल कविता ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया गया और अंत में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने पर जोर दिया गया, ताकि शिक्षकों की दक्षता में निरंतर वृद्धि हो सके और शिक्षा का स्तर बेहतर बनाया जा सके।

# पुण्यतिथि पर याद आए लक्ष्मीपति वर्मा और डॉ.रामतीर्थ अग्रवाल

संवाददाता, इटावा




दिव्यांगजननों ने लक्ष्मीपति वर्मा और रामतीर्थ की पुण्यतिथि मनाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विकलांग एसोसिएशन कार्यालय पर एसोशिएशन के संरक्षक डा. लक्ष्मीपति वर्मा की आठवी पुण्यतिथि व दिल्ली एम्स के डा. रामतीर्थ अग्रवाल की पुण्य तिथि पर दिव्यांगों ने उन्हें याद किया।

डा. लक्ष्मी पति वर्मा की बेटी अपूर्वा वर्मा ने अध्यक्ष अशोक कुमार जाटव, महामंत्री सन्तोष कुमार त्रिवेदी, संरक्षक ओम प्रकाश गुप्ता के साथ डा. लक्ष्मीपति वर्मा व रामतीर्थ अग्रवाल के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी और कहा कि लक्ष्मीपति वर्मा व रामतीर्थ अग्रवाल दिव्यांगों के मसीहा थे। इन्होने दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने मे पूर्ण योगदान दिया। डा. रामतीर्थ अग्रवाल तुमाइश में होने वाल वाले दिव्यांग सम्मेलन में प्रत्येक वर्ष पंडाल में आकर दिव्यांगों का उत्साहवर्धन करते थे। वे दित्लों में एम्स अस्पताल में मनो वैज्ञानिक डाक्टर थे वे स्वयं दोनों पैरों से दिव्यांग थे लेकिन उनका हौसला दिव्यांगों की आवाज के लिये बुलन्द था। कार्यक्रम में संजय सिंह एड., मनीष कुमार,धर्म सिंह, सूरज सिंह, लक्ष्मीदेवी, सीमा मिश्रा, हरदम प्यारी, रुकसाना बेगम, नीलम यादव, कालिन्दी देवी, किरन आदि दिव्यांग उपस्थित रहे।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर किया मंथन

# कार्रवाई के लिए डीएम की अनुमति की मांग करेंगे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बैठक में 63 जनपदों के 245 प्रतिनिधियों ने हिसा लिया




बैठक में जानकारी देते राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्य समिति की बैठक रविवार को शहर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से आए व्यापारी प्रतिनिधियों ने कार्य समिति की बैठक में अपने-अपने जिलों की प्रगति और व्यापारी समस्याओं को लेकर एक मंच पर अपनी बात रखी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने बताया कि इस प्रदेश कार्य समिति की बैठक में 63 जिलों के 245 प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कोई भी नया कार्य करने वाले व्यापारी के लिए विभिन्न विभागों की एनओसी या लाइसेंस आदि के लिए संगठन की मांग पर निवेश मित्र पोर्टल की शुरुआत की है। इसके अलावा प्रदेश भर में व्यापारिक मांग के बाद खाद्य लाइसेंस को लेकर व्यापारी के उत्पीड़न की शिकायतों के बाद प्रदेश सरकार ने खाद्य लाइसेंस को 10 वर्षों के नवीनीकरण का नियम लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सर्वे छापे, सैंपलिंग, बांट माप विभाग की कार्रवाई के लिए हर जिले में डीएम की लिखित अनुमति अनिवार्य हो, इसके लिए संगठन जल्द से जल्द प्रयास करेगा।

उन्होंने बताया कि 3 सितंबर को संगठन के 33वें स्थापना दिवस के मौके पर लखनऊ में व्यापारी महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है जिसमें न सिर्फ प्रदेश के बल्कि देश के व्यापारी प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन अगले 3 महीने में 403 विधानसभा में व्यापार मंडल की समिति का गठन करके एक नया विस्तार हासिल करेगा। कहा कि व्यापार व अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन कानून व्यवस्था के आधार पर होता है और वह खुलकर कह सकते हैं कि प्रदेश में 9 वर्षों में कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के कारण व्यापारिक और आर्थिक रूप से प्रदेश मजबूत हुआ है।

व्यापारियों के आचार संहिता को लेकर उन्होंने खुले मन से कहा कि मिलावट और जमाखोरी जैसे देश विरोधी गतिविधि करने वाला व्यक्ति कभी व्यापारी नहीं हो सकता है। ऐसे लोगों को न तो व्यापार मंडल अपनी सदस्यता देगा और न ही ऐसे लोगों का समर्थन करेगा साथ ही ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का काम व्यापार मंडल करेगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा व्यापार मंडल अतुल गुप्ता, जिलाध्यक्ष जागेश्वर अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन, संगठन मंत्री अनुपम अग्रवाल, जावेद बेग, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हाइटगेज में दमकल फंसने से कार्मिक हुए परेशान

**दिबियापुर।** सहायल तिराहा पर लगे हाईटगेज में रविवार को एक दमकल गाड़ी फंस गयी। तेज धूप में बड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड पुलिस ने गाड़ी को निकाला। जानकारी के अनुसार बेला क्षेत्र के किसी गांव में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गयी। सूचना मिलने पर एनटीपीसी स्थित सीआईएसएफ की फायर ब्रिगेड घटना स्थल पर जा रही थी बताते हैं कि फायर ब्रिगेड की दमकल गाड़ी करीब दो बजे नहर के नीचे लगे हाईटगेज में फंस गयी। गाड़ी फंसने से फायर पुलिस को गाड़ी निकालने में करीब आधे घंटे का समय लग गया। इससे वह गंतव्य स्थान पर देरी से पहुंच सकी। वहीं मौके पर मौजूद यातायात सिपाहियों ने बताया कि हाईटगेज के दो ब्लाक हैं पुराने पुल की ओर ऊंचाई कम है। इस बजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी फंस गई।

### किशोरी को बहलाकर ले गया युवक

**जालौन।** तीन दिन पूर्व युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी को गांव के ही युवक विकास ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। जानकारी होने पर उन्होंने बेटी से बात की तो बेटी मान गई। लेकिन युवक बेटी को बहला फुसलाता रहा। मां ने आरोप लगाया कि बीते 9 अप्रैल को विकास उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। मां की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

### महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

**जालौन।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत देवनगर चौराहे के पास स्थित पिंक बूथ पर मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को जागरूक करते हुए अभियान चलाया। अभियान के दौरान महिला कांस्टेबल दीपिका ने महिलाओं और युवतियों को बताया कि कोई भी अंजान काल से सावधान रहें। अंजान व्यक्तियों के साथ अपना पर्सनल मोबाइल नबर शेयर न करें। कोई अनजान व्यक्ति यदि कोई लिंक भेजता है तो उसे न खोलें। ऐसा करने आपका मोबाइल हैंक हो सकता है। किसी को भी अपनी पर्सनल तस्वीरें न भेजें। जागरूक रहकर आप साइबर फ्रॉड से बच सकती हैं। इसके साथ ही वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई। अंत में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। इस मौके पर रानी, मिथलेशी, अरूणा, प्रीति, अनीता, विमलेशी आदि मौजूद रहे।

### हनुमान मंदिर पर एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

**अछल्दा।** रविवार को कस्बे के हरिगंज बाजार स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। महायज्ञ में मंदिर के महंत महेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में गायत्री परिवार के सदस्यों ने पीले वस्त्र धारण कर विधि-विधान से हवन-पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और उपस्थित लोगों ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं मुकेश गुप्ता, सौरभ पोरवाल, लायक सिंह, मुकेश सोनी, जयगोपाल, जितेंद्र गुप्ता ने सहभागिता की।

### ठगे गए 33 हजार पुलिस ने कराए वापस

**कानपुर देहात।** साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शिवली पुलिस ने साइबर ठगी का शिकार हुये एक युवक के बैंक खाते में रुपये वापस करवाए। अज्ञात साइबर ठग द्वारा टेलीग्राम में दिए गए टास्क के माध्यम से पैसा दोगुना करने का झांसा देकर बैंक के खाते से ठगी करते हुये रुपये ट्रांसफर करवा लिए जाने की शिकायत करने पर शिवली कोतवाल के निर्देशन पर टीम ने 33 हजार रुपये दिलवाए।



पुरवा भदौरिया में लगी आग के बाद मौके का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार



भूरेपुर में आग की सूचना पर मौके पर मौजूद भीड़। अमृत विचार

# अज्ञात कारणों से लगी आग गेहूं की फसल व पराली राख

## प्रशासन के अनुसार लगभग 132 बीघा खेतों में लगी आग, 71 बीघा पराली व 62 बीघा गेहूं जले

संवाददाता, बेला

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव पुरवा भदौरिया में रविवार को दोपहर करीब 12 बजे अज्ञात कारणों से गेहूं के खेतों में आग लग गई। देखते ही देखते आग गांव के किनारे तक पहुंच गई। ग्रामीणों के अथक प्रयासों से लगभग ढाई बजे आग पर काबू पाया जा सका।

कुछ किसान बाल्टियों से पानी डालते नजर आये तो कुछ पेड़ों की डाल से आग बुझाते दिखे। ट्रैक्टरों से भी फसल को कुचली गई जिससे आग आंगे न बढ़ सके। इस दौरान दमकल की लगभग तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं लेकिन खेतों तक नहीं पहुंच सकीं। एसडीएम बिधूना गरिमा सोनकिया, सीओ बिधूना पीपुनीत मिश्रा, सीएफओ तेजवीर सिंह, थानाध्यक्ष गंगादास गौतम समेत भारी पुलिसबल मौजूद रहा। प्रशासन के अनुसार 71 बीघा में खड़ी पराली जली हैं जिसमें मुकेश, इन्द्रेश, सतेन्द्र, रामनरेश, जगराम, सुर्जन सिंह, अर्जुन सिंह, राजीव, संजीव, रामप्रकाश, शिशुपाल, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, सत्यवीर, शिवपाल, मिथलेश कुमारी, अनिल कुमार, के खेतों में खड़ी पराली जलकर राख हो गई वहीं श्याम सिंह, गायत्री देवी, सर्वेश कुमारी, लाखन सिंह, शिवपाल, अर्जुन सिंह, मिथलेश कुमारी, राकेश कुमारी, अनिल कुमारी, रामकिशन पाल, रामनरेश, सुभाष चंद्र, राकेश कुमार, सुखवीर, अखिलेश, राजकुमार, वीरेंद्र सिंह, भारत सिंह, मुंशीलाल, सोनेलाल, रवि कुमार के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। अभी ये आंकड़ा बढ़ने की भी संभावना है। एसडीएम बिधूना गरिमा सोनकिया ने किसानों से वार्ता करते हुए नुकसान का आकलन करके जल्द ही मुआवजा दिलाने की बात कही है।



आग बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

### अज्ञात कारणों से लगी आग में 24 बीघा गेहूं की फसल जली

**फफूंद (औरैया)।** थाना क्षेत्र के ग्राम भूरेपुर व कंचनपुरवा के बीच रविवार दोपहर अचानक गेहूं के खेतों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने धुआं और लपटें उठती देख तत्काल मौके पर पहुंचकर समरसेबल पंप व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक करीब 24 बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष अजय कुमार ने जली हुई फसल का जायजा लिया। वहीं जानकारी के अनुसार आग की घटना से कंचनपुरवा निवासी रमाकांत व उनके भाई आनंद बाबू की लगभग 10 बीघा, भूरेपुर निवासी रामप्रकाश की 4 बीघा, बिहारी पुरवा निवासी मिथलेश की 8 बीघा तथा विनोद कुमार की 2 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना के बावजूद दमकल विभाग की गाड़ी करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची। तब तक ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा चुका था। दमकल की देरी से पहुंचने को लेकर किसानों में नाराजगी देखी गई। कड़ी मेहनत से तैयार की गई फसल के नष्ट होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसानों को जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की है।



तैयारी बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

## परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा, तय की गई रूपरेखा

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित दयालक्ष्मी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में रविवार को सनातनी बंधुओं की बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली वार्षिक शोभायात्रा को ऐतिहासिक और भव्य बनाना रहा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में आयोजन की सफलता का संकल्प लिया।

19 अप्रैल, दिन रविवार को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ दयालक्ष्मी सरस्वती शिशु मंदिर से विधि-विधान और पूजन-अर्चन के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति के मुताबिक, इस वर्ष की शोभायात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र अलौकिक झांकियां और बैंड-बाजे होंगे। बैठक के दौरान यात्रा के रूट और सुरक्षा व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं ताकि अनुशासन और भव्यता बनी रहे। सनातनी समाज ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों और श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान किया है। बैठक में मुख्य रूप से जीत कुमारी दुबे पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, अंकित रंजन त्रिपाठी, प्रदीप पाण्डेय, पं. विष्णुदत्त शुक्ल, सुरेश अवस्थी, रामजी मिश्रा, बाल कृष्ण मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष हिंदू युवा मोर्चा संघ गोविंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में सहकारी संघ बिधूना के प्रभारी सचिव की मौत

संवाददाता, बिधूना

- मरणासन्न अवस्था में सीएचसी बिधूना लेकर पहुंचे परिजन

**अमृत विचार।** सहकारी संघ बिधूना के प्रभारी सचिव देवेंद्र सिंह तोमर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजन ने उन्हें मरणासन्न अवस्था में सीएचसी बिधूना ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



देवेंद्र सिंह तोमर।

अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी देवेंद्र सिंह तोमर शनिवार रात अपने घर पहुंचे थे। सुबह देर तक उनके न जागने पर पास के मकान में रह रहे उनके पिता शिवपाल सिंह ने आवाज दी। घर के अंदर कोई हलचल न होने पर स्वजनों को आशंका हुई। अंदर जाकर देखने पर देवेंद्र चारपाई से नीचे मरणासन्न अवस्था में पड़े मिले। स्वजनों ने आनन-फानन में उन्हें बिधूना स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां के चिकित्सक की सलाह पर देवेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देवेंद्र की मौत की खबर मिलते ही माता-पिता सहित स्वजनों में कोहराम मच गया। मृतक देवेंद्र घर पर अकेले रहते थे। पति-पत्नी के आपसी मतभेद के चलते उनकी पत्नी मीना देवी अपने दोनों पुत्रों नन्दू, आयुष और पुत्री बिजली के साथ दिल्ली में रहती हैं। घटना के दिन भी देवेंद्र घर पर अकेले थे। देवेंद्र के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। थाना पुलिस ने बताया कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

### शराब के नशे में युवक ने कुट्टी मशीन में डाला हाथ, घायल

अछल्दा (औरैया)। थाना क्षेत्र के गांव नौनिकपुर निवासी मनीष कुमार (26) पुत्र संतोष कुमार रविवार शाम करीब 5 बजे शराब के नशे में चबूतरे पर लगी कुट्टी मशीन में अपना हाथ डाल बैठा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घायल अवस्था में युवक को देखकर पिता ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अछल्दा में भर्ती कराया। वहां तैनात डॉक्टर अमर दीप चौधरी ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## शोभायात्रा में ध्वनि प्रदूषण के निर्धारित मानकों का पालन करें डीजे संचालक

संवाददाता, बेला

**अमृत विचार।** शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर डीजे संचालकों के साथ थाना अध्यक्ष ने पीस कमेटी की बैठक की।

बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि आंबेडकर जयंती के दौरान डीजे और बैंड संचालक ध्वनि प्रदूषण के निर्धारित मानकों का पालन करें। तेज आवाज में संगीत न बजाने के सख्त निर्देश दिए । बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से पर्व के दौरान आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की गई। इसका उद्देश्य आंबेडकर जयंती को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। बेला थाना परिसर में आगामी आंबेडकर जयंती के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पर्व के दौरान कानून व्यवस्था पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में थानाधिकारी ने कहा कि आयोजक नियमों का पालन करें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का पूरा सहयोग करें।





बैठक के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

## पीजेपी में संसदीय बोर्ड के सदस्य बने मनोज डोयला का स्वागत

**जालौन।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी मनोज डोयला को पथिक जनशक्ति पार्टी (पीजेपी) में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्हें संसदीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद गांव में लोगों ने उनका स्वागत किया।

मनोज डोयला को संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाए जाने को लेकर उनके समर्थकों ने कहा कि उनकी सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। वहीं, मनोज डोयला ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। गांव में उनके समर्थकों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।



मनोज डोयला का फूल माला पहनाकर किया गया स्वागत। अमृत विचार

# आम्बेडकर जयंती को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, परखी व्यवस्था

संवाददाता, कुदरकोट

- थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह के नेतृत्व में निकाला गया मार्च
- कहा, सौहार्द के साथ मनाएं डॉ. आंबेडकर की जयंती

**अमृत विचार।** आगामी आम्बेडकर जयंती के मद्देनजर क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसी क्रम में कुदरकोट थाना क्षेत्र में रविवार को भव्य फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने किया।

फ्लैग मार्च में भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे। यह मार्च कस्बे के प्रमुख मार्गों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों एवं संवेदनशील स्थानों से होकर गुजरा। पुलिस बल की मौजूदगी से आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा, वहीं असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया। फ्लैग मार्च के दौरान थानाध्यक्ष ने स्थानीय लोगों से संवाद कर आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व है, जिसे सभी को मिलजुलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अफवाह, अराजकता या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग कर चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस ने आमजन को यह संदेश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया है।

## चालक को आई झपकी, पेड़ से टकराई कार, एक की मौत

**जालौन।** बगरा मार्ग पर सुढ़ार सालाबाद के आगे शंभू धाम के पास तेज रफ्तार कार के चालक को झपकी आने से कार पेड़ से टकरा गई। हादसे घायल मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही बेटे की मौत हो गई।



नीरज गुप्ता।

कोतवाली माधौगढ़ निवासी व्यापारी नीरज गुप्ता (44) पुत्र संतराम रविवार की दोपहर उरई की ओर से कार लेकर अपनी मां संतोषी देवी (65) के साथ माधौगढ़ जा रहे थे। बंगरा मार्ग पर जब उनकी कार सुढ़ार सालाबाद से आगे शंभू धाम के पास पहुंची तभी कार चला रहे नीरज को अचानक से झपकी आ गई। चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पेड़ का एक हिस्सा टूट गया और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया साथ ही कार के दोनों एयरबैग खुल गए। राहगीरों ने हादसे की सूचना यूपी 112 को दी। सूचना मिलते ही छिरिया मलकपुरा चौकी पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस से मां बेटे को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर कद दिया। लेकिन रास्ते में ही व्यापारी नीरज गुप्ता की मौत हो गई। व्यापारी की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया।

अवैध परिवहन | प्रशासनिक कार्रवाई में भारी पड़ रहे लोकेशन देने वाले

# मौरंग के अवैध परिवहन का नहीं रुक रहा खेल

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** अवैध मौरंग परिवहन में लोकेशन बताने वाले प्रशासनिक कार्रवाई पर भारी साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि अवैध मौरंग परिवहन को लेकर प्रशासन को आपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे। शनिवार देररात तक चले अभियान में टीम को महज आधा दर्जन अवैध बालू के ट्रक मिले हैं उनके जाते ही हाईवे पर ट्रकों का रेला निकल पड़ा था।

वैसे तो क्षेत्र में खनिज का अवैध परिवहन कोई नया नहीं है बल्कि अर्से से संचालित है लेकिन विगत कुछ दिनों से अवैध परिवहन का मामला बेहद सुर्खियों में है जिसके चलते खनन और परिवहन से जुड़े जनपदों में भी प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस तथा परिवहन और खनिज विभाग के अधिकारियों से मिलकर निगरानी शुरू कर दी है। गत तीन दिनों में तहसील क्षेत्र में एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुआई वाली टीम को महज 24 ट्रक ही मौरंग का अवैध परिवहन करते मिले थे जिन्हें विभिन्न थानों के सुपुर्द कर दिया गया है लेकिन अभियान के तीन दिनों में महज 24 ओवरलोड ट्रक मिलना सन्तोषजनक नहीं है। जबकि नगर सीमा से ही प्रतिदिन हजारों की संख्या में ओवरलोड ट्रक निकलते हैं। शनिवार देर रात अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा एसडी एममनोज कुमार सिंह व सीओ अवधेश कुमार सिंह ने कोतवाली के पुलिस बल के साथ अभियान चलाया था लेकिन महज 6 बालू ट्रक ही गिरफ्त में आ सके है जिसमें तीन ट्रक तो उन्हें एक पेट्रोल पंप से पकड़े। एसडीएम के मुताबिक बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।



गत दिनों जांच करती टीम। फाइल फोटो

**कैसे पहुंच रही सूचना :** शासन की सख्ती के बाद मौरंग का अवैध परिवहन वर्षों से ऐसे ही नहीं चल रहा है बल्कि इसमें अपनों की भी भूमिका है। जिसमें जिम्मेदारों के सारथियों के साथ कारखासों की भी अहम भूमिका रहती हैं जो साहब के सड़क पर आने से पहले ही सूचना लोकेशन कारोबारियों तक भेज देते हैं और उनके आने पर सड़क पर सन्नाटा मिलता है जिससे खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ सही ढंग से कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

**कहां से आ रही अवैध परिवहन के लिए बालू :** विदित हो कि खनन के लिए शासन उन्हें पट्टा देता है जिसमें उन्हें प्रति ट्रक निर्धारित राशि खनिज विभाग को देनी होती हैं जिसकी निगरानी के लिए भी खनिज विभाग ने तरह तरह के इंतजाम भी किए है लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में ट्रक बालू का अवैध परिवहन करते हैं लेकिन हाईवे पर अभियान चला रहे खनिज और परिवहन विभाग को इस अवैध बालू की जानकारी नहीं रहती तो सवाल यह है कि आखिर यह बालू आती कहा से है।

### सड़क हादसे में दो लोग घायल

**जालौन।** ई-रिक्शे पर बांस के टट्टर लादकर जा रहे ई-रिक्शा का संतुलन तेज हवा के चलते बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ने से बगल से निकल रहे बाइक सवार ई-रिक्शा से टकरा गए। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराय गया है। क्षेत्रीय ग्राम छानी अहीर निवासी माता प्रसाद (42) अपने बेटे विवेक (17) के साथ किसी काम के चलते जालौन बाजार में आए थे। इसी दौरान तहसील रोड पर एक ई रिक्शा टट्टर लादकर निकल रहा था। अचानक तेज हवा से ई रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर तिरछा हो गया। उसी समय बगल से बाइक लेकर निकल रहे माता प्रसाद की बाइक ई रिक्शा से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

### ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

**कालपी।** पत्नी के मायके से न आने से परेशान युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवीपुर निवासी शिवम पुत्र राजेन्द्र यादव की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी लेकिन शादी के बाद से ही पति पत्नी मे अनबन शुरू हो गई थी जिसके चलते वह मायके से नही आ रही थी युवक ने कई बार कोशिश भी की लेकिन उसने आने से साफ इनकार कर दिया था। इससे वह आहत था और शनिवार रात भी उसने पत्नी को समझाने की कोशिश की थी लेकिन उसने ऐसी बात कह दी जो वह सह न सका और गांव के पास से निकली रेलवे लाइन के किलोमीटर संख्या 1270 के खम्भा नम्बर 29 के पास उसने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चंदरपुर वि0ख0 जागीर जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –राज्यवित्त एवं केन्द्रवित्त, योजनांतर्गत दिनांक– 12.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यवित्त एवं केन्द्रवित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदरपुर वि0ख0 जागीर जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 13/04/2026 को समय प्रात: 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 18/04/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्दरपुर में राममिलन के घर से मन्दिर तक सीसी व नाली | 3.66 लाख | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |
| 2 | चन्दरपुर में गौरव शर्मा के घर से अनिल भदौरिया के घर तक सीसी व नाली निर्माण | 4.05 लाख | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |

श्याम लता – ग्राम प्रधान रोहित प्रकाश – पंचायत सचिव

## न्यूज ब्रीफ

### पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के कैमोखर गांव निवासी आशा देवी पत्नी ध्रुव राम खंगार ने थाने में तहरीर देते हुए बताएं कि मायका जनपद बांदा के बड़ोखर गांव में है। उसकी 20 साल पहले शादी हुई थी और चार संतान है। पति शराब पीने का आदी है। आए दिन शराब के नशे में मारपीट कर प्रताड़ित करता चला आ रहा है। दस दिन पहले पति ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया है। छोटी पुत्री को लेकर मायके चली गई। महिला ने पति के खिलाफ मारपीट कर प्रताड़ित किए जाने की थाना में तहरीर दी है। एसआई शंकर मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### फांसी लगाकर जान देने की कोशिश

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाना अंतर्गत खड़ाखर गांव में घरेलू कलर से आहत होकर 36 वर्षीय एक युवक ने अपने मकान के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त करने का प्रयास किया। युवक को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखकर परिजनों व पड़ोसियों ने उसे तत्काल ही फांसी के फंदे से नीचे उतारकर उसे आनन फानन में कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने युवक का प्राथमिक उपचार कर एहतियातन उसे उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। खड़ाखर गांव के निवासी रमाशंकर (36) पुत्र खलक सिंह ने रविवार की शाम करीब 5:00 घर में पत्नी से झगड़ा कर अपनी जीवन लीला समाप्त करने के उद्देश्य से फांसी लगा ली। जिसके बाद युवक को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखकर परिजनों ने उसे तत्काल ही नीचे उतारकर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अधीक्षक डॉ.अरविंद कुमार यादव ने युवक रामाशंकर का प्राथमिक उपचार कर एहतियात के तौर पर उसे उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### मुकदमे में सुलह के लिए धमकी दी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम सौंखर की एक पीड़िता ने डीआईजी चित्रकूट धाम को शिकायत भेजकर स्थानीय पुलिस द्वारा दबंग के खिलाफ कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाकर न्याय की मांग की है। सौंखर निवासी शिवदेवी ने डीआईजी चित्रकूट धाम को भेजी शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव के दबंग पुराने मुकदमे में राजीनामा का दबाव बनाने के लिए आए दिन शराब पीकर गाली गलौज करते हैं जान से मारने की धमकी देते हैं। स्थानीय पुलिस शिकायत के बाद कार्यवाही नहीं कर रही है। दबंग के भय से पति सुनील कुमार गांव छोड़कर कस्बे में रहने को मजबूर है। दबंग पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने डीआईजी से न्याय की गुहार लगाते हुए दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### टेट के विरोध में आज मशाल जुलूस

**हमीरपुर।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद इकाई हमीरपुर द्वारा सोमवार को सायं 6:00 बजे अम्बेडकर पार्क से शहीद पार्क तक पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट परीक्षा थोपने के विरोध में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। जिसमें लगभग 10 संगठनों के शिक्षक कर्मचारियों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी संघ के जिला महामंत्री कमल किशोर ने दी।

### वृद्ध को सर्प ने डसा हालत गंभीर

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के सिजवाही गांव में शनिवार रात एक बुजुर्ग को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तत्काल कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद उनकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है। सिजवाही गांव निवासी सन्नू (65) पुत्र मइयादीन श्रीवास शनिवार रात अपने खपरैल मकान के अंदर खूंटी पर कपड़े टांग रहे थे। इसी दौरान अचानक एक सांप उनके ऊपर गिर पड़ा और पैर में काट लिया। सांप के डसते ही वह बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के समय घर में मौजूद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। बड़े बेटे रामसनेही ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई है। परिजनों के अनुसार घटना के समय बुजुर्ग रात में सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी उन्हें सर्प ने डस लिया।

---

## मझगवां थाना क्षेत्र के इकठौरा गांव में शव मिलने के बाद फैली सनसनी

# खेत की झोपड़ी में मिला युवक का शव, जांच शुरू

- जालौन जनपद के सैदनगर का रहने वाला था युवक
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिवार में कोहराम

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मझगवां थाना क्षेत्र इकठौरा गांव में संदिग्ध हालात में खेत पर बनी झोपड़ी में 40 वर्षीय एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

मझगवां थानाक्षेत्र के ग्राम इकठौरा मौजा में खेतों के बीच में झोपड़ी डालकर परिवार सहित रहने वाले हरनारायण (40) पुत्र बच्चू का शव संदिग्ध परिस्थितियों के चलते उसकी झोपड़ी में पड़ा हुआ मिला। जब परिजनों ने हरनारायण को मृत अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने बताया कि हरनारायण जालौन जनपद के सैदनगर का मूल निवासी था, जो अपनी ससुराल इकठौरा मौजा में स्थित अपने खेत में बनी झोपड़ियों में रह रहा था। बताया कि मृतक हरनारायण अपने तीन बीघा के खेत में खेती किसानी के अलावा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जो कि अपने पीछे पत्नी सोना के अलावा अपनी सास ठक्की सहित पुत्र प्रेमनारायण, अर्जुन और करन के अलावा पुत्री अनीता और कीर्ति सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में मझगवां थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि पता चला है कि मृतक व्यक्ति हरनारायण शराब पीने का लती था तथा मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### खेत से घर लौटते समय युवक पर चाकू से हमला

**मौदहा।** खेत से घर जा रहे युवक पर पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित को घायल करने के बाद जान से मारने की धमकी दी है। घटना से आहत पीड़ित की मां मुन्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की मांग की है। कस्बे की उपरौस निवासी मुन्नी पत्नी घनश्याम वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र छोटू 10 अप्रैल की देर रात लगभग 8 बजे अपने खेतों से घर की ओर जा रहा था तभी बड़े चौराहे पर पहले से मौजूद अरमान लाला पुत्र गयासुद्दीन निवासी नारायच अपने साथी अभिषेक व गुमान पुत्रगण अज्ञात उसके पुत्र से दारू पीने के लिए पैसा मांगने लगे। पैसा देने से मना करने पर उपरोक्त तीनों लोगों ने उसके पुत्र को जातिसूचक गालियां देते हुए चाकू से हमला कर दिया। छोटू पर चाकू से हमला होते देख लोग एकत्र होने लगे। तभी तीनों लोग जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामित तीनों लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 119(1), 352, 351(3) सहित अनुसूचित जाति एवं जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### ट्रॉली का डाला गिरने से महिला घायल

**मौदहा।** खेत में गेहूं भरते समय ट्रैक्टर ट्राली का ढाला गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे आनन-फानन में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बिवांर थाना क्षेत्र के लरौंद गांव निवासी माया देवी (50) पत्नी रामअवतार रविवार दोपहर खेत में गेहूं की फसल तैयार कर ट्रैक्टर ट्राली में भरवा रही थीं। इसी दौरान वह ट्राली के नीचे बैठ गईं, जबकि उनकी 11 वर्षीय पुत्री गिल्ला ट्रॉली से उतर रही थी। तभी अचानक ट्रॉली का ढाला गिर गया, जिससे माया देवी उसके नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों व आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में बेमौसम बारिश के कारण फसल खराब होने की आशंका के चलते किसान तेजी से कटाई और ढुलाई में जुटे हैं, जिससे ऐसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

### आखिर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के एक गांव में डेढ़ माह पूर्व एक नाबालिग को एक युवक द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पीड़ित पिता ने पुलिस पर तहरीर न लेने का आरोप लगाया है। पिता का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के एक गांव में बीते 26 फ़रवरी की रात्रि में एक 15 वर्षीय नाबालिग को थानाक्षेत्र के छक्की का डेरा गांव निवासी अनुराग पुत्र कल्लू बहला फुसलाकर ले गया था और इसके बाद उसका ब्रेनवास करके उसके साथ शादी कर ली। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में डाल दिया था। तब परिजनों को जानकारी हुई थी। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि थाने में तहरीर देने पहुंचे तो पुलिस ने तहरीर लेने से मना कर दिया और आपसी समझौता करने का दबाव बनाया गया। लगातार डेढ़ माह से थाने के चक्कर काटते रहे। रविवार को पिता का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर सीओ सदर राजेश कमल ने संज्ञान में लिया और कहा की पीड़िता से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी को सकुशल बरामद करने के लिए जुट गई है।



धार्मिक स्थल की जमीन पर चल रहा निर्माण कार्य। अमृत विचार

## धराजी बाबा स्थल पर कब्जा कर कोठी का निर्माण शुरू

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के बांदा बस स्टैंड के पास प्राचीन धराजी बाबा स्थल पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। लोगों का आरोप है कि इस धार्मिक स्थल को सांठगांठ कर बेच दिया गया और अब वहां आलीशान कोठी का निर्माण कराया जा रहा है।

यह स्थान आस्था का केंद्र रहा है, जहां क्षेत्रीय लोग पूजा-अर्चना करते थे। कुछ समय से इस जमीन पर कुछ प्रभावशाली लोगों की नजर थी। आरोप है कि नगर पंचायत की सत्ता से जुड़े कुछ लोगों के संरक्षण में इस भूमि का सौदा कर दिया गया। जबकि भूमि के स्वामित्व से संबंधित कोई वैध दस्तावेज सामने नहीं आया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिना किसी स्पष्ट अभिलेख के धार्मिक स्थल को निजी संपत्ति बताकर कब्जा कर लेना गंभीर मामला है। लोगों में इसको लेकर आक्रोश व्याप्त है और यह मुद्दा पूरे कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। कई सामाजिक संगठनों ने भी इस पर आपत्ति जताते हुए प्रशासन से जांच की मांग की है। वहीं निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जिससे लोगों में यह आशंका बढ़ रही है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह ऐतिहासिक स्थल पूरी तरह समाप्त हो सकता है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि धार्मिक आस्था से जुड़े इस स्थल को संरक्षित किया जा सके। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।



नाले में गिरे युवक को बाहर निकालते लोग। अमृत विचार

## नाले में गिरा युवक, कुछ बोलने की हालत में नहीं

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में एक युवक के गहरे नाले में गिरने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना कस्बे की बताई जा रही है, जहां स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को नाले से बाहर निकाला।

यह घटना कस्बे के गांधी विद्यालय रोड तिराहे के पास की है। रविवार दोपहर एक युवक अचानक गहरे नाले में गिर गया और उसमें जमा मलबे में फंस गया। युवक को नाले में गिरा देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तत्काल रेस्क्यू करते हुए काफी प्रयास के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। वह कौन है और कहां का रहने वाला है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक जब युवक को नाले से बाहर निकाला गया तो वह कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं था। आशंका जताई जा रही है कि युवक नशे की हालत में था, जिसकी वजह से वह अपने बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका।

### गायत्री तपोभूमि में उपनयन 3 मई को


**सुमेरपुर।** स्वामी रोटीराम की तपस्थली गायत्री तपोभूमि में 3 मई को सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में ब्राह्मण बालकों को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संस्कारित किया जाएगा।

आचार्य बलदेव शास्त्री व आचार्य उमादत्त शुक्ला ने बताया कि आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सामूहिक उपनयन संस्कार का उद्देश्य सनातन परंपराओं का संरक्षण और नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ना है। 3 मई को गायत्री तपोभूमि में विद्वान आचार्यों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बालकों का जनेऊ संस्कार संपन्न होगा। आयोजकों ने इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने के लिए यज्ञोपवीत की तैयारी पूर्ण कर जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है।

## निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्थानीय मां गीता महेश्वरी इंटर कॉलेज में रविवार को NIPEC कंप्यूटर संस्थान द्वारा 'मेरी पहचान संयुक्त प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क एवं न्यूनतम शिक्षण शुल्क पर उच्च स्तरीय कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस परीक्षा में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है कि NIPEC कंप्यूटर संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रकार की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए अग्रणी बनाया जा सके। इस अवसर पर श्री गायत्री विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ.पुनीत पालीवाल, प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार पांडेय, युग चेतना महाविद्यालय के आशीष द्विवेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक भरत प्रसाद, नसीम खान, राकेश, कुलदीप अवस्थी, अमर नारायण मिश्र, राहुल यादव, नीरज, आजम खान, श्यामेन्द्र सिंह, विमलेश, अवधेश, गुलाब साहू, शीतल एवं अमित सहित संस्थान के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। अतिथियों ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर का ज्ञान अनिवार्य है और इस तरह के अवसर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।



कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### टप्पेबाज को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के चंदौली अहीर गांव निवासी काजल यादव अपनी ससुराल हमीरपुर से आपे वाहन में बैठकर 28 फरवरी को मायका अकेले आ रही थी। आपे वाहन में सवारी कम होने पर पौथिया गांव से एक युवक महिला के बगल में बैठ गया। युवक छानी गांव में उतर गया। रास्ते में महिला के साथ टप्पेबाजी के हो जाने से बैग से 6 सोने की अंगूठी, बाला, 4000 रुपये गायब हो गए थे। बिवांर बस स्टॉप में महिला के उतरने पर बैग की चैन को खुला देखा तो उसे टप्पेबाजी की जानकारी हुई। महिला ने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जनपद कानपुर नगर के घाटमपुर का युवक राहुल पुत्र श्रीपाल जो थाना ललपुरा के कुम्हऊपुर गांव में रहता है को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। महिला ने बगल में बैठकर आ रहे युवक की पहचान की है।

## 12 दिन गुजर जाने के बाद भी नहीं शुरू हुई गेहूं खरीद

- पौथिया के गेहूं खरीद केंद्र में कई गांवों के किसानों का डेरा

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पौथिया गांव में मात्र एक गेहूं खरीद केंद्र संचालित है। यहां पौथिया, महमूदपुर, सहुरापुर, उजनेड़ी, शिकरी, ललपुरा, कलौलीजार कुम्हऊपुर आदि गांवों के किसान गेहूं बेचने के लिए डेरा डाले दिन रात रखवाली कर रहे हैं, लेकिन 12 दिन बीत गए, अभी तक एक भी गेहूं का दाना नहीं खरीदा गया।

मौसम बदलने के बाद किसान जल्द से जल्द तौल कराने को बेताब हैं। कुछ किसान तो मजबूरी में आढ़तियों को औने-पौने दाम मे गेहूं बेचने को मजबूर हैं। पौथिया गांव के किसान रामपाल, श्रीचंद, दीपू, सोनू, नीशू, कलौलीजार के किसान रामकुमार, शिवकुमार ने बताया हम लोगों के सभी कागजात कंप्लीट है। एक अप्रैल से केंद्र के बाहर गेहूं डाले दिन रात रखवाली कर रहे हैं। चिंता सता रही है कि कहीं फिर से न मौसम बदल जाए और लोगों का नुकसान हो जाए। वहीं केंद्र प्रभारी प्रीतम सिंह कुशवाहा ने बताया बारदाना सहित सब कुछ कंप्लीट हो गया है। सिर्फ श्रमिकों की दिक्कतें थी जो मिल गये है सोमवार से गेहूं की खरीद शुरू कर दी जाएगी।

## बादशाह के सन्यास से सपा में गर्मी

- पार्टी नेताओं ने टिकट की दावेदारी मजबूत करने की कोशिश शुरू कीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पूर्व मंत्री बादशाह सिंह द्वारा सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर देने से सपा से टिकट के दावेदारों के चेहरे खिल उठे हैं। पूर्व मंत्री अन्य दावेदारों के साथ सदर सीट से टिकट के प्रबल दावेदारों में से एक थे। उनके सक्रिय राजनीति से हटने की घोषणा के बाद अन्य दावेदारों ने राहत महसूस करते हुए अपनी दावेदारी को मजबूत बनाने की कोशिश शुरू कर दी है।

करीब चार दशक तक जिले की राजनीति मे दखल रखने वाले बादशाह सिंह ने पिछले सप्ताह सक्रिय राजनीति से बाहर होने का ऐलान करके लोगों को चौंका दिया है। कांग्रेस, भाजपा, बसपा के बाद वह पिछले कई वर्षों से सपा में सक्रिय थे और सदर विधानसभा सीट से टिकट के प्रबल दावेदार थे। इनके अलावा पूर्व ब्लाक प्रमुख सपा के संस्थापक सदस्य शुभकरन सिंह परिहार व पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति भी टिकट मांगने वालों की लाइन में थे। सपा नेतृत्व तीनों नामों पर गहनता के साथ मंथन कर रहा था। इसी बीच बादशाह सिंह ने सक्रिय राजनीति से बाहर होने का ऐलान कर दिया। उनके इस कदम के बाद अब सपा में पूर्व ब्लाक प्रमुख शुभकरन सिंह परिहार एवं पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति की दावेदारी फिलहाल बची है। अगर सपा ने सवर्णों पर दांव लगाया तो शुभकरण सिंह की राह आसान हो सकती है, वहीं अगर पिछड़े वर्ग पर दांव लगाया गया तो पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति की राह आसान हो सकती है।

सपा के सूत्रों का कहना है कि इन दोनों चेहरों के अलावा सपा में अन्य भी टिकट के दावेदार हैं। वह अंदर खाने सक्रिय रहकर टिकट की जुगाड़ में जुटे हुए हैं लेकिन सपा इस बार टिकट के मामले में बहुत सोच समझकर कदम उठाना चाहती है। इसके लिए उसने अपने खास लोगों को जिलों में भेजकर रिपोर्ट तैयार करके मंगानी शुरू कर दी है। फिलहाल बादशाह सिंह के सक्रिय राजनीति से हटने के बाद सपा के टिकट का समीकरण बदलने लगा है। जिसमें अन्य दलों की भी निगाहें लग गई है।

---

**समानता का संदेश** | मौदहा और सुमेरपुर करबे में नीले और तिरंगे झंडों के साथ निकली रैली, उत्सव जैसा माहौल

# आंबेडकर जयंती के पूर्व निकाली गई बाइक रैली

संवाददाता, मौदहा/सुमेरपुर

**अमृत विचार।** समाज सुधारक, भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए रविवार को दोनों कस्बे में बाइक रैली निकाली गई। नीले और तिरंगे झंडों से सजी इस रैली के माध्यम से पूरे कस्बे में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। देश में इस दिन को समानता और सामाजिक न्याय के रूप में जाना जाता है।

14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है भारत रत्न, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, संविधान सभा में प्रारूप समिति के अध्यक्ष ने सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव, छुआछूत का विरोध किया एवं शिक्षा के महत्व के बारे में समाज को जागृत करने का भरसक प्रयास किया उनके जन्मदिन को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ देश में मनाया जाता है। उनका कहना था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध जो पीएगा वह समाज में दहाड़ेगा। इस अवसर पर राम प्रकाश प्रजापति, जीशान अली, रवि वर्मा, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सुमेरपुर संवाद के अनुसार संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए रविवार को कस्बे में बाइक रैली निकाली गई। नीले और तिरंगे झंडों से सजी इस रैली के माध्यम से पूरे कस्बे में उत्सव जैसा माहौल नजर आया।

रैली के माध्यम से समाज के लोगों को सूचित किया गया कि 14 अप्रैल को सुबह भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बसपा नेता सीताराम वर्मा, अरुण कुमार, देवेंद्र, सभासद हबीब, डॉ. सागर सहित सैकड़ों की संख्या में युवा और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



आंबेडकर जयंती के पूर्व बाइक रैली निकालते युवक। अमृत विचार



तार की चिंगारी से भड़की आग ने गेहूं की फसल जला डाली। अमृत विचार

### तार की चिंगारी से 5 बीघे गेहूं जला

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** शनिवार की देर शाम अतरैया मौजे में हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से आग लगने से पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। बगल के खेत में फसल काट रहा हार्वेस्टर से आग लगी खेत का जोड़ तोड़ दिया गया, जिससे आग पर किसानों ने काबू पाया।

अतरैया गांव निवासी पूर्व प्रधान रमाकांत पाठक ने बताया कि शनिवार को देर शाम हाई टेंशन लाइन की चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लग गई और देखते ही देखते विकराल हो गई।लेकिन बगल के खेत में चल रहा हार्वेस्टर ने आग का जोड़ तोड़ने के लिए बगल से फसल को काट दिया।जिससे आग आगे नहीं बढ़ पाई और किसानों ने एकत्र होकर आग पर काबू पाया। बताया कि आग से करीब एक लाख से अधिक की क्षति हुई है। यह पूरा रकबा दस बीघे का है।लेकिन पांच बीघे का ही नुकसान है।

# अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### पशु चोरी में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कुलपहाड़।** कोतवाली पुलिस टीम ने पशु चोरी की घटना कारित करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है साथ ही उसके कब्जे से पशु बेचकर अर्जित किए गए 5500 रुपये भी बरामद किए हैं। कस्बे के नेताजी वार्ड निवासी भगवानदास पुत्र किशोरीलालने 22 फरवरी को सूचना दी गई थी कि उसके पशुबाड़े में रामलला मंदिर के पीछे बंधी तीन भैंस और एक पड़िया को अज्ञात चोरों द्वारा पिकअप वाहन से चोरी कर लिया गया है। इस घटना को संज्ञान में लेते हुए कोतवाली कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह की गठित की गई टीम के उपनिरीक्षक हरीशंकर यादव ने कांस्टेबिल प्रभात कुमार और विक्की चौधरी ने अपने सूत्रों और साक्ष्य के आधार पर रविशंकर (24) पुत्र सुरश रैकवार निवासी अटल स्कूल के समीप बेलाताल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए पशुओं को बेचकर अर्जित धनराशि में से 5500 रुपये बरामद किए गए। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 303(2), 317(2), 112(2) बीएनएस के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की गई है।

### मादक पदार्थों को किया गया नष्ट

**महोबा।** जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में विभिन्न थानों पर पंजीकृत कुल 10 मुकदमों से संबंधित मादक पदार्थों का विधिवत विनष्टीकरण कराया गया। इस दौरान कुल 9 .110 किलोग्राम गांजा के साथ 100 ग्राम डायजापाम को नियमानुसार तौलकर इंसीनरेटर मशीन के माध्यम से नष्ट किया गया। यह संपूर्ण कार्रवाई जिला स्तरीय मादक पदार्थ विनष्टीकरण कमेटी की निगरानी में पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। विनष्टीकरण प्रक्रिया के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, अभियोजन अधिकारी केपी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। पूरी कार्रवाई की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियमानुसार वीडियोग्राफी औश्र फोटोग्राफी भी कराई गई। एसएसपी ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी है। इस प्रकार की प्रभावी कार्रवाई से समाज में नशे के विरुद्ध सख्त संदेश दिया जा रहा है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## बुंदेलखंड के 'बादशाह' का सियासत से सन्यास

कार्यालय संवाददाता, महोबा


पूर्व मंत्री बादशाह सिंह।

**अमृत विचार।** 40 साल से बुंदेलखंड की सियासत की धुरी रहे बादशाह सिंह ने राजनीति को अलविदा कह दिया। 4 बार विधायक और बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे बादशाह सिंह ने सक्रिय राजनीति से सन्यास ले लिया। उन्होंने सोशल मीडिया वीडियो जारी कर राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की। उनके अचानक राजनीति से सन्यास लेने पर समर्थकों में मायूसी है। पूर्व मंत्री ने मौजूदा राजनीति से आहत होकर यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीति बहुत गंदी हो गई है। एक समय था जब राजनीति समाज सेवा का सबसे सशक्त माध्यम थी, लेकिन बदले हालतों से आहत होकर उन्होंने सक्रिय राजनीति से किनारा कर लिया।

खरेला कस्बे के रहने वाले कुंवर बादशाह सिंह ने 1989 में नगर पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव लड़कर सक्रिय राजनीति शुरू की थी। वह पहली बार में ही नगर पंचायत अध्यक्ष चुने गए थे। इसके बाद चार बार मौदहा विधानसभा सीट से विधायक बने। वर्ष 2007 में बसपा सरकार ने उन्हें कैबिनेट मंत्री के पद से नवाजा था। कुछ सालों बाद मौहदा विधानसभा सीट को हमीरपुर और महोबा विधानसभा सीट में समायोजित कर दिए और मौदहा विधानसभा सीट खत्म हो गई और तब से कुंवर बादशाह सिंह कभी विधानसभा नहीं पहुंचे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री का कहना है कि राजनीति विद्वेष भावना से की जा रही है। समाज सेवा पूरी तरह से समाप्त हो गई है। राजनीति के बदले परिवेश से आहत होकर उन्होंने सक्रिय राजनीति से सन्यास ले लिया है। 2024 में बादशाह सिंह को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट जिताने की जिम्मेदारी सौंपी थी। बादशाह सिंह ने अथक प्रयास कर भाजपा प्रत्यशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को जीत की हैट्रिक लगाने से रोका और सपा प्रत्याशी अजेंद्र लोधी को संसदीय सीट से विजयी दिलाई। इसके बाद से सपा में बादशाह सिंह का कद खास बढ़ गया, लेकिन अचानक उन्होंने सक्रिय राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा कर दी।

- चार बार विधायक रहे बदशाह सिंह मौजूदा राजनीति से खफा

**1991** से 2007 तक चार बार मौदहा विधानसभा सीट से विधायक, बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री भी बने

### पूर्व मंत्री के सन्यास लेने से सपा को झटका

- बादशाह सिंह पहली दफा 1991 में मौदहा विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे। इसके बाद 1996, 2002 और 2007 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की। क्षेत्र में कुंवर बादशाह सिंह की अलग पहचान बनी। 2024 में हमीरपुर संसदीय सीट जिताने वाले बादशाह सिंह का हमीरपुर विधानसभा सीट से 2027 के चुनाव में टिकट पक्का माना जा रहा था, लेकिन चुनाव से कुछ माह पहले ही उनके इस फैसले ने समर्थकों को जहां निराश कर दिया है, वहीं उनके सन्यास लेने से सपा को भी धक्का लगा है।

## बच्चों को स्कूल भेजने का संदेश

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- स्कूल चलो अभियान के तहत गांव में स्कूली बच्चों ने निकाली रैली
- प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर बढ़ाया हौसला

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट बिहार में वार्षिकोत्सव और स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी जैतपुर अवनीश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान बिहार दुलीचंद अहिरवार ने भरपूर सहयोग किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजे जाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी ने अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील की साथ ही बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के साथ साथ यदि घर पर बच्चों के होमवर्क के प्रति अभिभावक रुचि लेगे तो बच्चे निश्चित रुप से होनहार होगे।



बच्चों को पुरस्कृत करते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अभिभावकों के रुचि लेने से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्सुकता बढ़ती है। सिर्फ स्कूल के भरोसे बच्चों को नहीं छोड़ना चाहिए। साथ ही विद्यालय से नवोदय स्कूल, सैनिक स्कूल की परीक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता तथा प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला अफजाई किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. भूपेंद्र राजपूत मुढ़ारी, गणेशी लाल लंबरदार, प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार यादव, सहायक अध्यापक देवीचरण प्रजापति, कुलदीप राजपूत, शैलेंद्र कुमार सेन, उपेंद्र यादव, शिक्षामित्र भजनलाल, मीना देवी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक उपेंद्र यादव ने किया। प्रधानाध्यापक ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## चकबंदी के फेर में फंसीं सैकड़ों फॉर्मर रजिस्ट्री

### चकबंदी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी खतौनी ऑनलाइन नहीं

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए परेशान कुलपहाड़ तहसील के किसान
- प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर किसानों ने लगाई गुहार

**अमृत विचार।** शासन की संचालित तमाम योजनाएं बेमतलब साबित हो रही हैं। बगैर ऑनलाइन खतौनी के किसानों को कोई भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वरिष्ठ समाजसेवी राधेलाल यादव ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर क्षेत्र के किसानों को ऑनलाइन खतौनी उपलब्ध कराए जाने की मांग की है, जिससे किसानों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

नगर क्षेत्र में चकबंदी प्रक्रिया के चलते किसानों की कम्प्यूटर में खतौनी आनलइान नहीं चढ़ाई गई, जिससे यहां के किसानों को आनलाइन खतौनी नहीं मिल पा रही है। ऑनलाइन खतौनी के लिए किसान संगठनों, बार एसोसिएशन, समाजसेवी तथा जन प्रतिनिधियों ने अनेकों बार प्रार्थना पत्र देकर ऑनलाइन खतौनी उपलब्ध कराने की मांगें की जा रही है, लेकिन अभी तक किसानों को आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है, जिससे किसानों में मायूसी के साथ साथ नाराजगी भी बढ़ती जा रही है।

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी राधेलाल यादव ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ऑनलाइन खतौनी प्रक्रिया को संचालित कराने की मांग की गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में बताया है कि तहसील कुलपहाड़ में चकबंदी प्रक्रिया सन् 1979 में लागू की गई थी, जिसमें ढेर सारी समस्याएं अभी लंबित हैं। बताया कि ऊपरी दबाव के कारण तत्कालीन जिलाधिकारी ने सन् 2022 में धारा 52 का प्रकाशन आनन फानन में करा दिया है, लेकिन कस्बा क्षेत्र के किसानों की खतौनी आज तक ऑनलाइन नहीं चढ़ाई गई, जिससे किसानों का ऑनलाइन पंजीयन नहीं हो पा रहा है और न ही फार्मर रजिस्ट्री हो पा रही है। किसानों के पहचान पत्र के अभाव में सरकार की लाभार्थी परक योजनाओं से किसान वंचित हो रहे हैं। प्रशासन की लापरवाही से खतौनी के अभाव में कुलपहाड़ क्षेत्र के किसान खासा परेशान हैं।

### फॉर्मर रजिस्ट्री न होने से नहीं मिल रहा लाभ

- शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दिए जाने से किसानों के हित के लिए चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। कारण, कस्बा कुलपहाड़ में चकबंदी प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद भी आनलाइन रजिस्ट्री नहीं मिल रही है। इसके लिए क्षेत्र के किसानों ने मुख्यमंत्री कृषि मंत्री कमिश्नर और जिलाधिकारी को अनेक बार पत्र लिखे, इसके बाद भी आनलान रजिस्ट्री की कोई व्यवस्था नहीं हो सकी, जिससे किसानों को सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार


मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर बढ़ाया गया हौसला। अमृत विचार

## बच्चों की शिक्षा में माता-पिता की भूमिका अहम

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- उच्च प्राथमिक विद्यालय अजनर में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम
- प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में रिपोर्ट कार्ड देकर मेधावी छात्र-छात्राओं को बांटे गए पुरस्कार

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय अजनर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर छात्र छात्राओं द्वारा दी गई परीक्षाओं का रिपोर्ट कार्ड वितरण किया साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। समारोह में अपने रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। आयोजित कार्यक्रम में अभिभावकों के अलावा अन्य लोगों की खासी भीड़ मौजूद रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान नन्हेराम अनुरागी और विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. एस पाठक ने शिरकत की। अतिथियों ने विद्यालय के नए प्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण किया साथ ही विद्यालय में समस्त कक्षाओं की परीक्षा देने वाले छात्र छात्राओं के रिपोर्ट कार्ड भी वितरित किए गए। इस मौके पर परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ बेस्ट स्टूडेंट और स्पेशल स्टूडेंट अवार्ड देकर बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने और अन्य बच्चों ने नृत्य, गीत और नाटक की प्रस्तुति देकर लोगों की तालियां बटोरी। कार्यक्रम दौरान मुख्य अतिथि ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का ही परिणाम है। उन्होंने जोर दिया गया कि बच्चों की शिक्षा में माता-पिता का सहयोग और सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। अभिभावक शिक्षक संवाद से ही बच्चे के प्रदर्शन को बेहतर बनाया जा सकता है।

विशिष्ठ अतिथि ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान काफी नहीं है, छात्रों में नैतिक मूल्य, ईमानदारी और अच्छे संस्कार विकसित करना शिक्षा का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। सामाजिक जिम्मेदारी का आह्वान करते हुए विद्यार्थियों को जल संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक भी करना चाहिए। उन्होंने यह संदेश दिया गया कि कम अंक आने पर निराश न हों, बल्कि अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ें और सफलता हासिल करें। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बलराम प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेश कुशवाहा, सहायक अध्यापिका निर्मला रैकवार, नीति खरे, नेहा अग्रवाल, पंकज त्रिपाठी, भरत अहिरवार पंकज कुमार त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- 5 मई को कराया जाएगा मतदान उसी दिन होगी मतगणना

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। संभावित प्रत्याशियों ने अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए जनसंपर्क शुरू कर दिया है। कचहरी परिसर में सरगर्मी बढ़ गई है। संभावित प्रत्याशी नाश्ता-पानी कराने लगे हैं।

5 मई को बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह है। दरअसल, दिसम्बर 2025 में होने वाले अधिवक्ता समिति के चुनाव बार काउंसिल इलाहाबाद चुनाव के कारण टल जाने से समय से चार माह अब मई में चुनाव की घोषणा हुई है। काफी दिनों से चुनाव की तैयारी कर रहे अधिवक्ता भी अब तेजी से जनसंपर्क में जुट गए हैं। अधिवक्ताओं के चैंबर में आज कल चुनावी चर्चाएं अधिक चल रही हैं।

एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रामऔतार सिंह ने दस दिन पहले अधिवक्ता समिति के चुनाव की घोषणा कर दी थी। इसके बाद चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई। अधिवक्ता मतदाताओं ने वार्षिक शुल्क जमा करके बार एसोसिएशन की सदस्यता भी ले ली है। अब नामांकन प्रक्रिया की तैयारी चल रही है। 5 मई को मतदान कराने के बाद शाम चार बजे के बाद मतगणना भी कराई जाएगी और इसी दिन चुनाव परिणाम भी घोषित किया जाएगा।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप आवाज उठाएंगे किसान

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- बुंदेलखंड किसान यूनियन ने बैठक में समस्याओं पर किया मंथन, आंदोलन की तैयारी

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत की अध्यक्षता में रविवार को अटल ज्योति इंटर कॉलेज जैतपुर के समीप बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसान नेताओं ने गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाना की कमी का मुद्दा उठाते हुए फसल बेंचने में आ रही परेशानियों पर मथन किया। किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए बुंदेलखंड किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के किसानों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। पहले फसल की बुवाई के लिए खाद बीज की


बैठक में समस्याओं पर चर्चा करते किसान नेता। अमृत विचार

समस्या से जूझना पड़ा फिर उसके बाद दयवीय आपदाओं की मार झेलनी पड़ी। अब किसान जब गेहूं की फसल तैयार होने के बाद क्रय केंद्रों पर बेंचने जा रहे तो वहां बारादाना की दिक्कत से जूझना पड़ रहा है। बैठक में किसानों ने सीएचसी जैतपुर में तैनात महिला चिकित्सक के सप्ताह में केवल एक दिन आने से महिलाओं को सामुचित इजाल न मिलने पर भी चर्चा।की

बैठक में असमय बारिश और ओलावृष्टि से नष्ट फसलों का निष्पक्ष सर्वे कराने, सभी गेहूं खरीद केंद्रों को तत्काल शुरू किया जाए, खरीद केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया जाए, सीएचसी जैतपुर में महिला चिकित्सक की नियमित तैनाती कराने सहित किसानों अन्य समस्याओं पर चर्चा करते हुए 13 अप्रैल को कुलपहाड़ तहसील में उपजिलाधिकारी को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया गया साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो यूनियन विशाल धरनाप्रदर्शन करने को बाध्य हो जाएगा। इस अवसर पर संगठन मंत्री बालाजी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष किरन पाठक, राष्ट्रीय सचिव अखिलेश रावत, मंडल उपाध्यक्ष नरोत्तम गुप्ता, चरन सिंह यादव, रविंद्र रिछारिया, अशोक कुमार प्रजापति, अशोक कुमार सेन सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।


प्रशिक्षण में मौजूद एएसपी वंदना सिंह और उप निरीक्षक। अमृत विचार

### विवेचकों को डिजिटल एप का दिया गया प्रशिक्षण

**महोबा।** एएसपी वंदना सिंह की मौजूदगी में पुलिस लाइन सभागार में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सीओ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न थानों पर नियुक्त विवेचकों, उपनिरीक्षकों को आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग के संबन्ध में जानकारी दी गई। ई साक्ष्य एप, यक्ष एप, ईसम्मन की तामीला, नेटग्रिड तथा अन्य डिजिटल एप्लीकेशनों के उपयोग के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम दौरा अधिकारियों ने उपनिरीक्षकों को बताया गया कि वर्तमान समय में तकनीकी संसाधनों का कुशल प्रयोग विवेचना की गुणवत्ता और पारदर्शिता को बढ़ाने में अत्यंत सहायक है साथ ही, सभी को निर्देशित किया गया कि वे इन एप्स का प्रभावी ढंग से उपयोग कर विवेचनाओं को त्वरित, सटीक एवं साक्ष्य आधारित बनाएं। अंत में उपस्थित अधिकारियों ने विवेचकों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म के अधिकतम उपयोग के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**भक्ति मार्ग** | कबीर आश्रम में आयोजित सत्संग में सजी कबीर के भजनों की महफिल

## राम नाम का जाप करने से मिलती परम शांति

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** आज का मानव धन सम्पत्ति अर्जित कर बिलासिता व अज्ञानता की नींद में सोते हुए अहंकार पूर्ण जीवन जी रहा है। पैसे की लालसा में ईश्वर का नाम नहीं लेता, शराब के नशे में जीवन को व्यर्थ कर रहा, जबकि सच्चा रसायन राम नाम का है। इसलिए मानव को राम नाम का जाप करना चाहिए, क्योंकि कलयुग में मन को परम शांति, सकारात्मक ऊर्जा और भय से मुक्ति दिलाने वाला सबसे सरल और प्रभावशाली साधन माना जाता है।

समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने यह बात रविवार को शहर के कबीर आश्रम में आयोजित संत्संग में कही। उन्होंने कहा कि भगवान राम की भक्ति और उनके नाम का सिमरन जीवन के सभी सांसारिक दुखों, भय और मानसिक अशांति का नाश करता है। उन्होंने कबीर का दोहा सुनाते हुए कहा कि नींद निशानी मौत की, उठु कबीरा जाग और रसायन छाँड़िके, राम रसायन लाग। पंडित आशाराम तिवारी ने कहा कि सत्संग के प्रभाव से कौए भी हंस बन जाते हैं साथ ही सत्संग जीवन में आमूलचूल सकारात्मक परिवर्तन लाता है, जो नकारात्मकता को दूर कर मन को शांति, सात्विक प्रकाश और मार्गदर्शन प्रदान करता है। कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने कबीरी रचना सुनाते हुए कहा कि कबीर की भक्ति छोड़ नहीं सकते नेक काम बंद नहीं कर सकते। सत्संग में अवधेश अवस्थी ने कहा कि हीरा तहां न खोलिये, जहां कुंजरों की हाट, सहजै गांठी बांधि के, लगिये अपनी बाट। जगदीश रिछारिया ने भजन कोई मिला दे मोये पिया से सुनाया, वहीं प्रेम विश्वकर्मा ने किते जा रहे श्याम मुरारी भजन प्रस्तुत किया। कामता प्रसाद चौरसिया ने कबीर के दोहे व रामऔतार सेन ने सो मोरे मन कब भजिहो सतनाम, टेक बालापन सब खेल गमायो, ज्वानी में व्यापो काम, वृद्ध भये तन काँपन लागे, लटकन लागो चाम। सुनाकर माहौल को भक्ति मय बना दिया। अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने विश्व शांति बनाए रखने के लिए सत्संग की महिमा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राजाराम चौरसिया, लखनलाल, कल्लू, पप्पू सेन आदि कबीरी भक्त मौजूद रहे।


सत्संग में कबीर के भजन सुनाते लोग। अमृत विचार

## निर्माण के विवाद में विधवा से मारपीट

**भरथना।** थाना क्षेत्र के झिंदुआ में रविवार सुबह निर्माण करा रही विधवा के साथ तीन लोगों ने मारपीट की। पीडिता ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई मांगी है।

झिंदुआ गांव निवासी पप्पी देवी पत्नी स्व. सर्वेश कुमार के अनुसार वह सुबह करीब 9 बजे अपनी जमीन पर टीनशेड के नीचे भूसा रखने के लिए दीवार बनवा रही थी, तभी गांव के तीन लोग आ पहुंचे। तीनों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें धक्का दे दिया, जिससे वह गिर पड़ीं। इसके बाद लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। आरोपित दबंग हैं और आए दिन परेशान करते हैं। पीड़िता ने भरथना थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी है।

## गेहूं बेचने के बाद नहीं मिली रकम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने सर्वर की समस्या बताकर जल्द भुगतान दिए जाने की कही बात
- किसान ने जिलाधिकारी के साथ मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री से शिकायत कर कार्रवाई मांगी

**अमृत विचार।** सहाकारी क्रय विक्रय समिति कबरई में गेहूं बेचने के बाद भी 96 घंटे बाद भी पूरी धनराशि का भुगतान नहीं किया, जिससे किसान परेशान होकर शेष राशि के लिए चक्कर लगा रहा है। किसान ने खाद्य विपणन अधिकारी से भी संपर्क किया, लेकिन कोई संताषजनक जवाब नहीं मिला। पीड़ित किसान ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर काटी गई धनराशि दिलाए जाने की माग की है। वहीं कर्मचारी सर्वर की समस्या बता रहे हैं।

कबरई निवासी किसान कमलेश कुमार ने बताया कि उसने 08 अप्रैल 2026 को समिति में 49 कुंतल गेहूं बेचा था। इसके लिए उन्हें रसीद संख्या 3326500019 जारी की गई थी। कुल देय धनराशि में से 2533.30 रुपये की कटौती कर दी गई थी। समिति के कर्मचारियों ने किसान को बताया था कि यह कटौती नेटवर्क सर्वर की समस्या के कारण हुई है और 24 घंटे के भीतर पूरी राशि उनके खाते में भेजने का आश्वासन दिया था। बताया कि 24 घंटे बाद जब भुगतान खाते में आया, तो कटे गए पैसे उसमें शामिल नहीं थी। परेशान होकर किसान ने खाद्य विपणन अधिकारी से संपर्क किया, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में लखनऊ मुख्यालय से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इसके बाद, कमलेश कुमार ने जिलाधिकारी, कृषि, खाद्य मंत्री, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को शिकायती पत्र भेजकर मामले से अवगत कराते हुए बकाया 2533.30 रुपये की राशि तत्काल खाते में भेजे जाने की मांग की है। क्षेत्र के अन्य किसानों का भी कहना है कि समिति पर नेटवर्क की समस्या बताकर अक्सर भुगतान में देरी और कटौती की जाती है। इससे किसानों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जिला खाद्य विपणन अधिकारी उदित नारायन सिंह ने बताया कि यह गलती सिस्टम से हुई है और इसे सोमवार तक सुधार लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भीम रेस का किया आयोजन

**सीतापुर (चित्रकूट)।** आंबेडकर सेवा समिति व माया सर्व सेवा संस्थान ने रविवार को कस्बे में भीम रेस का आयोजन किया। इसमें आयोजक जितेंद्र सोनकर और जिला संयोजक संजय गौतम ने बच्चों की हौसलाफजाई की। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में श्रीपाल प्रजापति, रमाशंकर प्रजापति, राजेश सोनकर, उमेश वर्मा, अशोक कुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग मामलों में चार वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** मऊ थाने के एसआई रामअधार सिंह ने आबकारी अधिनियम के वारंटी रामप्रसाद उर्फ मेंहदी पुत्र रामखेलावन निवासी बरियारी कलां को गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के एसआई संतोष कुमार सिंह ने एनडीपीएस एक्ट के वारंटी गोलू सोनकर उर्फ लंगड पुत्र बब्बू सोनकर निवासी हनुमानगंज को, थानाध्यक्ष पहाड़ी प्रवीण कुमार सिंह ने वारंटी राजकरन पुत्र सरजुन निवासी ग्राम देवल और रैपुरा थाने के एसआई मुकेश कुमार सिंह ने वारंटी मोहित त्रिपाठी पुत्र रामचरन निवासी लौरी को गिरफ्तार किया।

### पुलिस कार्यालय में किया गया श्रमदान

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अगुवाई में रविवार को पुलिस कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चला। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर आफिस एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई की। एसपी ने निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कार्यस्थलों पर सफाई करें और लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। इस दौरान वाचक राजीव कुमार सिंह, प्रभारी महिला सेल जयप्रकाश उपाध्याय, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

### तीन आरोपी गिरफ्तार अवैध शराब बरामद

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के एसआई सुभाषराम ने वीरेंद्र सिंह पुत्र जगदीश निवासी खजुरिहा कला को 25 अदद क्वार्टर देशी शराब और संतोष कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी जगदेव दास का अखाड़ा दुर्गाकुंज तरौंहा को 20 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। उधर, राजापुर थाने के एसआई बृजबिहारी ने नवल पुत्र बउआ पासी निवासी रुपौली को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई।

### गांव समाज की जमीन पर कब्जे का आरोप

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील अंतर्गत इटौरा गांव निवासी रहमान पुत्र सैय्यद ने गांव के कुछ लोगों पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। रहमान ने बताया कि ग्रामसभा के अंतर्गत पहाड़ और तलहटी सरकारी जमीन है। इस पर गांव के कुछ लोग खुदाई कर खनिज संपदा को नष्ट कर रहे हैं और दबंगई से घर बनाकर रह रहे हैं। उसने इस संबंध में लेखपाल को भी बताया पर उसने कुछ नहीं किया। विरोध करने पर आरोपी गालीगलौज करते हैं। उसने गांव की जमीन पर कब्जा हटवाने की मांग की है।

# मड़फा महादेव आश्रम की यज्ञशाला में आग, लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



धू-धूकर जलती यज्ञशाला। अमृत विचार

- अधीक्षण अभियंता बोले, विभाग की कोई गलती नहीं

**अमृत विचार।** तीर्थस्थल मड़फा महादेव की तलहटी में स्थित शंकराचार्य आश्रम में रविवार शाम निर्माणाधीन यज्ञशाला धूधू कर राख के ढेर में तब्दील हो गई। आश्रम प्रबंधन का आरोप है कि ऊपर से निकली तार की वजह से आग लगी है और करीब 15 लाख रुपये के नुकसान हुआ है। हालांकि बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके यादव का कहना है कि घटना में बिजली विभाग की कोई गलती नहीं है।

जानकारी के मुताबिक, पूर्वाम्नाय पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी अधोक्षजानन्द महाराज के निर्देशन में आश्रम परिसर में यज्ञशाला का निर्माण कराया गया था। यहां हाल ही में शिव शक्ति महायज्ञ एवं राजराजेश्वरी महाआराधना का आयोजन भी हुआ था। वृंदावन और काशी से आए कारीगरों द्वारा तैयार की गई यह यज्ञशाला अपनी सुंदरता के लिए चर्चित थी। आश्रम प्रबंधन का आरोप है कि परिसर के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन को हटाने के लिए कई बार विद्युत विभाग को लिखित और मौखिक रूप से सूचित किया गया लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। बीते दिन यहां तारों से निकली चिंगारी से आग लग गई और यज्ञशाला राख के ढेर में तब्दील हो गई। गांव के पूर्व प्रधान नरेंद्र कुमार पयासी के अनुसार, शाम करीब सात बजे संध्या आरती की तैयारी चल रही थी, तभी अचानक यज्ञशाला में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।" उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन दमकल की गाड़ी करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के प्रयास से आग को आगे फैलने से रोका जा सका अन्यथा आसपास के खेतों में खड़ी फसल और पूरा गांव इसकी चपेट में आ सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हाई वोल्टेज लाइन नहीं हटाई गई तो भविष्य में और भी बड़ा नुकसान हो सकता है। वहीं, कुछ लोगों ने सवाल भी उठाए हैं कि जब ऊपर से बिजली की तारें पहले से गुजर रही थीं, तो उसी स्थान पर हवन कुंड का निर्माण क्यों किया गया। इस संबंध में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके यादव ने विभाग पर आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि पहली बात तो यह कि वहां जो आपूर्ति की तारें हैं, वे बांदा के फतेहगंज से आती हैं। दूसरी बात यह कि उन्होंने कर्मचारियों को भेजकर घटना की जांच कराई थी। कर्मचारियों ने बताया है कि आग वहां रखे जनरेटर की वजह से लगी है।

## भाई पर 35 लाख का फर्जी लोन कराने का आरोप

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कौबरा गांव निवासी मधुरेश मिश्रा ने अपने भाई पर आरोप लगाया है कि उसने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसके नाम पर 35 लाख रुपये का ट्रक लोन करा लिया। आरोप है कि वर्ष 2021 में आरोपी ने पहले उसकी पत्नी से जरूरी दस्तावेज यह कहकर ले लिए कि यह उसके किसी काम के लिए हैं। आरोप है कि इन्हीं दस्तावेजों और मोबाइल का इस्तेमाल कर फर्जी हस्ताक्षर तैयार कर लोन कराया। आरोपी ने लोन की रकम से ट्रक खरीदा और बाद में उसे स्टांप के जरिए किसी अन्य को बेच दिया। पूरी प्रक्रिया की जानकारी मधुरेश को लंबे समय तक नहीं हो सकी। घटना का खुलासा तब हुआ जब वह किसी जरूरत पर लोन लेने फाइनेंस कंपनी पहुंचा। वहां बताया गया कि उसके नाम पर पहले से ही 35 लाख का लोन है। मधुरेश ने इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।



कार्यक्रम के दौरान जानकारी लेते युवा। अमृत विचार

## 25 शिक्षित बेरोजगारों को दिया प्रशिक्षण

पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र (आरसेटी) शिवरामपुर ने ग्राम पंचायत अरछा बरेठी में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम किया। 25 शिक्षित बेरोजगारों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पंजीकरण कराया। इनमें 20 बालक और पांच बालिकाएं हैं।

बालिकाओं का 20 अप्रैल के बाद एक माह का सिलाई प्रशिक्षण शुरू होगा। फैकल्टी प्रभारी प्रशांत कुशवाहा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इंडियन बैंक के माध्यम से शिक्षित बेरोजगारों को विभिन्न प्रकार के रोजगार परक प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बनाया जा रहा है। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी गौरव श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक सभासद एवं समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव, जगदीश पांडेय, संगम चतुर्वेदी, राजकुमार, सोनू वर्मा, अर्जुन यादव, शिवबली सिंह, अभिषेक सिंह, बैजनाथ वर्मा रहे।

# महंत पर दुष्कर्म के मामले में हाईकोर्ट ने तलब की रिपोर्ट

## पीड़िता की सुरक्षा भी सुनिश्चित करने को कहा, मध्य प्रदेश के सतना की एक महिला ने महंत के खिलाफ दर्ज कराई थी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** पीड़िता द्वारा लगाई गई न्याय की गुहार को सुनकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने चित्रकूट पुलिस को रेप के मामले में चल रही विवेचना की रिपोर्ट तलब की है। इसमें पुलिस अधीक्षक की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता ने जांच पूरी कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए तीन दिन का समय मांगा है। इसके अलावा हाईकोर्ट ने इस मामले में पीड़िता की सुरक्षा भी सुनिश्चित कराने के निर्देश पुलिस को दिए हैं।

धर्मनगरी के यज्ञवेदी मंदिर के महंत सत्यप्रकाश दास और उनके सहयोगियों पर मध्य प्रदेश के सतना जिले की एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। इस फाइनल रिपोर्ट में विवेचना को त्रुटिपूर्ण करार देते हुए 18 नवंबर 2025 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने निरस्त करते हुए फिर से जांच कराने के आदेश पुलिस को दिए थे। इसके बाद पीड़िता ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर आरोपी महंत की गिरफ्तारी की मांग की थी। पीड़िता के अनुसार, उसके पति चित्रकूट के महंत सत्यप्रकाश दास के साथ रहते थे। इसके चलते महंत के विरुद्ध पहाड़ी थाने में हत्या के प्रयास में एक आपराधिक मामले में उसके पति को भी सह अभियुक्त बनाया गया था। वर्ष 2016 में उसके पति महंत सत्यप्रकाश दास के साथ जेल में थे। इसके चलते वह मुकदमे की पैरवी के लिए चित्रकूट आती थी और यज्ञवेदी निर्वाणी अखाड़ा में रुकती थी। जहां महंत के भाई जयप्रकाश ने उसे एक कमरा दिला दिया था। आरोप लगाया कि कमरा दिलाने के बाद पति के जेल में रहने के कारण महंत ने उसके साथ डरा धमका कर शारीरिक संबंध बनाया और विरोध करने पर पति को जेल में बंद रखने और जान से मरवाने की धमकी देता था। इस दौरान जयप्रकाश अपने भाई महंत सत्यप्रकाश दास और अपने रिश्तेदार अरविन्द्र के साथ उसका शारीरिक शोषण करते रहे और इसकी जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी देते रहे। पति के जेल से आने के बाद बीती 18 जून 2024 को तीनों आरोपियों ने यज्ञवेदी निर्वाणी अखाड़ा के कमरे से उसके पति को बाहर भेज दिया और देर रात तीनों लोगों ने बिना उसकी इच्छा के जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया और विरोध करने पर मारपीट की। इस दौरान महंत ने कहा कि उनके मन मुताबिक काम न करने पर वह उसके पति व बच्चों को गायब करवा देंगे। इसके दूसरे दिन 19 जून को उसने अपने पति को पूरे घटना की जानकारी दी और पति के साथ सीतापुर चौकी जाकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया, किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने उच्चाधिकारियों को भी अपने साथ हुए शोषण की जानकारी दी, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई साथ ही आरोपियों द्वारा धमकी दी गई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी महंत के विरुद्ध कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। इसके बावजूद महंत के प्रभाव और दबाव के कारण उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें न्यायालय के आदेश पर कर्वी कोतवाली में जयप्रकाश पाठक, महंत सत्यप्रकाश दास व अरविन्द्र के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इस मामले में पुलिस द्वारा विवेचना के बाद एफआर लगा दी गई। जिसे सीजेएम कोर्ट द्वारा निरस्त करते हुए फिर से विवेचना करने के आदेश दिए गए थे। लगभग पांच माह बीतने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी ने होने पर पीड़िता ने उच्च न्यायालय की शरण ली। पीड़िता ने यह भी बताया था, कि एक आरोपी जयप्रकाश पाठक उसके यहां पहुंचा और हंगामा करते हुए मारपीट की। जिसके बाद पुलिस ने उसे आरोपियों से बचाने के बजाय उसका ही चालान कर 24 घण्टे के लिए जेल भेज दिया था। आरोपी लगातार उस पर मामले की पैरवी न करने का दबाव बना रहें हैं। उधर, एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट ने विवेचना की एफीडेविट प्रगति रिपोर्ट मांगी है, जो भेज दी गई है। बाकी कोई बात नहीं है।

### आखिर जांच पूरी करने के लिए कितना समय चाहिए

- इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और तरुण सक्सेना ने इस मामले में अपर शासकीय अधिवक्ता से कहा कि पीड़िता के अनुसार इस मामले में उसने अपने स्पष्ट जवाब दिए हैं और दोषसिद्ध होने वाले साक्ष्य भी उपलब्ध कराए हैं। इसके बावजूद पुलिस ने इस मामले में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की थी। ऐसे में पहले चित्रकूट पुलिस अधीक्षक से पूछें कि जांच पूरी करने में कितना समय लगेगा। जिसके बाद अपर शासकीय अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक ने इसके लिए केवल तीन दिन का समय मांगा है। जिसके बाद हाईकोर्ट ने कहा कि अब चित्रकूट पुलिस यह भी सुनिश्चित करे कि पीड़िता या उसके पति पर आरोपी महंत सत्यप्रकाश दास, जयप्रकाश पाठक और रिश्तेदार अरविंद कुमार प्रत्यक्ष या किसी इलेक्ट्रानिक संचार माध्यम से दबाव न डालें और न ही उन्हें कोई क्षति पहुंचे। हाईकोर्ट ने इस मामले में अग्रिम तिथि 16 अप्रैल नियत की है।



कथावाचक दीनबंधु तिवारी। अमृत विचार

## सच्ची भक्ति से आराधना पर रीझ जाते हैं भगवान

**रामनगर (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत छीबों रामबाबू मिश्र के घर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पं. दीनबंधु तिवारी ने चौथे दिवस की कथा में गजेंद्र मोक्ष की पावन कथा सुनाई। कहा कि भक्ति एवं श्रद्धा से पुकारने पर भगवान को आना ही पड़ता है। कथा व्यास ने रघुवंश के प्रतापी राजाओं के जीवन दर्शन का विस्तार से वर्णन किया और भगवान श्री राम के जन्म की कथा का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की चकाचौंध में लोग सनातन संस्कृति से विरत हो रहे हैं, जो समाज एवं धर्म के हिसाब से भी कदापि उचित नहीं है।

# 27 साल बाद पकड़ा गया 'मृत' घोषित आरोपी विजय शुक्ला

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



आरोपी विजय शुक्ला।

**अमृत विचार।** वह दशकों तक पुलिस को चकमा देता रहा और फिर 'मृत' मान लिया गया। पर आखिरकार पकड़ा गया।

गौरतलब है कि बीते दिन पुलिस ने मंदिरों में चोरी की घटनाओं का खुलासा कर चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें एक 27 साल से फरार विजय शुक्ला है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि राजापुर क्षेत्र का निवासी विजय शुक्ला वर्ष 1997 में हत्या के एक मामले के बाद से फरार था। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपनी पहचान बदल ली थी और आगरा समेत कई शहरों में ठिकाने बदल-बदल कर रह रहा था। इस दौरान वह चित्रकूट और मध्य प्रदेश के इलाकों में भी सक्रिय बना रहा। चौंकाने वाली बात यह रही कि स्थानीय स्तर पर उसकी मौत की अफवाह फैल चुकी थी, जिससे पुलिस की जांच वर्षों तक गुमराह रही। हालिया चोरी की घटना की पड़ताल के दौरान संदिग्धों से पूछताछ में उसका नाम उभरा, जिसके बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए जाल बिछाया और आखिरकार उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने पुराने आपराधिक कारनामों को कबूल किया है। जांच में यह भी सामने आया है कि वह मध्य प्रदेश में किराए के मकान में छद्म पहचान के साथ रह रहा था और आपराधिक गतिविधियों में लगातार लिप्त था। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी गई है।

# एथलेटिक्स में दो बालिकाओं ने नाम किया रोशन



कोच अंगद सिंह यादव के साथ साक्षी व मुस्कान। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- प्रयागराज में हुई राज्य जूनियर अंडर-20 चैंपियनशिप

**अमृत विचार।** प्रयागराज में हुई राज्य जूनियर अंडर 20 फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिले की दो छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर दो पदक हासिल किए। एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव ने बताया कि प्रयागराज के मदनमोहन मालवीय स्टेडियम में संपन्न प्रतियोगिता में खेलो इंडिया चित्रकूट सेंटर मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं साक्षी गुप्ता ने हैमर थ्रो और मुस्कान ने ट्रिपल जंप में कांस्य पदक प्राप्त किया। क्रीड़ाधिकारी अरविंद कुमार सोनकर, बाक्सिंग कोच हितेंद्र सिंह, क्रिकेट कोच फिरोज अंसारी, खेल शिक्षक श्यामसुंदर यादव, श्रीकेशन, अख्तर हुसैन ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

**लापता की तलाश**



**हिमांशु उर्फ रविंद्र** पुत्र **हरनाथ उर्फ रामू उम्र करीब 15 वर्ष निवासी रामपुर बिनौरा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज** 16 फरवरी 26से सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपने घर से लापता है। जिसका हाजा थाना तिर्वा पर मु 0 अपराध संख्या 50/26 धारा 137(2) बी एन एस में दर्ज है बालक का हुलिया,रंग गेहूंआ,गोल चेहरा, इकहरा बदन,आंख, कान नाक औसत।लंबाई करीब साढ़े चार फीट है।बदन पर नीले रंग की जींस पेंट, शर्ट कत्थई, पैर में हवाई चप्पल पहने हुए है।

**मिलने पर निम्न लिखित नंबरों से सूचित करें।**

**विवेचक- 7705035203**
**प्रभारी निरीक्षक थाना तिर्वा- 9454403687**
**क्षेत्राधिकारी तिर्वा- 9454401476**
**जनपद कन्नौज।**

अव्यवस्था | मजरा सीठी का पुरवा में नमामि गंगे की हकीकत

# गांव वाले बोले, सड़क भी खराब, नहीं मिल रहा पानी



बिना टोंटी के ठूंठ बने पाइप के पास खड़े ग्रामीण। अमृत विचार



ड्रम में संरक्षित पानी दिखाती महिला रामसखी। अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** आकांक्षी ब्लाक रामनगर की ग्राम पंचायत छीबों के मजरे सीठी का पुरवा में लगभग तीन वर्ष पहले सड़क की खुदाई कर पाइप लाइन बिछा दी गई, नल के पोल खड़े किए गए लेकिन टोंटिया आज तक नहीं लगाई गईं। ग्रामीणों का दावा है कि बूंद भर पानी यहां नहीं पहुंच सका।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मजरे की कुल आबादी लगभग 400 है। लगभग 80 कच्चे पक्के घर हैं। इतनी आबादी में तीन सरकारी हैंडपंप लगे हैं। इनमें एक प्राथमिक विद्यालय में है और केवल दो हैंडपंप के सहारे सीठीपुरवा की पूरी आबादी की प्यास निर्भर है। ग्रामीणों कामता प्रसाद, रज्जू पाल, रामकृपाल, दिनेश आदि ने बताया कि बड़ी उम्मीद लगाई थी कि नमामि गंगे योजना से हर घर को जल मिलेगा लेकिन यहां तो तीन साल बीत गए एक बूंद पानी नहीं आया। और हद यह भी है कि कोई यह भी नहीं बताता कि यहां पानी आखिर आएगा कब। आरोप लगाया कि पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खराब कर दी, सो अलग।

ग्रामीण बताते हैं कि हमें अपने लिए और जानवरों के लिए ड्रम में पानी सहेज कर रखना पड़ता है। मजरे में किसी के यहां शादी शहालग होने पर या तो टैंकर बुलाते हैं अन्यथा हर घर का एक सदस्य मिलकर पानी भरने में सहयोग करता है।

### इन गांवों में 751 नल कनेक्शन धारक

- छीबों गांव में जंदा पुरवा, बेसा पुरवा, छीबों, देवनी पुरवा, देवहटा, दो पुरवा, दोवियो का डेरा, झंडा पुरवा, कुम्हारन पुरवा, नई बस्ती, नई बस्ती, राहुनिया पुरवा, राम नरेश गौतम पुरवा, सेठी पुरवा, शिव प्रसाद पांडेय पुरवा, यादव पुरवा को मिलाकर कुल 751 नल कनेक्शन धारक हैं।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, पांच लोग घायल

**कानपुर देहात:** जनपद के सिकंदरा थाना क्षेत्र के कानपुर-इटावा नेशनल हाइवे पर शनिवार को देर रात भीषण सड़क हादसे में मैजिक गाड़ी पर सवार एक 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ जब कि चार लोग मामूली रूप से जख्मी हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। दूसरी तरफ, घटना में युवक की मौत की खबर के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। हादसा सिकंदरा थाना क्षेत्र के सूर्या ओवरब्रिज के पास हुआ। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा अहरौली शेख निवासी रईश के पुत्र शाहबाज की बारात मैजिक वाहन से इटावा जा रही थी। रास्ते में बारातियों ने चाय नाश्ते के लिए सूर्या ढाबा के पास वाहनों को खड़ा कर दिया। पीछे से आ रहे एक ट्रक ने खड़े वाहनों में टक्कर मार दी।

## बजरंग दल के उपाध्यक्ष बने अनिल पटेल



अनिल पटेल।

**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की सतना में हुई बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। अनिल कुमार पटेल को चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर डा. एलबी सिंह चंदेल, ओम प्रकाश यादव, मुकेश शरण, राकेश गर्ग, दिलीप शुक्ला, गोलू सिंह, अश्वनी शुक्ला, आरती सिंह, प्रदीप पटेल आदि मौजूद रहे।

कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता

लघु डाल नहर खण्ड, कानपुर

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–50/अधि0अभि0, ल0डा0न0ख0का0/2025–26 की निरस्त किये जाने की सूचना,

इस कार्यालय की अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– 50/EE/M.L.C.D.KNP/2025. 26/दिनांक–01.11.2025 जो Providing and installation , trial and testing of Servo voltage stabilizer of 1000 KVA (3 phase , 300-460V/400V) at Rajapur pump canal work includes providing of 1000 KVA 300- 460/400 V 3 phase 50 Hz. Unbalanced type oil cooled rolling contact servo voltage stabilizer with first filling of oil of reputed make like Servokon or equivalent having voltage correction speed of 8 to 10 V/second and operating temperature from 00 C- to 450C with IS standrad of IS 335 for Rajapur pump canal to remove fluctuation of voltage with no load and full load trial and testing at Rajapur pump canal including all cost of carriage , loading , unloading , labour and T & P required for proper comletion of work as per direction of Engineer in charge at Rajapur Pump Canal , Rajapur Distt. kanpur Nagar का कार्य कराये जाने हेतु इस कार्यालय पत्रांक 1236/ल0डा0न0ख0का0/ई टेण्डर–50 कानपुर, दिनांक 01.11.2025 द्वारा प्रकाशित करायी गयी थी को अपरिहार्य कारणों एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है।

UP - 249595 दिनांक: 10/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

ज्ञानेन्द्र मणि त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता



मैंने प्रेम का मार्ग अपनाने का फैसला किया है। नफरत एक बहुत बड़ा बोझ है, जिसे सहन करना असंभव है।
**-मार्टिन लूथर किंग,** अमेरिकी सिविल राइट्स एक्टिविस्ट

## चंद्रपथ से वापसी

मानव अंतरिक्ष इतिहास में आर्टिमस 2 की सफलता एक निर्णायक मोड़ है। 56 वर्षों बाद मनुष्य फिर से गहरे अंतरिक्ष में पहले से भी अधिक दूरी तय कर पाया, जहां वह अंतिम बार अपोलो 17 अभियान के दौरान पहुंचा था। यह उपलब्धि केवल तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक और भविष्यगामी भी है। इस मिशन का उद्देश्य चंद्रमा पर उतरना नहीं, बल्कि उसके चारों ओर मानवयुक्त यान से परिक्रमा कर सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करना था। पर यह चंद्रमा पर उतरने से कम महत्वपूर्ण नहीं, क्योंकि इसने साबित किया कि आधुनिक तकनीक, जीवन-समर्थन प्रणाली और अंतरिक्ष यान अब मानव को चंद्रमा तक भेजने और वापस लाने में सक्षम हैं।

नासा के एसोसिएट एडमिनेस्ट्रेटर अमित क्षत्रिय का यह बयान कि चंद्रमा का रास्ता खुल गया है, केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि एक ठोस वैज्ञानिक संकेत है कि अब अगला चरण और भी जटिल होगा, यानी चंद्रमा पर स्थायी उपस्थिति। इस अभियान में करीब 93 अरब डॉलर के खर्च को 'दीर्घकालिक निवेश' के रूप में देखना चाहिए। अंतरिक्ष तकनीक का हर बड़ा कदम, चाहे वह जीपीएस हो, सेटेलाइट संचार या मौसम पूर्वानुमान, आखिरकार मानव जीवन को बेहतर बनाता है। आर्टेमिस-2 ने नई पीढ़ी के रॉकेट, उन्नत हीट शील्ड और सुरक्षित क्रू मॉड्यूल जैसी तकनीकों को परखा, जो आगे के मिशनों की रीढ़ बनेंगी। इस मिशन की सबसे बड़ी उपलब्धि वह 'विश्वास' बहाली है, जिसने भरोसा दिलाया कि मानव फिर से चंद्रमा तक और उससे आगे भी जा सकता है, हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि अब चंद्रमा पर उतरना आसान हो जाएगा, लेकिन यह अवश्य है कि इसके सबसे कठिन चरण मानव सुरक्षा और वापसी सफलतापूर्वक पार कर लिया गया है। अब अगला लक्ष्य मानव को चंद्र सतह पर उतारना है, जिसकी संभावना इस दशक के अंत तक जताई जा रही है। भविष्य की दृष्टि से चंद्रमा केवल गंतव्य नहीं, बल्कि आगे की अंतरग्रहीय यात्रा के लिए 'लॉन्च पैड' बन सकता है। वहां पानी की उपलब्धता ईंधन उत्पादन और मानव बस्तियों की संभावना को जन्म देती है। यदि चंद्रमा पर स्थायी आधार स्थापित होता है, तो मंगल जैसे दूरस्थ अभियानों की लागत और जटिलता दोनों कम हो सकती हैं, हालांकि चंद्रमा से हीलियम-3, टाइटेनियम या अन्य खनिजों को पृथ्वी पर लाना अभी तकनीकी और आर्थिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह संभावना भविष्य की 'स्पेस इकोनॉमी' का आधार बन सकती है। मंगल पर 2030 के दशक तक मानव भेजने की नासा की योजना महत्वाकांक्षी अवश्य है, पर असंभव नहीं। आर्टेमिस-2 जैसी सफलताएं इस दिशा में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। यह भी स्पष्ट है कि यह यात्रा केवल मशीनों की नहीं, बल्कि उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के साहस की भी है, जिन्होंने इस जोखिम को स्वीकार किया।

भारतीय संदर्भ में, यह मिशन इसरो के लिए भी प्रेरणास्रोत है। भारत के चंद्रयान और गगनयान कार्यक्रमों को इससे तकनीकी और रणनीतिक दिशा मिलेगी। वैश्विक सहयोग की संभावना भी बढ़ेगी। कुल मिलाकर आर्टेमिस-2 केवल एक मिशन नहीं, बल्कि मानवता की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को लांघने का साहस रखती है।

### प्रसंगवश

## सपनों व संघर्षों के बीच उलझती बालिका शिक्षा

इस वर्ष बिहार बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परिणामों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यदि अवसर मिले, तो लड़कियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। 10वीं परीक्षा में कुल पास प्रतिशत लगभग 81 से 82 प्रतिशत के आसपास रहा, जिसमें लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों की तुलना में बेहतर रहा। कई टॉप रैंक पर भी लड़कियों का दबदबा देखने को मिला। इसी तरह 12वीं (इंटरमीडिएट) परीक्षा में भी लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जहां उनका पास प्रतिशत लगभग 85 से 86 प्रतिशत तक पहुंचा, जो लड़कों से अधिक था।

यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह उन संघर्षों की जीत है, जो बिहार के ग्रामीण इलाकों की लाखों लड़कियां हर दिन लड़ती हैं। सीमित संसाधनों, पारिवारिक दबाव और सामाजिक बंधनों के बावजूद उनका यह प्रदर्शन एक नई दिशा की ओर इशारा करता



काजल सहनी
एक्टिविस्ट


है। अगर पिछले पांच वर्षों (2021 से 2026) के रुझानों पर नजर डालें, तो यह साफ दिखता है कि बिहार, विशेषकर उसके ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा में निरंतर सुधार हुआ है। 2021 में जहां 10वीं और 12वीं के परिणामों में लड़कियों की भागीदारी अपेक्षाकृत कम थी, वहीं धीरे-धीरे उनकी उपस्थिति और सफलता दर दोनों में वृद्धि हुई है। हर साल उत्तीर्ण प्रतिशत में 2 से 5 फीसदी तक का सुधार देखा गया है। यानी अब गांवों की लड़कियां न केवल परीक्षा में बैठ रही हैं, बल्कि टॉपर्स की सूची में भी अपनी जगह बना रही हैं। यह बदलाव केवल शिक्षा प्रणाली का परिणाम नहीं है, बल्कि सामाजिक सोच में धीरे-धीरे आ रहे परिवर्तन का भी संकेत है।

बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा की राह अभी भी पूरी तरह आसान नहीं है। कई लड़कियों के भीतर पढ़ने का गहरा जुनून होता है, लेकिन आर्थिक तंगी उनके सपनों के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बन जाती है। कई परिवारों की स्थिति ऐसी होती है कि वे अपनी बेटियों की पढ़ाई पर खर्च नहीं कर पाते और उन्हें कम उम्र में ही घर के कामों या मजदूरी में लगा देते हैं। कुछ मामलों में सामाजिक दबाव इतना अधिक होता है कि 12वीं के बाद ही लड़कियों की शादी कर दी जाती है, जिससे उनका आगे पढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का सपना अधूरा रह जाता है। यह स्थिति आज भी कई गांवों की हकीकत है।

चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी स्कूलों की कमी, शिक्षकों की अनुपस्थिति और बुनियादी सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है। लड़कियों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसके कारण कई परिवार उन्हें दूर के स्कूलों में भेजने से हिचकिचाते हैं। इसके अलावा, बाल विवाह की समस्या भी शिक्षा में बड़ी बाधा बनी हुई है। जब तक समाज में इस सोच को नहीं बदला जाएगा कि लड़कियों की जगह केवल घर तक सीमित नहीं है, तब तक शिक्षा का यह संघर्ष जारी रहेगा।

इस स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक है कि सरकार, समाज और परिवार मिलकर एक समन्वित प्रयास करे। सबसे पहले, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। हर गांव के करीब ही गुणवत्तापूर्ण स्कूल और कॉलेज होने चाहिए, जहां लड़कियां सुरक्षित वातावरण में पढ़ सकें। इसके साथ ही, परिवारों को जागरूक करना जरूरी है कि वे अपनी बेटियों की शिक्षा को भी लड़कों के बराबर प्राथमिकता दें। पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर बाल विवाह और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ सख्त कदम उठाने होंगे। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## उत्तर प्रदेश: विकास और चुनौतियों के बीच संघर्ष





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संरचना में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लगभग 30.80 ट्रिलियन के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ यह भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर चुका है। राज्य की आर्थिक संरचना कृषि, सेवा क्षेत्र और तेजी से बढ़ते औद्योगिक निवेश पर आधारित है। हाल के वर्षों में यहां बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय विकास हुआ है, जिससे राज्य की आर्थिक क्षमता में वृद्धि देखने को मिली है, किंतु इसके साथ-साथ कई गंभीर सामाजिक आर्थिक चुनौतियां भी मौजूद हैं।

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आधार लंबे समय से कृषि रही है। राज्य, देश में गेहूं, चावल, गन्ना, आलू और दालों के उत्पादन में अग्रणी है। गन्ना उत्पादन और चीनी उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं। बड़ी संख्या में लोग कृषि और उससे जुड़े कार्यों पर निर्भर हैं, जिससे यह क्षेत्र रोजगार का प्रमुख स्रोत बना हुआ है, हालांकि खेती पर अत्यधिक निर्भरता और छोटे भूमि जोतों के कारण किसानों की आय सीमित रहती है। आधुनिक कृषि तकनीकों की कमी और बाजार तक सीमित पहुंच भी किसानों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है।

सेवा क्षेत्र ने भी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेजी से विस्तार किया है। लखनऊ, नोएडा, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, पर्यटन और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े क्षेत्रों का विकास हुआ है। विशेष रूप से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आईटी कंपनियों और डेटा सेंटरों की स्थापना ने राज्य को डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाया है। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा हुए व राज्य की आय में वृद्धि हुई है।

औद्योगिक क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा मिला है। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण, वस्त्र उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ रहा है। सरकार द्वारा निवेश आकर्षित करने के लिए आयोजित सम्मेलनों और नीतिगत सुधारों ने राज्य को औद्योगिक दृष्टि से अधिक आकर्षक बनाया है।

इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेजी से हो रहा विकास उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति का एक प्रमुख आधार बन गया है। राज्य में कई आधुनिक एक्सप्रेसवे बनाए गए हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों को आपस में बेहतर तरीके से जोड़ दिया है। इससे न केवल यातायात में सुधार हुआ है, बल्कि व्यापार और उद्योग को भी गति मिली है। हवाई अड्डों का विस्तार, मेट्रो परियोजनाएं और स्मार्ट सिटी योजनाएं शहरी विकास को नई दिशा दे रही हैं। साथ ही, डेटा सेंटर और लॉजिस्टिक्स हब की स्थापना से राज्य की आर्थिक संरचना अधिक सुदृढ़ हो रही है।

राज्य का कुल आर्थिक आकार बड़ा है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय अभी भी राष्ट्रीय औसत से कम बनी हुई है। इसका मुख्य कारण राज्य की विशाल जनसंख्या है। बड़ी आबादी के कारण संसाधनों पर दबाव बढ़ता है और आय का वितरण समान रूप से नहीं हो पाता। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच स्पष्ट असमानता देखने को मिलती है, जहां शहरों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं, वहीं गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर सीमित हैं। यह असंतुलन सामाजिक और आर्थिक विकास को प्रभावित करता है।

मानव विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा की पहुंच में सुधार हुआ है, लेकिन गुणवत्ता अभी भी चिंता का विषय है। सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे और शिक्षकों की कमी जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कमी और चिकित्सा सुविधाओं का अभाव लोगों के जीवन स्तर को प्रभावित करता है। मातृ और शिशु मृत्यु दर में सुधार हुआ है, लेकिन यह अभी भी अपेक्षाकृत अधिक है।

रोजगार के क्षेत्र में भी राज्य को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में युवा रोजगार के बेहतर अवसरों की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। यह प्रवृत्ति राज्य की आर्थिक संरचना को कमजोर करती है और स्थानीय स्तर पर विकास को प्रभावित करती है, हालांकि कौशल विकास योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इनका प्रभाव अभी व्यापक स्तर पर दिखाई देना बाकी है।

सामाजिक स्तर पर भी कई चुनौतियां मौजूद हैं, जिनमें गरीबी, लैंगिक असमानता और सामाजिक भेदभाव प्रमुख हैं। महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी कम है और उन्हें शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है।

राजनीतिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश का महत्व राष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक है, क्योंकि यह लोकसभा की सबसे अधिक सीटें प्रदान करता है और केंद्र की सत्ता पर सीधा प्रभाव डालता है। राज्य में स्थिर सरकार और नीतिगत निरंतरता ने हाल के वर्षों में विकास परियोजनाओं को गति दी है, किंतु जातीय समीकरण, क्षेत्रीय असमानताएं और चुनावी प्रतिस्पर्धा नीति निर्माण को जटिल भी बनाते हैं।

सरकार द्वारा निवेश को आकर्षित करने, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और प्रशासनिक सुधार लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। डिजिटल गवर्नेंस और विभिन्न विकास योजनाओं के माध्यम से राज्य को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। यदि इन प्रयासों को शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के साथ संतुलित किया जाए, तो राज्य अपनी विशाल जनसंख्या को एक मजबूत आर्थिक संसाधन में बदल सकता है।

> लगभग 30 .80 ट्रिलियन के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ यूपी भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर चुका है, किंतु इसके साथ-साथ कई गंभीर सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां भी मौजूद हैं।

### आमने सामने



महात्मा फुले ने भेदभाव मिटाने के लिए पूरी जिंदगी काम किया, लेकिन आज की सरकार इस भावना के खिलाफ काम कर रही है। मेरी सरकार के दौरान शुरू की गईं कई जनकल्याणकारी योजनाओं को इस सरकार ने बंद कर दिया। ये योजनाएं आम लोगों के लिए बेहद जरूरी थीं।

**-अशोक गहलोत**
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

कांग्रेस झूठ और भ्रम फैला रही है। वर्तमान सरकार ने किसी भी योजना को बंद नहीं किया है। कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को न केवल बंद किया, बल्कि उन्हें बिगाड़ने का काम कर जनता के हितों से खिलवाड़ किया।

**-डॉ. प्रेमचंद बैरवा**
उप-मुख्यमंत्री, राजस्थान



## वार्ता विफल: क्या थमेगा खाड़ी युद्ध का संकट!



विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत फिलहाल विफल हो गई है। पाकिस्तान की मध्यस्थता में हो रही यह वार्ता खाड़ी युद्ध को खत्म करने का आखिरी मौका प्रतीत हो रही थी। फरवरी 2026 में शुरू हुए इस संघर्ष ने पहले ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को प्रभावित कर दिया, हजारों लोगों की जान ले ली और तेल की कीमतें आसमान छूने लगीं। दो हफ्ते का सीजफायर फिलहाल टिका हुआ है, इस्लामाबाद की बातचीत फिलहाल नाकाम रही है और अब अगर जंग लंबी खिंच गई तो इसका असर सिर्फ मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा। पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, राजनीति और आम लोगों की जिंदगी बुरी तरह हिल जाएगी।

सबसे बड़ा झटका ऊर्जा बाजार को लगेगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दुनिया का करीब 20-25 प्रतिशत तेल गुजरता है। अगर ईरान ने फिर से इसे ब्लॉक किया या हमले बढ़ाए तो रोजाना 15-20 मिलियन बैरल तेल की सप्लाई रुक सकती है। अभी तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच चुकी हैं। लंबी जंग की स्थिति में ये 130 से 170 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने इसे अब तक का सबसे गंभीर सप्लाई शॉक बताया है। गैस की कीमतें भी दोगुनी हो जाएंगी। नतीजा साफ है– हर जगह महंगाई का कहर। पेट्रोल, डीजल, ट्रांसपोर्ट, खाने-पीने की चीजें– सब कुछ महंगा हो जाएगा।

विकसित देशों में महंगाई की आशंका बढ़ जाएगी, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाएं जैसे भारत, चीन और दक्षिण कोरिया सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी, क्योंकि ये तेल के बड़े आयातक हैं। ग्लोबल इकोनॉमी पर असर और भी गहरा होगा। अर्थशास्त्री चेतावनी दे रहे हैं कि अगर युद्ध कुछ महीनों तक चला, तो दुनिया की जीडीपी ग्रोथ 0.2 से 1.2 प्रतिशत तक गिर सकती है। शेयर बाजारों में भारी उथल-पुथल मचेगी, सप्लाई चेन बाधित होंगी और यूरोप तथा एशिया में गैस संकट और गहरा जाएगा। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तो बुरी तरह चोट खाएगी। सऊदी अरब, यूएई और कुवैत में बुनियादी ढांचे पर हमले हो चुके हैं।

संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन के अनुसार, अरब देशों की जीडीपी पर 120 से 194 बिलियन डॉलर का भारी असर पड़ सकता है। मानवीय संकट भी विकराल रूप ले लेगा। अभी तक हजारों मौतें हो चुकी हैं और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। शरणार्थी संकट यूरोप और एशिया तक फैल सकता है। स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह चरमरा जाएंगी। इसके साथ ही पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि युद्ध में तेल सुविधाओं और रिफाइनरियों पर हमले से प्रदूषण बढ़ेगा।

वैश्विक राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अमेरिका-ईरान जंग से रूस और चीन को अप्रत्यक्ष फायदा हो सकता है। रूस यूक्रेन मोर्चे पर अपना ध्यान बंटा सकेगा, जबकि चीन सस्ते दामों पर तेल खरीदकर अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करेगा। खाड़ी देश अमेरिका पर अपना भरोसा खो सकते हैं। नाटो गठबंधन में दरारें और गहरी होंगी। मध्य पूर्व में नए गठजोड़ बन सकते हैं। इजराइल-लेबनान फ्रंट एक बार फिर गर्म हो सकता है, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ेगी।

भारत पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ेगा। हमारा लगभग 40 प्रतिशत तेल और 80 प्रतिशत गैस मध्य पूर्व से आता है। तेल की कीमतें बढ़ने से आयात बिल आसमान छू जाएगा, रुपया और कमजोर होगा तथा मुद्रास्फीति पर काबू पाना मुश्किल हो जाएगा। सरकार के उच्च अधिकारी भी मान रहे हैं कि जंग लंबी खिंचने से महंगाई बढ़ेगी, आर्थिक ग्रोथ पर दबाव पड़ेगा और विदेशों में रह रहे भारतवंशियों द्वारा भेजे जाने वाले धन की आवक प्रभावित होगी। खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों भारतीय मजदूर पहले ही वापस लौट रहे हैं। लंबी जंग का मतलब सिर्फ ऊर्जा संकट नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा होगा। उर्वरक महंगे होने से फसलें प्रभावित होंगी, जिससे खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी।

गरीब देशों में भुखमरी बढ़ेगी और विकासशील दुनिया में आर्थिक अस्थिरता फैल जाएगी। अगर मसले का हल निकलता है, तो पूरी दुनिया को बड़ी राहत मिलेगी, लेकिन अगर बात नहीं बनी, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ चेतावनी दे दी है– फिर से बड़े हमले हो सकते हैं। ईरान भी किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा है। दोनों तरफ से सख्त रुख अपनाया जा रहा है। अगर जंग दोबारा शुरू होती है तो आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व संकट खड़ा हो सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> अमेरिका-ईरान के बीच चल रही बातचीत फिलहाल विफल हो गई है। इस बातचीत पर पूरी दुनिया की निगाहें थीं। अब अहम सवाल यह है कि इस संकट का हल कैसे निकलेगा?

### सोशल फोरम

## दुःख की थाह

किसी अपने के जाने का दुः ख कितना गहरा हो सकता है, शायद इसे शब्दों में पूरी तरह बांध पाना मुमकिन ही नहीं। कभी-कभी यह पीड़ा इतनी अथाह हो जाती है कि पीछे छूट गए लोग उसी याद में घुलते-घुलते खुद को भी खो बैठते हैं। यह सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है; प्रकृति के कई अन्य जीवों में भी यह विरह, यह लगाव, यह टूटन साफ़ दिखाई देती है।



वाचस्पति शर्मा
सीरियस व्यंगकार

शायद यही वजह है कि दुनिया की कई सभ्यताओं ने 'अंतिम विदाई' को सिर्फ एक दुखद पल नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और सांस्कृतिक अनुष्ठान बना दिया। एक ऐसा अनुष्ठान, जहां आँसू होते हैं- पर उनके साथ स्मृतियों की गरमाहट भी होती है, जहां दर्द होता है, पर उसके बीच जीवन की खूबसूरती को भी याद किया जाता है।

दक्षिण भारत में यह परंपरा अक्सर देखने को मिलती है, जहां अंतिम यात्रा को सजाया-संवारा जाता है, मानो किसी को आख़िरी बार पूरे सम्मान और स्नेह के साथ विदा किया जा रहा हो। वहीं उत्तर भारत में यह कम देखने को मिलता है, लेकिन आदिवासी समुदायों में यह भाव और भी गहराई से जिया जाता है। आदिवासियों ने जीवन के हर पहलू के लिए गीत रचे हैं। जन्म के लिए, मृत्यु के लिए, फसल काटने के लिए, रोपाई के लिए और यहां तक कि बकरियां चराने के लिए भी गीत रच डाले, मानो वे हर अनुभव को एक भावना, एक धुन में ढाल देते हैं, ताकि जीवन कभी भी नीरस न लगे और मृत्यु भी सिर्फ अंत न लगे।

मुझे याद आता है कि मल्लिका साराभाई ने अपनी मां, मृणालिनी साराभाई के पार्थिव शरीर के सामने नृत्य प्रस्तुत किया था। यह सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं था- यह एक बेटी का अपने मां के प्रति अंतिम प्रेम-प्रदर्शन था, एक श्रद्धांजलि जो शब्दों से कहीं अधिक गहरी थी।

इसी तरह, दारा सिंह जी ने अपने बेटे बिंदु से कहा था, 'मेरे जाने के बाद तुम पार्टी करना।' और सच में, उनके जाने के बाद बिंदु ने घर में एक पार्टी रखी। आधी रात को जब अमिताभ बच्चन वहां पहुंचे, तो वे यह देखकर हैरान रह गए कि यहां शोक के बजाय जश्न का माहौल है, लेकिन कुछ ही पलों में वे उस भावना को समझ गए कि यह जश्न किसी के जाने का नहीं, बल्कि उसके जीए हुए जीवन का था। आजकल ईरान से भी कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जहां लोग अपने शहीदों को गीत और संगीत के साथ विदा कर रहे हैं। यह दृश्य दिल को छू लेने वाले हैं। दर्द भी है, गर्व भी है और एक अजीब सी शांति भी।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पूर्व सांसदों की पेंशन और समानता का सिद्धांत

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह सवाल किया है कि पूर्व सांसदों को दी जाने वाली पेंशन और सुविधाओं का औचित्य क्या है, तो इसने देशभर में एक नई चर्चा को जन्म दिया। यह प्रश्न केवल एक प्रशासनिक या कानूनी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ा हुआ विषय है। आखिर क्यों एक वर्ग को विशेषाधिकार प्राप्त हों, जबकि अन्य वर्गों को कड़े नियमों और सीमाओं में बांध दिया जाए? यह सवाल आम नागरिक के मन में स्वाभाविक रूप से उठता है।

लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि जनता द्वारा चुने जाते हैं, ताकि वे उनके हितों की रक्षा कर सकें और समाज के विकास के लिए काम करें। यह एक जिम्मेदारी है, कोई स्थायी लाभ प्राप्त करने का माध्यम नहीं। परंतु जब जनप्रतिनिधियों को आजीवन पेंशन, कई प्रकार की सुविधाएं और विशेष अधिकार दिए जाते हैं, तो यह प्रश्न उठता है कि क्या यह व्यवस्था सेवा की भावना को बढ़ावा देती है, या इसे एक विशेषाधिकार में बदल देती है। एक सामान्य सरकारी कर्मचारी को पेंशन पाने के लिए वर्षों तक सेवा करनी पड़ती है। कई बार 20 से 30 वर्षों की नौकरी के बाद ही वह इस सुविधा का हकदार बनता है। इसके विपरीत, सांसद बनने के लिए केवल एक कार्यकाल, जो कि पांच वर्षों का होता है, ही पर्याप्त है। यह असमानता न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी चिंताजनक है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

भारतीय संविधान समानता के सिद्धांत पर आधारित है। हर नागरिक को समान अवसर और समान अधिकार मिलना चाहिए, लेकिन जब एक विशेष वर्ग को अतिरिक्त लाभ दिए जाते हैं, तो यह सिद्धांत कमजोर पड़ता दिखाई देता है। पूर्व सांसदों की पेंशन का मुद्दा इसी असमानता का प्रतीक बन गया है। जब देश का एक बड़ा वर्ग आर्थिक संघर्ष से जूझ रहा हो, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं से परेशान हो, तब ऐसे विशेषाधिकार जनता के बीच असंतोष पैदा करते हैं। यह असंतोष केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक भी होता है।

यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि इन पेंशनों और सुविधाओं का खर्च अंततः जनता के करों से ही पूरा होता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या यह संसाधनों का सही उपयोग है? क्या यह धन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में निवेश नहीं किया जाना चाहिए? हालांकि यह तर्क दिया जा सकता है कि कुल बजट में यह खर्च बहुत अधिक नहीं है, लेकिन मुद्दा केवल राशि का नहीं, बल्कि सिद्धांत का है। यदि एक व्यवस्था असमानता को बढ़ावा देती है, तो उसे केवल इसलिए सही नहीं ठहराया जा सकता कि उसका आर्थिक प्रभाव सीमित है।

इस विषय पर एक पक्ष यह भी है कि जनप्रतिनिधियों को कार्यकाल के बाद कुछ सुविधाएं मिलनी चाहिए। उनका तर्क है कि सांसद बनने के बाद व्यक्ति को अपने पेशे, व्यवसाय या नौकरी से दूरी बनानी पड़ती है। ऐसे में कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके पास स्थायी आय का स्रोत नहीं होता। इसके अलावा, यह भी कहा जाता है कि यदि जनप्रतिनिधियों को आर्थिक सुरक्षा नहीं दी जाएगी, तो वे स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्णय लेने में सक्षम नहीं रहेंगे। वे बाहरी प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं, जिससे लोकतंत्र की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। यह तर्क अपनी जगह पर उचित प्रतीत होते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या वर्तमान व्यवस्था संतुलित है, या यह सुविधा 'आवश्यकता' से आगे बढ़कर 'विशेषाधिकार' का रूप ले चुकी है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

Tata Passenger Electric Mobility ने भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में अपनी पकड़ को और मजबूत करते हुए किफायती कीमत में दमदार 4x4 इलेक्ट्रिक एसयूवी का विकल्प पेश किया है। कंपनी ने अपनी चर्चित Tata Harrier EV लाइनअप में नया Fearless+ QWD 75 वेरिएंट शामिल किया है, जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 26.49 लाख रुपये रखी गई है। यह नया वेरिएंट खासतौर पर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर लाया गया है, जो सीमित बजट में भी पावरफुल क्वॉड व्हील ड्राइव इलेक्ट्रिक एसयूवी का अनुभव लेना चाहते हैं। इससे पहले कंपनी का Empowered QWD 75 वेरिएंट बाजार में उपलब्ध था, जिसकी कीमत 28.99 लाख रुपये है। नए वेरिएंट के आने से अब ग्राहकों के पास ज्यादा किफायती विकल्प मौजूद है।

# कम कीमत में पावरफुल इलेक्ट्रिक SUV

### तकनीकी दृष्टि से बेहद खास QWD मॉडल

टाटा हैरियर ईवी का QWD (Quad Wheel Drive) वेरिएंट तकनीक और प्रदर्शन के लिहाज से बेहद खास है। यह Tata Motors की पहली ऑल-व्हील ड्राइव (AWD) इलेक्ट्रिक एसयूवी है, जिसमें दो इलेक्ट्रिक मोटर एक फ्रंट एक्सल पर और दूसरी रियर एक्सल पर दी गई हैं। फ्रंट मोटर 158 पीएस की पावर जनरेट करती है, जबकि रियर मोटर 238 पीएस की ताकत देती है। दोनों मोटर मिलकर वाहन को मजबूत ऑल-व्हील ड्राइव क्षमता प्रदान करती हैं।








### फीचर्स और कम्फर्ट का बेहतरीन मेल

फीचर्स के मामले में भी यह एसयूवी काफी समृद्ध है। इसमें 205 मिमी का ग्राउंड क्लीयरेंस और 502 लीटर का बड़ा बूट स्पेस दिया गया है, जो इसे फैमिली और एडवेंचर दोनों के लिए उपयुक्त बनाता है। 19 इंच के अलॉय व्हील्स और आकर्षक एक्सटीरियर डिजाइन इसकी सड़क पर मौजूदगी को और प्रभावशाली बनाते हैं। इंटीरियर की बात करें, तो इसमें 6-वे पावर्ड ड्राइवर सीट्स (मेमोरी फंक्शन के साथ), वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स और डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल जैसी सुविधाएं दी गई हैं। साथ ही 14.5 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और 12.3 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर इसे हाई-टेक अनुभव प्रदान करते हैं। साउंड सिस्टम के लिए इसमें डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट के साथ 10-स्पीकर वाला जेबीएल ऑडियो सिस्टम दिया गया है, जो केबिन के अंदर शानदार ऑडियो अनुभव देता है। इसके अलावा 540 डिग्री कैमरा, एंबिएंट लाइटिंग, एनएफसी कार्ड एक्सेस और वीइकल-टू-लोड (V2L) और वीइकल-टू-वीइकल (V2V) जैसी आधुनिक तकनीकें भी इसमें शामिल हैं।

### हर रास्ते पर मजबूत पकड़

इसका कुल टॉर्क 504 न्यूटन मीटर तक जाता है, जो इसे मुश्किल रास्तों, जैसे कच्ची सड़कों, पहाड़ी इलाकों और ऑफ-रोड ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम बनाता है। ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए इसमें 6 टेरेन मोड दिए गए हैं, जिनमें नॉर्मल, सैंड, स्नो, मड, रॉक क्रॉल और कस्टम मोड शामिल हैं। इसके साथ ही ऑफ-रोड असिस्ट फीचर भी मौजूद है, जो कठिन परिस्थितियों में ड्राइविंग को आसान बनाता है।

### दमदार परफॉर्मेंस और शानदार रेंज

यह इलेक्ट्रिक एसयूवी acti.ev+ platform प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई है, जो इसे मजबूती और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। परफॉर्मेंस की बात करें, तो यह कार मात्र 6.3 सेकेंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है, जो इसे अपने सेगमेंट में काफी तेज बनाती है। Fearless+ QWD 75 वेरिएंट में 75 kWh का बैटरी पैक दिया गया है। कंपनी के अनुसार, इसकी प्रमाणित (सर्टिफाइड) रेंज 622 किलोमीटर तक है, जबकि वास्तविक परिस्थितियों में यह लगभग 450 से 500 किलोमीटर तक चल सकती है। चार्जिंग के लिहाज से भी यह काफी सुविधाजनक है। 120 किलोवॉट के डीसी फास्ट चार्जर की मदद से इसे केवल 25 मिनट में 20 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। यह फीचर लंबी यात्राओं के दौरान समय की बचत में मदद करता है।

### सुरक्षा और भरोसे का पैकेज

सुरक्षा के लिहाज से भी यह एसयूवी काफी भरोसेमंद है। इसमें मल्टीपल एयरबैग्स, एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (ADAS) और 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग दी गई है। इसके साथ ही कंपनी अनलिमिटेड लाइफटाइम बैटरी वॉरंटी भी दे रही है, जो ग्राहकों के लिए अतिरिक्त भरोसा प्रदान करती है।



कुल मिलाकर, नया Fearless+ QWD 75 वेरिएंट उन ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभरा है, जो किफायती कीमत में पावर, परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स से लैस इलेक्ट्रिक एसयूवी खरीदना चाहते हैं।

**मॉय फर्स्ट राइड**

## पापा के साथ सड़क पर आत्मविश्वास की उड़ान



आत्म सशक्तिकरण का एक माध्यम गाड़ी चलाना भी है। साधारण रूप से इसे मात्र एक आवश्यकता की श्रेणी में रखा जा सकता है, किंतु महिलाओं के लिए यह इससे बढ़कर है। जब मैंने गाड़ी चलाना सीखा था, तब मेरा पहला अनुभव भी खास था। मैंने गाड़ी चलाना अपने पिता से सीखा था, जब मैं कक्षा-12 की छात्रा थी। मुझे आज भी याद है, एक शांत सी सुबह थी। मैंने पापा से सकुचाते हुए कहा कि पापा मुझे कार चलाना सिखाना है। पापा ने मेरी इस बात को खुशी-खुशी स्वीकार किया और कहा- यह बहुत अच्छी बात है।

अगली सुबह पापा मुझे पास के खाली मैदान में ले गए। शुरुआत आसान नहीं थी। कभी क्लच जल्दी छोड़ देती, तो गाड़ी झटके से बंद हो जाती। कभी ब्रेक और एक्सीलेटर में गड़बड़ हो जाती। मैं परेशान हो जाती, लेकिन पापा कभी नाराज नहीं हुए। वे हर गलती को धैर्य से समझाते और कहते, "गलतियां ही हमें बेहतर बनाती हैं।" धीरे-धीरे मेरी पकड़ मजबूत होती गई। हर दिन थोड़ी-थोड़ी प्रैक्टिस के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ने लगा। पापा हमेशा बगल में बैठकर मुझे दिशा देते, लेकिन उन्होंने कभी मुझे पूरी तरह अपने ऊपर निर्भर नहीं होने दिया। वे चाहते थे कि मैं खुद फैसले लेना सीखूं। ऐसे पापा मुझे धीरे-धीरे मैदान में कार चलाना सिखा दिया। फिर कुछ दिन बाद पापा ने कहा आज रोड पर गाड़ी चलाओ। ये सुनकर मैं घबरा गई। मैंने घबराते हुए कहा, "पापा, मुझसे नहीं होगा।" उन्होंने मुस्कुराकर जवाब दिया, "तुम कर सकती हो, बस खुद पर भरोसा रखो।" उनकी आवाज में इतना विश्वास था कि मेरा डर धीरे-धीरे कम होने लगा। फिर मैं अगली सुबह रोड पर कार लेकर निकली। पापा साथ में थे। मुझे देखकर रास्ते में छोटी-छोटी बच्चियां खुश हो रही थीं और जैसे कुछ महिलाओं को देखकर मैं सोचती थी कि मैं एक दिन ऐसे ही गाड़ी चलाऊंगी, वैसा ही कोई सपना उनकी आंखों में चमकता हुआ मुझे दिखा। गाड़ी महिलाएं चलाएं या पुरुष इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यह एक बेसिक लाइफ स्किल है, जो हर किसी को आनी चाहिए।

गाड़ी चलाना मात्र आवश्यकता नहीं है, कई बार जब दुनियाभर की चिताओं में व्यक्ति घिरा होता है, तो एक छोटी सी राइड से दोबारा फ्रेश हो जाता है। घर का सामान लाना हो या कहीं दूर जाना हो, अगर गाड़ी चलाना आता है, तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है। यह अनुभव मेरे लिए हमेशा खास रहेगा, क्योंकि इसमें सिर्फ ड्राइविंग नहीं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण सबक छिपे हैं। पापा की सीट से शुरू हुआ यह सफर आज मेरी अपनी ड्राइव बन चुका है।

*-अदिति शुक्ला, बरेली*

## गर्मियों में भी ठंडा रहेगा इंजन, अपनाएं ये 5 टिप्स

गर्मियों के मौसम में दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जाता है। ऐसी भीषण गर्मी का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं, बल्कि आपकी बाइक के इंजन पर भी पड़ता है। लगातार गर्मी में चलने से इंजन ओवरहीट हो सकता है, जिससे पिस्टन और रिंग्स पर असर पड़ता है, बाइक की पावर घटती है और माइलेज भी कम हो जाता है। खासकर यदि आप रोजाना 50 से 100 किलोमीटर तक बाइक चलाते हैं, तो कुछ जरूरी सावधानियां अपनाकर आप इंजन को सुरक्षित और ठंडा रख सकते हैं। सही मेंटेनेंस, समझदारी भरी राइडिंग और छोटे-छोटे उपाय आपकी बाइक को गर्मी में भी बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करते हैं।

- **कूलेंट और इंजन ऑयल का रखें खास ध्यान**
  आजकल 150cc से ज्यादा क्षमता वाली अधिकांश बाइक्स लिक्विड-कूल्ड सिस्टम के साथ आती हैं। ऐसे में गर्मी शुरू होने से पहले कूलेंट का स्तर जरूर जांच लें। यदि यह कम हो, तो हमेशा कंपनी द्वारा सुझाया गया कूलेंट ही डालें। साधारण पानी या सस्ते विकल्प इंजन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हर 5000 किलोमीटर पर कूलेंट बदलवाना बेहतर रहता है। इसी तरह इंजन ऑयल भी गर्मी में जल्दी पतला हो जाता है। ऐसे में 10W-40 या 15W-50 ग्रेड का फुल सिंथेटिक ऑयल इस्तेमाल करना उचित है, जो उच्च तापमान में भी अपनी क्षमता बनाए रखता है। हर 3000-4000 किलोमीटर पर ऑयल बदलवाना चाहिए। एयर-कूल्ड बाइक्स में ऑयल का स्तर हमेशा सही रखें, ताकि इंजन अंदर से ठंडा बना रहे।
- **रेडिएटर और इंजन फिन्स की सफाई जरूरी**
  गर्मी के मौसम में धूल और गंदगी रेडिएटर पर जम जाती है, जिससे कूलिंग सिस्टम की कार्यक्षमता कम हो जाती है। हर 10-15 दिन में सॉफ्ट ब्रश या हल्के प्रेशर वॉश से रेडिएटर फिन्स साफ करें। अगर आपकी बाइक एयर-कूल्ड है, तो इंजन के फिन्स पर जमा गंदगी भी हटाना जरूरी है। साथ ही रेडिएटर फैन की कार्यक्षमता पर नजर रखें। यदि फैन या थर्मोस्टेट खराब हो जाए, तो इंजन का तापमान तेजी से बढ़ सकता है।



### अपनाएं स्मार्ट राइडिंग

तेज रफ्तार हमेशा बेहतर नहीं होती। 80-90 किमी/घंटा की स्पीड पर इंजन और हवा के बीच संतुलन बना रहता है। इससे कूलिंग बेहतर होती है। ट्रैफिक में मध्यम गति बनाए रखें और बार-बार ब्रेक व एक्सीलेरेशन से बचें। लंबी दूरी तय करते समय बीच-बीच में रुककर इंजन को ठंडा होने का समय दें।

### सही पार्किंग और आईडलिंग का ध्यान रखें

तेज धूप में खड़ी बाइक का तापमान बहुत तेजी से बढ़ जाता है। कोशिश करें कि हमेशा छायादार स्थान या पार्किंग शेड में बाइक खड़ी करें। यदि ऐसा संभव न हो, तो यूवी-प्रोटेक्टेड कवर का इस्तेमाल करें। लंबे समय तक ट्रैफिक में इंजन चालू रखने से भी गर्मी बढ़ती है। यदि सिग्नल पर ज्यादा देर रुकना पड़े, तो इंजन बंद कर देना बेहतर होता है। यह आदत इंजन को अनावश्यक गर्म होने से बचाती है।

### टायर, ब्रेक और चेन की नियमित जांच

गर्मी में टायर का प्रेशर सामान्य से बढ़ जाता है, इसलिए सप्ताह में एक बार सुबह के समय टायर प्रेशर जरूर जांचें। सही प्रेशर इंजन पर अतिरिक्त दबाव को कम करता है। ब्रेक पैड्स अगर घिस चुके हों, तो वे ज्यादा गर्मी पैदा करते हैं, इसलिए समय पर बदलवाना जरूरी है। चेन को हर 400-500 किलोमीटर पर लुब्रिकेट करें, क्योंकि सूखी या टाइट चेन इंजन पर अतिरिक्त लोड डालती है।

## तेज रफ्तार से ज्यादा जरूरी है सही लेन का चुनाव

**काम की बात**

हम रोज सड़कों और हाईवे पर वाहनों की रफ्तार का अलग-अलग रूप देखते हैं। कहीं कोई तेज गति से आगे निकल रहा होता है, तो कहीं कोई आराम से चल रहा होता है। कई ड्राइवर यह मान लेते हैं कि हाईवे पर जहां जगह मिले, वहीं तेज चलाना सही है, लेकिन असलियत इससे बिल्कुल अलग है। गलत लेन में ड्राइविंग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह गंभीर दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकती है। हाईवे पर हर लेन का अपना अलग उद्देश्य और जिम्मेदारी होती है। यदि चालक इनका सही ढंग से पालन करें, तो यातायात अधिक व्यवस्थित रहता है और सड़क सुरक्षा भी बेहतर होती है।

### हाईवे लेन सिस्टम को समझना जरूरी

#### दाहिनी लेन-ओवरटेक के लिए (Fast Lane)


हाईवे की सबसे दाहिनी लेन को फास्ट या ओवरटेक लेन कहा जाता है। यह लेन केवल उन वाहनों के लिए होती है, जिन्हें सामने चल रहे वाहन को पार करना होता है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि कोई वाहन लगातार इसी लेन में चलता रहे। सही तरीका यह है कि ओवरटेक करने के बाद तुरंत मिडिल लेन में वापस आ जाएं। लंबे समय तक इस लेन में बने रहना अन्य तेज वाहनों के लिए बाधा बनता है और दुर्घटना की संभावना बढ़ा देता है।

#### मिडिल लेन- संतुलित और सुरक्षित विकल्प (Balanced Lane)

मिडिल लेन को सबसे सुरक्षित और संतुलित माना जाता है। यहां गति सामान्य रहती है न बहुत तेज, न बहुत धीमी। लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह लेन सबसे उपयुक्त होती है। अधिकांश वाहन इसी लेन का उपयोग करते हैं, जिससे ट्रैफिक का प्रवाह सहज बना रहता है और जरूरत पड़ने पर ओवरटेक करना भी आसान होता है।

#### बायीं लेन - धीमी गति वाले वाहनों के लिए (Slow Lane)

हाईवे की बायीं लेन धीमी गति से चलने वाले वाहनों के लिए निर्धारित होती है। इसमें ट्रक, बस, भारी लोड वाले वाहन और कम गति वाली गाड़ियां शामिल होती हैं। इस लेन से सीधे फास्ट लेन में जाना एक बड़ी गलती है। ऐसा करने पर तेज रफ्तार से आ रहे वाहनों से टकराव का खतरा बढ़ जाता है।



### सुरक्षित ड्राइविंग के जरूरी नियम

- लेन बदलने से पहले रियर और साइड मिरर अवश्य देखें।
- बिना इंडिकेटर दिए लेन बदलना खतरनाक हो सकता है, इसलिए हमेशा संकेत दें।
- ओवरटेक करने के बाद फास्ट लेन खाली करें और वापस मिडिल लेन में आ जाएं।
- निर्धारित स्पीड लिमिट का पालन करें।
- सही लेन अनुशासन अपनाना केवल नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। थोड़ा सा सतर्क रवैया और नियमों की समझ सड़क पर बड़े हादसों को टाल सकती है।

**शिवराज सिंह ने 4 जिलों के लिए जारी किया कृषि मसौदा**

**रायसेन (मध्य प्रदेश), एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को मध्य प्रदेश के चार जिलों के लिए एक व्यापक कृषि मसौदा जारी किया। उन्होंने पारंपरिक खेती से हटकर ड्रैगन फ्रूट और एवोकैडो जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों को अपनाने का आह्वान किया, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 13 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### दिल्ली-एनसीआर में थानों से लेकर रेस्तरां तक पहुंची पीएनजी

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ गैस लि. (आईजीएल) ने दिल्ली-एनसीआर में पाइप के जरिये खाना पकाने की गैस (पीएनजी) का कनेक्शन देने का काम तेज कर दिया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी कमल किशोर चटिवाल का कहना है कि आईजीएल का उद्देश्य रसोई गैस (एलपीजी) पर दबाव कम करना है। कंपनी अब केवल घरेलू रसोई तक सीमित नहीं है, बल्कि फास्ट-फूड श्रृंखला और पुलिस स्टेशनों को भी पीएनजी कनेक्शन देने पर ध्यान दे रही है। चटिवाल ने बताया कि पहले आईजीएल रोजाना 600-700 पीएनजी कनेक्शन देती थी, जिसे अब बढ़कर 2,100-2,200 प्रतिदिन कर दिया गया है।

### सरकार ने बढ़ाई पांच किलो एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच भारत ने छोटे पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ा दी है और पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन का विस्तार तेज कर दिया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 23 मार्च से अब तक पांच किलोग्राम के 13 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर बेचे गए हैं और इनकी दैनिक बिक्री एक लाख से अधिक हो गई है। यह कदम प्रवासी श्रमिकों और कम आय वर्ग के उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए उठाया गया है। इसी अवधि में 4.24 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि 30,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन वापस कर पीएनजी को अपनाया है।

### भारत इसी साल बन सकता है दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सौर बाजार

**नई दिल्ली।** हरित ऊर्जा के क्षेत्र में सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों के सकारात्मक नतीजे देखने को मिल रहे हैं और 2026 में भारत दुनिया का सबसे बड़े सौर ऊर्जा बाजार बन सकता है। नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया ने यह अनुमान लगाया है। फेडरेशन के अनुसार भारत ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अब तक की सबसे तेज़ वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले 14 महीनों में 50 गीगावाट क्षमता जोड़ा है और इसकी कुल स्थापित क्षमता 150 गीगावाट तक पहुंच गयी है।

यह उपलब्धि इसलिए खास है क्योंकि पहले 50 गीगावाट तक पहुंचने में देश को 11 साल लगे थे, जबकि 100 गीगावाट तक पहुंचने में लगभग तीन साल का समय लगा है।

# तेल की कीमतें और महंगाई तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

## प्रमुख कंपनियों के नतीजों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा समाप्त होने से सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों के अलावा कच्चे तेल की कीमतें भी इस सप्ताह बाजार की दिशा तय करेंगी। यह सप्ताह अवकाश के कारण छोटा रहेगा, क्योंकि मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कारण बाजार बंद रहेंगे।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा कि निफ्टी-50 इस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। 24,000 अंक के स्तर को फिर से हासिल करने के बाद बाजार में सतर्क आशावाद दिख रहा था, लेकिन वार्ता विफल होने से निकट अवधि का परिदृश्य बदल गया है। उन्होंने कहा कि सोमवार को प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ खुल सकते हैं।

इस सप्ताह बाजार पर मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों का भी असर रहेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि विप्रो, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के नतीजों पर निवेशकों की नजर रहेगी। इसके अलावा 13 अप्रैल को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और 14 अप्रैल को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े भी जारी होंगे, जो महंगाई के रुझान का संकेत देंगे। पिछले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद बाजार में जोरदार तेजी आई थी। कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया था।

### ...यूं नहीं हो सका अमेरिका-ईरान समझौता

ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि कूटनीति कभी समाप्त नहीं होती। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा कि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने के कारण शांति समझौता नहीं हो सका। उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव रखा था, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। वहीं, ईरानी पक्ष ने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, लेकिन दो से तीन महत्वपूर्ण विषयों पर मतभेद बने रहे।

# टीसीएस दे रही 25 हजार फ्रेशर्स को नौकरी

**मुंबई, एजेंसी**



- अधिकारी ने कहा- मांग पर निर्भर करेंगी और भर्तियां
- कंपनी ने 2025-26 में दी थी 44,000 ग्रेजुएट्स को नौकरी
- फिलहाल अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाने की कोई योजना नहीं

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 25,000 नए स्नातकों (फ्रेशर) को नौकरी देने की पेशकश की है। कंपनी ने संकेत दिया है कि आगे की नियुक्तियां बाजार में मांग की स्थिति पर निर्भर करेंगी। टीसीएस के मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 44,000 नए स्नातकों की नियुक्ति की थी, जो देश में निजी क्षेत्र में किसी कंपनी द्वारा की गई भर्तियों का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि 2026-27 के दौरान हमने 25,000 नए स्नातकों को नौकरी देने की पेशकश की है। मांग पर स्थिति स्पष्ट होने के बाद हम और नियुक्तियां करेंगे। पिछले तीन वर्षों से टीसीएस हर साल 40,000 से अधिक फ्रेशर्स को नौकरी दे रही है। कृतिवासन ने कहा कि फिलहाल अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती को बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने बताया कि नए स्नातकों को किसी परियोजना में जोड़ने से पहले करीब नौ महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

वित्त वर्ष 2025-26 में हुई लगभग 12,000 कर्मचारियों की छंटनी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कंपनी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के लिए लंबे समय तक करियर के अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कृत्रिम मेधा (एआई) का इस छंटनी से कोई सीधा संबंध नहीं था, बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के तरीके में बदलाव के कारण वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकता कम हुई है।

कारोबारी माहौल पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी के पास परियोजनाओं की पाइपलाइन स्थिर है, जो वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने बताया कि नई मांग विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक बाजारों से आ रही है, जिसमें लागत अनुकूलन और डिजिटल बदलाव से जुड़े सौदे शामिल हैं।

# महंगाई से बचाने के लिए कोल इंडिया ने खुद उठाया बढ़ती लागत का बोझ

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) उपभोक्ताओं को कोयले की ऊंची कीमतों से बचाने के लिए बढ़ती कच्चे माल की लागत खुद वहन कर रही है। विस्फोटक और औद्योगिक डीजल जैसे प्रमुख कच्चे माल के खर्च में पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद तेज बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने कहा कि इस अतिरिक्त लागत को उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जा रहा है, क्योंकि ऐसा करने से कोयले पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों पर व्यापक असर पड़ सकता है।

कंपनी अपनी खदानों में काम कर रहे ठेकेदारों को बढ़ी हुई डीजल कीमतों का मुआवजा भी दे रही है। खुले खनन में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के प्रमुख घटक अमोनियम नाइट्रेट की कीमत एक अप्रैल तक 44 प्रतिशत बढ़कर 72,750 रुपये प्रति टन हो गई है। इसके कारण विस्फोटकों की औसत लागत मार्च के अंत तक लगभग 26 प्रतिशत बढ़कर करीब 49,800 रुपये प्रति टन हो गई। कंपनी की अनुषंगी इकाइयां हर साल करीब नौ लाख टन विस्फोटकों का उपयोग करती हैं और इस पूरी अतिरिक्त लागत को कोल इंडिया खुद वहन कर रही है। डीजल की कीमत भी करीब 54 प्रतिशत बढ़कर 142 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो मार्च के मध्य में लगभग 92 रुपये प्रति लीटर थी।

### कोयला आयात में कमी

**नई दिल्ली।** देश में घरेलू कोयले के रिकॉर्ड भंडार और समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में मजबूती के कारण फरवरी में कोयला आयात 8.5% घटकर 1.65 करोड़ टन रह गया। एमजंक्शन सर्विसेज के अनुसार, फरवरी 2024-25 में आयात 1.81 करोड़ टन था। वहीं, जनवरी 2026 के 1.66 करोड़ टन के मुकाबले फरवरी में स्थिर रहा।

- पश्चिम एशिया संघर्ष से बेहताशा बढ़ गयीं औद्योगिक डीजल और विस्फोटों की कीमतें

# एफपीआई ने अप्रैल में शेयर बाजार से निकाले 48,213 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से अप्रैल महीने में भी अपनी बिकवाली जारी रखी है।

बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने अप्रैल के पहले 10 दिन में ही 48,213 करोड़ (करीब 5.14 अरब डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इससे पहले मार्च में एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ की निकासी की थी, जो अब तक का निकासी का सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा है। हालांकि, फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ का निवेश किया था, जो पिछले 17 माह का उच्चस्तर है।

एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक विदेशी निवेशकों की कुल निकासी बढ़कर 1.8 लाख करोड़ से अधिक हो चुकी है। केवल अप्रैल में ही 10 तारीख तक उन्होंने 48,213 करोड़ निकाले हैं।

विश्लेषकों के अनुसार, यह लगातार बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबाव और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है।

# भारत में 30 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख हुई पेटेंट आवेदनों की संख्या : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि देश में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के कारण पेटेंट आवेदन दाखिल करने की संख्या 2025-26 में 30.2 प्रतिशत बढ़कर 1,43,729 हो गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह संख्या 1,10,375 थी। उल्लेखनीय है कि पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश है।

गोयल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि वित्त वर्ष 2025-26 में हमारे पेटेंट आवेदन ऐतिहासिक रूप से बढ़कर 1.43 लाख से अधिक हो गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30.2 प्रतिशत की वृद्धि हैं। इसमें से 69 प्रतिशत से अधिक पेटेंट घरेलू स्तर पर दाखिल किए गए हैं, जिनमें तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के नवोन्मेषकों की अग्रणी भूमिका है। आवेदनों की संख्या में 2016-17 से लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जब यह संख्या 45,444 थी।

## जानकारी

# कितने बैंक अकाउंट




बैंक अकाउंट महज एक जरूरत नहीं बल्कि जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। इसमें आपकी सैलरी आती है, EMI कटती है, सब्सिडी आती है। ये बैंक के माध्यम से ही होता है। ऐसे में लोग एक से अधिक बैंक खाते खुलवा लेते हैं। लेकिन बड़ा प्रश्न ये है कि आखिर एक व्यक्ति कितन खाते खुलवा सकता है? क्या ज्यादा अकाउंट रखना सही है? तो अगर आप भी इसी दुविधा में फंसे हैं तो ये पूरा आलेख आपके लिए काम की बात है, इसे जरूर पढ़िए-

### आपके काम की बात-

- बैंक अकाउंट जितने चाहें खोल सकते हैं लेकिन हर अकाउंट की जिम्मेदारी भी होती है। ऐसे में समझदारी सीमित अकाउंट रखने में ही है। इससे आपकी फाइनेंशियल लाइफ आसान भी रहेगी और सुरक्षित भी।

### क्या सच लिमिट नहीं है?

- रिजर्व बैंक ने यह तय नहीं किया है कि एक व्यक्ति कितने बैंक खाते खोल सकता है।
- आप अपनी जरूरत के हिसाब से कई अकाउंट खोल सकते हैं, लेकिन ज्यादा अकाउंट का अर्थ हमेशा ज्यादा नियम और जिम्मेदारी होती है।

### बैंक अकाउंट कितने प्रकार के?

जरूरत के हिसाब से अलग-अलग खाते होते हैं-

- **सेविंग अकाउंट :** आम लोगों के लिए, ब्याज मिलता है।
- **सैलरी अकाउंट :** नौकरीपेशा लोगों के लिए, खास फायदा-ये जीरो बैलेंस होते हैं।
- **करंट अकाउंट :** बिजनेस के लिए श्रेष्ठ, यानी ज्यादा ट्रांजेक्शन
- **जॉइंट अकाउंट :** परिवार या पार्टनर के साथ।

इनमें हर अकाउंट का अलग काम और लाभ है।

### अकाउंट जरूरी क्यों?

- सैलरी सीधे खाते में आती है। सरकारी योजनाओं का पैसा मिलता है। ऑनलाइन पेमेंट और UPI इसी से चलते हैं। अब तो बच्चों के लिए भी बैंक अकाउंट खोले जा रहे हैं ताकि शुरुआत से ही बचत की आदत बने साथ ही सरकार स्कॉलरशिप भी इसी में भेजती है।

### ज्यादा अकाउंट रखने में समस्या?

ज्यादा अकाउंट देखने में अच्छा है लेकिन कई समस्याएं भी होती हैं-

- हर खाते में मिनिमम बैलेंस। (कुछ बैंकों में अभी भी जरूरी है)
- डेबिट कार्ड और मेंटेनेंस चार्ज अलग से लगत हैं।
- इससे धीरे-धीरे आपकी बचत कम होने लगती है।

### आईटीआर भरते समय रिस्क संभव

- भारत आपको हर अकाउंट की जानकारी देनी पड़ती है।
- अब कोई सूचना छूट गई तो समस्या होगी।
- इससे ITR फाइलिंग कठिन हो जाता है



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# बंगाल को तीन भागों में बांटना चाहती है भाजपा : ममता

**कोलकाता, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार राज्य को तीन भागों में बांटने के लिए परिसीमन करना चाहती है। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों का विलय बिहार या ओडिशा में किया जा सकता है, जिससे उन क्षेत्रों में रहने वाले बंगालियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

बांकुडा जिले के छटना और ओंडा तथा पूर्वी बर्धमान के खंडघोष में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा-भाजपा पश्चिम बंगाल को तीन भागों में बांटने के लिए परिसीमन विधेयक लाने की योजना बना रही है। वह बंगाल के कुछ हिस्सों का बिहार या ओडिशा में विलय कर सकती है और वहां के बंगालियों को प्रताड़ित कर सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस को पश्चिम बंगाल की सत्ता से हटाने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का सौदा किया है।

बनर्जी का परोक्ष रूप से यह इशारा, सोशल मीडिया पर सामने आये आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) प्रमुख हुमायूं कबीर के उस वीडियो की ओर था जिसमें वह कथित तौर पर यह कहते हुए सुने गए कि वह बनर्जी को सत्ता से हटाने को शुभेंदु अधिकारी सहित भाजपा नेताओं से संपर्क में हैं। तृणमूल कांग्रेस ने मामले की जांच की मांग की है, जबकि भाजपा और एजेयूपी ने वीडियो को एआई निर्मित बताया है।

# बंगाल की डेमोग्रॉफी को बदलना चाहते हैं वोटबैंक के सौदागर : योगी

## बोले-केवल भाजपा सरकार के पास है तृणमूल और वामपंथी गुंडों का उपचार

**बांकुड़ा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**



पश्चिम बंगाल के सोनामुखी में जनसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले बांग्लादेश में एक दलित हिंदू की निर्मम हत्या पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी मौन रहीं। उन्हें भय था कि बोलने पर उनका मुस्लिम वोट न खिसक जाए। कहा कि वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्रॉफी को बदलना चाहते हैं।

सोनामुखी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस को भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने की छूट मत दीजिए। योगी ने कहा कि ये लोग नवरात्रि आयोजन में व्यवधान पैदा करते हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। हम सब मिलकर बंगाल का पुराना वैभव लौटा सकते हैं।

मैं इसी आह्वान के साथ आपके बीच आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तृणमूल के शासन में यहां बहुत तांडव हुआ है। भाजपा कार्यकर्ता सुमन को गोली मार दी गई। स्वरूप घोष, पलाश घोष, उत्पल दास जैसे कार्यकर्ताओं के घर उजाड़ दिए गए। सुशोभन का हाथ काट दिया। सीएम ने बंगालवासियों का आह्वान किया कि दिल्ली में मोदी हैं, पश्चिम बंगाल में भी आप भाजपा सरकार लाइए, डबल इंजन सरकार दंगाइयों का इलाज कर देगी। तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार केवल भाजपा सरकार के पास है। स्थानीय भाषा में संवाद स्थापित करते हुए कहा कि अब बंगाल में 'खेला' बंद और भाजपा की जीत से विकास शुरू होगा। उन्होंने मंच से भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। योगी ने राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रवींद्र नाथ ठाकुर व राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को भी याद किया।

### पहले यूपी में भी दंगे होते थे

योगी ने कहा कि जो अराजकता, अव्यवस्था, गुंडागर्दी आज बंगाल में है, 9 वर्ष पहले वही स्थिति उत्तर प्रदेश में भी थी। वहां त्योहारों के पहले दंगे होते थे, महीनों कर्फ्यू रहता था। 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में जनता-जनार्दन ने डबल इंजन सरकार बनाई तो आज यूपी में तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण है।

# तमिलनाडु चुनाव : मोदी, नबीन व राहुल के दौरे से आयेगी तेजी

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में आगामी 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दौरे से चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेता केरल, असम और पुडुचेरी में चुनाव प्रचार के बाद अब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भाजपा राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए आक्रामक चुनाव अभियान चला रही है। चुनावी अभियान की शुरुआत सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नवीन ने की, जो रविवार सुबह मदुरै पहुंचे। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान वह रोड शो करेंगे, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली को संबोधित करेंगे और बूथ कमेटी की बैठक में भी हिस्सा लेंगे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 अप्रैल को राज्य में कई रैलियां और रोड शो करेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद भी करेंगे। भाजपा इस द्रविड़ क्षेत्र में पकड़ मजबूत करने के लिए उत्सुक है। तमिलनाडु में पिछले छह दशकों से परंपरागत रूप से और बारी-बारी से द्रमुक और अन्नाद्रमुक सत्ता में रही।

दूसरी ओर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी राज्य में चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। वह श्रीपेरंबदूर में अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देने के बाद विभिन्न सीटों पर रैलियां करेंगे।

## तमिलनाडु की चुनावी लड़ाई चतुष्कोणीय नहीं मुकाबला केवल टीवीके और द्रमुक के बीच : विजय

**कन्याकुमारी (तमिलनाडु), एजेंसी।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय ने रविवार को कहा कि भले ही दावा किया जा रहा है कि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव में चतुष्कोणीय मुकाबला है, लेकिन वास्तव में लड़ाई टीवीके और सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के बीच है। अभिनय से राजनीति में आए विजय ने कन्याकुमारी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चतुष्कोणीय या 40 कोणीय मुकाबला नहीं है। यहां केवल दो पक्ष हैं, एक टीवीके है, दूसरा द्रमुक। क्या आप जनविरोधी स्टालिन सरकार चाहते हैं, या विजय, जो जनता से प्रेम करता है, यह चुनाव बस इसी बात पर आधारित है। टीवीके की जनसभा में शामिल होने के लिए आई भारी भीड़ के बीच विजय ने साइकिल चलाई। उन्होंने अपने पिछले चुनाव प्रचार स्थल कराईकुडी में भी लोगों से संपर्क साधने के उद्देश्य से साइकिल चलाई थी। लेकिन हालात तब बेकाबू हो गए, जब लोग उनके करीब आने की कोशिश करने लगे। इस बार आयोजकों ने विजय के चारो ओर सुरक्षा घेरा बनाया था।

## केंद्र से टकराव करेंगे तो तमिलनाडु को निधि कैसे मिलेगी: पलानीस्वामी

**तंजावुर (तमिलनाडु), एजेंसी।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख ई.के. पलानीस्वामी ने राज्य को निधि जारी करने के मुद्दे पर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब राज्य सरकार जानबूझकर केंद्र सरकार से टकराव कर रही है, तो उसे निधि कैसे मिल सकती है। वह अन्नाद्रमुक नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) के महासचिव टी.टी.वी. दिनाकरन के साथ संयुक्त चुनाव प्रचार के तहत शनिवार को एक सभा को संबोधित कर रहे थे। पलानीस्वामी ने कहा कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के बीच मतभेद हो सकते हैं या वे एक-दूसरे की आलोचना कर सकते हैं, लेकिन चुनाव के बाद चुनी हुई सरकार को उन लोगों की सेवा करनी चाहिए, जो उन्हें सत्ता में लेकर आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर राज्य सरकार जानबूझकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करती है, तो तमिलनाडु को निधि कैसे मिल सकती है? केंद्र में कांग्रेस के साथ सत्ता साझा करने के दौरान भी द्रमुक को अपेक्षित निधि नहीं मिली थी। अब वह भाजपा की आलोचना कर रही है।

## असम: पुलिस ने चुनावी मामले में कुंकी को समन भेजा, पहुंची थाने

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम जातीय परिषद (एजेपी) ने हाल में हुए विधानसभा चुनाव में गुवाहाटी सेंट्रल से पार्टी के उम्मीदवार कुंकी चौधरी को पुलिस द्वारा समन किये जाने को लेकर रविवार को सीएम हिमंत विश्व शर्मा पर निशाना साधते हुए दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा अपने खिलाफ जनादेश को देख घबरा गई है। चुनाव संबंधी मामले में समन मिलने के बाद चौधरी सुबह पानबाजार पुलिस थाना पहुंचीं। उन्हें शनिवार को नोटिस देकर रविवार पूर्वाह्न 11 बजे से पहले पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था ऐसा नहीं करने पर उनकी गिरफ्तारी की बात कही गई थी। भाजपा कार्यकर्ता नबा कुमार लखकर ने नौ अप्रैल को मतदान के दिन चौधरी और उनके प्रबंधक संदीप यादव के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आरोप था कि दोनों ने आचार संहिता का उल्लंघन कर स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव संचालन में बाधा डाली।

# रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करेंगे भारत-यूएई

अबू धाबी, एजेंसी

● जयशंकर ने यूएई के उपप्रधानमंत्री अल नाहयान से की मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से अबू धाबी में मुलाकात की और क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और इसके प्रभावों पर चर्चा की।

जयशंकर नौ से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी चार दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में अबू धाबी में हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज शाम अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी बातचीत क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और उनके प्रभावों पर केंद्रित रही। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने खाड़ी देश में भारतीय समुदाय का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर भारत की ओर से गहरी सराहना व्यक्त की।

मंत्री ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी और आगे बढ़ती रहेगी।

# संरा महासचिव के चयन प्रक्रिया में सक्रिय रहेगा रूस

मास्को। रूस संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए उम्मीदवारों के नामांकन पर बारीकी से नजर रख रहा है और चयन प्रक्रिया में पूरी तरह से सक्रिय रहेगा। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठनों विभाग के निदेशक किरिल लोग्विनोव ने स्पुतनिक को दी। लोग्विनोव ने कहा, रूसी पक्ष अगले महासचिव के चयन की प्रक्रिया को पूरी तरह से जांचने का इरादा रखता है। हम नामांकन प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र महासचिव का पद अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है। हालांकि औपचारिक रूप से यह पद प्रशासनिक प्रकृति का है।

# भारतीय स्थानों को काल्पनिक नाम देने के पीछे चीन की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

● अरुणाचल के सभी हिस्से भारत के अभिन्न अंग : जायसवाल

भारत ने चीन द्वारा भारतीय स्थानों के काल्पनिक नाम दिए जाने को चीनी चाल, शरारत और निराधार कथानक गढ़ने का प्रयास बताते हुए कहा है कि चीन की इस तरह की कार्रवाई द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को कमजोर करती हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन द्वारा भारतीय स्थानों को काल्पनिक नाम देने के संबंध में मीडिया प्रश्नों के उत्तर में रविवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश सहित यह सभी हिस्से भारत का अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा, भारत चीनी पक्ष द्वारा भारत के क्षेत्र में आने वाले स्थानों को काल्पनिक नाम देने के किसी भी शरारतपूर्ण प्रयास को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि चीनी पक्ष की ये कार्रवाई भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को कमजोर करती हैं। चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए जो संबंधों में नकारात्मकता पैदा करते हैं और बेहतर समझ विकसित करने के प्रयासों को क्षति पहुँचाते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि चीन द्वारा झूठे दावे प्रस्तुत करने और निराधार कथानक गढ़ने के प्रयास सच को बदल नहीं सकते।




# ऑफ्टर मार्केट एक्सेसरीज
# आपका शौक जो बन सकता है जानलेवा

शोरूम से गाड़ी बाहर निकलते ही अधिकांश मालिकों के मन में उसे 'सजाने' का विचार आने लगता है। यहीं से शुरू होता है 'आफ्टर-मार्केट एक्सेसरीज' का खेल। शोरूम के महंगे विकल्पों से बचने और अपनी कार को दूसरों से अलग दिखाने की होड़ में लोग स्थानीय बाजारों का रुख करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि एक चमकती हुई एक्स्ट्रा लाइट या डैशबोर्ड पर रखा एक भारी सजावटी सामान आपकी और दूसरों की जान के लिए कितना बड़ा खतरा हो सकता है? आफ्टर-मार्केट एक्सेसरीज वे उपकरण या पुर्जे होते हैं जो वाहन निर्माता द्वारा फैक्ट्री फिटेड नहीं होते, बल्कि बाद में बाहर से लगवाए जाते हैं। इनमें से कई एक्सेसरीज न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करती हैं, बल्कि वाहन की इंजीनियरिंग और सुरक्षा प्रणालियों (जैसे एयरबैग्स और सेंसर) के साथ भी छेड़छाड़ करती हैं। एक छोटी सी वायरिंग की गलती पूरी गाड़ी को आग के गोले में तब्दील कर सकती है, और एक गलत तरीके से लगाया गया बुल-बार हादसे के समय एयरबैग को खुलने से रोक सकता है। कानूनन, वाहन के मूल ढांचे या स्पेसिफिकेशन में बदलाव करना अपराध की श्रेणी में आता है, जिसके लिए भारी जुर्माना और जेल तक का प्रावधान है। फिर भी, जानकारी के अभाव में लोग अपनी वारंटी और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगा देते हैं। यह लेख इसी खतरनाक शौक की परतों को खोलता है।



## इन एक्सेसरीज पर है पाबंदी

● बुल-बार या क्रैश गार्ड : यह गाड़ी की सुरक्षा के लिए उसके आगे और पीछे की ओर लगाए जाते हैं। इन पर पूर्ण प्रतिबंध है।

● टिंटेड ग्लास (काली फिल्म) : सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, शीशों पर बाहर से काली फिल्म लगाना अवैध है। विजिबिलिटी 70% (आगे-पीछे) और 50% (साइड) होनी चाहिए।

● तेज आवाज वाले हॉर्न और साइलेंसर : मॉडिफाइड साइलेंसर (खासकर बुलेट में) और प्रेशर हॉर्न पूरी तरह प्रतिबंधित हैं।

● अतिरिक्त लाइटें (एचआईडी/एलईडी बार्स) : छत पर लगी लाइटें या ऐसी लाइटें जो सामने वाले की आंखों को चौंधिया दें, अवैध हैं।

● नंबर प्लेट : फैंसी फॉन्ट या रंगों वाली नंबर प्लेट पर जुर्माना हो सकता है। हमेशा एचएसआरपी प्लेट का ही उपयोग करें।

● चौड़े टायर : कंपनी द्वारा निर्धारित साइज से ज्यादा बड़े टायर लगवाने पर भी चालान हो सकता है।

## सुरक्षा के लिए घातक

● बुल-बार : लोग इसे सुरक्षा मानते हैं, लेकिन यह सबसे खतरनाक है। हादसे के समय ये 'क्रम्पल ज़ोन' को काम नहीं करने देते और इम्पैक्ट सेंसर्स को ब्लॉक कर देते हैं, जिससे एयरबैग्स नहीं खुलते। साथ ही, पैदल चलने वालों के लिए ये जानलेवा होते हैं।

● गलत वायरिंग और हेडलैंप्स : म्यूजिक सिस्टम या महंगी लाइटें लगवाने के लिए अक्सर मूल तारों को काटा जाता है। इससे शॉर्ट सर्किट का खतरा बढ़ जाता है, जो कार में आग लगने का मुख्य कारण है।

● बड़े अलॉय व्हील्स और टायर : कंपनी द्वारा निर्धारित साइज से बड़े टायर लगवाने से सस्पेंशन खराब होता है ,ब्रेक लगाने की क्षमता कम हो जाती है।

● सीट कवर्स : अगर आपकी कार की सीटों में एयरबैग हैं, तो उन पर सामान्य सीट कवर लगवाना मौत को दावत देना है। ये एयरबैग को बाहर नहीं आने देते।

## रद्द हो सकती है वाहन की वारंटी

● कंपनियां अपनी वारंटी शर्तों में बहुत सख्त होती हैं। निम्नलिखित स्थितियों में आपकी वारंटी खत्म हो सकती है।

● इलेक्ट्रिकल कटिंग : अगर किसी भी एक्सेसरी के लिए मूल वायरिंग को काटा गया है।

● मैकेनिकल बदलाव : इंजन ट्यूनिंग या सस्पेंशन के साथ छेड़छाड़।

● अनधिकृत सीएनजी किट : यदि किट आरटीओ अप्रूव्ड और कंपनी अधिकृत नहीं है।

● स्ट्रक्चरल बदलाव : चेसिस या बॉडी स्ट्रक्चर में ड्रिलिंग करना।

## बीमा क्लेम भी प्रभावित

● यदि आप एक्सेसरीज लगवाना ही चाहते हैं, तो हमेशा कंपनी ऑथराइज्ड सामान ही चुनें। शोरूम से मिली आपकी गाड़ी एक संतुलित मशीन है। उसमें किया गया एक छोटा सा अवैध बदलाव न केवल आपके बीमा क्लेम को खारिज करवा सकता है, बल्कि किसी सड़क हादसे में कानूनी और शारीरिक संकट का कारण भी बन सकता है।

## सुरक्षा से समझौता

● वाहन निर्माता करोड़ों रुपये खर्च करके गाड़ी का सेफ्टी टेस्ट करते हैं। कोई भी अनटेस्टेड एक्सेसरी उस पूरी इंजीनियरिंग को बिगाड़ देती है।

● संतुलन : छत पर भारी सामान ले जाने वाले कैरियर या बड़े टायर गाड़ी के गुरुत्वाकर्षण केंद्र को बिगाड़ देते हैं, जिससे तेज मोड़ पर गाड़ी पलटने का डर रहता है।

● इलेक्ट्रिक लोड : अतिरिक्त एक्सेसरीज बैटरी और अल्टरनेटर पर दबाव डालती हैं, जिससे गाड़ी बीच रास्ते में बंद हो सकती है।

## व्हीकल एक्ट

● मोटर वाहन अधिनियम की धारा 52 के अनुसार, कोई भी मालिक अपने वाहन में ऐसा बदलाव नहीं कर सकता जिससे निर्माता द्वारा दिए गए मूल विवरण बदल जाएं।

● जुर्माना : मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों में बाहरी एक्सेसरीज लगवाना या उनके मूल ढांचे में बदलाव करना अवैध माना जा सकता है। पकड़े जाने पर 1,000 से 25,000 रुपये तक का जुर्माना, वाहन की जब्ती, आरसी का निलंबन और कुछ मामलों में 6 महीने तक की जेल भी हो सकती है। ● रंग बदलना : यदि आप गाड़ी का रंग बदलते हैं, तो उसे आरटीओ में दर्ज कराना अनिवार्य है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### यूक्रेन का ईस्टर पर युद्धविराम उल्लंघन

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन पर रूसी सेना के ठिकानों को निशाना बनाकर 32 घंटे के ईस्टर युद्धविराम का उल्लंघन करने का रविवार को आरोप लगाया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्धविराम के शुरुआती 16 घंटों के दौरान यूक्रेनी सेना द्वारा युद्धविराम के दो हजार मामले सामने आए। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मैक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईस्टर के अवसर पर युद्धविराम की घोषणा होने के बावजूद, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने कल रात पोक्रोव्स्कोये क्षेत्र से रूसी सैनिकों के ठिकानों पर तीन बार हमला किया। कहा कि 11 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार चार बजे से 12 अप्रैल को सुबह आठ बजे के बीच यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा कुल 1,971 बार युद्धविराम का उल्लंघन किया गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 12 मछुआरों को पकड़ा

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल क्षेत्र के 12 मछुआरों को रविवार सुबह गहरे समुद्र में मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया। मछुआरे शनिवार रात कराईकल में मछली पकड़ने के लिए बंदरगाह से समुद्र में उतरे थे, तभी अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को पार करने के बाद कराईनगर क्षेत्र के पास मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने उन्हें पकड़ लिया। श्रीलंकाई नौसेना जवानों ने उनकी मशीनीकृत नाव को भी जब्त कर लिया और उन्हें तथा नाव को कांकेसंथुराई ले गए।

### छात्र मौत : संकाय सदस्यों की जांच शुरू

**कन्नूर।** कन्नूर डेंटल कॉलेज के प्रथम वर्ष के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने कॉलेज के कुछ संकाय सदस्यों के खिलाफ जांच शुरू की है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि छात्र के माता-पिता और मित्रों द्वारा संकाय सदस्यों पर भावनात्मक उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद चक्करक्कल पुलिस ने जांच शुरू की। अभी तक पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है। छात्र की पहचान तिरुवनंतपुरम निवासी नितिन राज आर.एल.(22) के रूप में हुई है जो यहां अंजराकांडी स्थित कॉलेज में बीडीएस प्रथम वर्ष का छात्र था।

### मणिपुर में बम हमले के खिलाफ किया प्रदर्शन

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हाल ही में हुए बम हमले और दो बच्चों की मौत के विरोध में रविवार को राजधानी इंफाल में हजारों लोगों ने रैली निकाली। यह रैली उरीपोक निर्वाचन क्षेत्र के कई स्थानीय निकायों के एक समूह, उरीपोक अपुनबा लुप और उरीपोक नुपी अपुनबा लुप द्वारा आयोजित की गई थी। रैली लैम्बोइखोंगनांगखोंग से शुरू हुई और चार किलोमीटर की दूरी तय की।

# भारत का आर्थिक विकास वैश्विक साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर

## कोलंबिया विश्वविद्यालय में बोले अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा

न्यूयॉर्क/ह्यूस्टन, एजेंसी



अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत की आर्थिक विकास यात्रा उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर है और इस बात पर बल दिया कि अमेरिका इस साझेदारी में सबसे आगे और केंद्र में है तथा भारत के सबसे महत्वपूर्ण साझेदारों में से एक है।

क्वात्रा ने ये टिप्पणियां शनिवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स (एसआईपीए) के दीपक और नीरा राज सेंटर ऑन इंडियन इकोनॉमिक पॉलिसीज द्वारा आयोजित कोलंबिया इंडियन इकोनॉमी समिट 2026: द क्वेस्ट फॉर ए डेवलप्ड इंडिया में एक विशेष संबोधन के दौरान कीं।

उन्होंने छात्रों, शिक्षकों और भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत का आर्थिक विकास हमारी अपनी यात्रा है जो न केवल आर्थिक विकास और समृद्धि के हमारे मूलभूत सिद्धांतों के लिए है बल्कि यह हमारे अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के लिए भी एक बड़ा अवसर है। अमेरिका हमारे सबसे महत्वपूर्ण व अहम साझेदारों में से एक है। द्विपक्षीय संबंधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्वात्रा ने कहा कि साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और बदलते वैश्विक परिवर्तनों से निपटने में भारत-अमेरिका साझेदारी सबसे महत्वपूर्ण और सबसे निर्णायक साझेदारियों में से एक है।

उन्होंने विश्वास जताया कि भारत 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए अपने लोगों के लिए आर्थिक विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाना जारी रखेगा। राजदूत ने कहा कि हम भारत में अपनी यात्रा, अपने आर्थिक विकास, अपने समाज के विकास के एक परिवर्तनकारी दौर में हैं... साथ ही, हम वैश्विक बदलावों के संबंध में सीखने के लिहाज से एक अनूठे दौर में भी जी रहे हैं।

### लगातार मजबूत हो रहे भारत-अमेरिकी संबंध

भारतीय दूतावास ने बताया कि उन्होंने समुदाय को एकजुट करने में प्रवासी संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशंस (एफआईए) के कार्यों की सराहना की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के योगदान को स्वीकारा। द ग्रोथ ट्रायंगल शीर्षक से एक सत्र में भाग लेते हुए ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत डी सी मंजुनाथ ने कहा कि सरकार, व्यापार और लोगों के बीच आपसी जुड़ाव के माध्यम से भारत-अमेरिका संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने भारत और टेक्सास के बीच बढ़ते सहयोग को व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। इस कार्यक्रम में भारत के बदलते नीतिगत परिदृश्य और विकास प्राथमिकताओं की जानकारी दी गई।

### साझेदारी में भारत के लिए रणनीतिक, राजनीतिक और सुरक्षा प्रमुख

मजबूत अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के महत्व और सार पर बल देते हुए क्वात्रा ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी में सरकार-से-सरकार, सरकार-से-व्यापार, व्यापार-से-व्यापार और लोगों-से-लोगों के संबंध शामिल हैं। उन्होंने कहा, इन चार श्रेणियों के भीतर क्षेत्रीय विस्तार के संदर्भ में हमारे लिए एक प्रमुख खंड रणनीतिक राजनीतिक और सुरक्षा है। उन्होंने क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद), भारत-पश्चिम एशिया आर्थिक गलियारे और अमेरिका के साथ व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी जैसी पहलों के माध्यम से चुनौतियों और अवसरों की पुनर्कल्पना करने के प्रयासों का उल्लेख किया। क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में नेतृत्व स्तर का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को मौजूदा वैश्विक बदलावों के प्रति सतर्क रहना चाहिए।

# रोहतक से दिल्ली तक हरित गलियारा बनाकर पहुंचाया गया मरीज के लिए हृदय


**नई दिल्ली।** जरूरतमंद मरीज में प्रतिरोपित किए जाने के लिए एक दानदाता के जीवित हृदय को लेकर एक एंबुलेंस ने रोहतक से राष्ट्रीय राजधानी तक की 98 किलोमीटर से अधिक की दूरी 85 मिनट में पूरी की। इसके लिए नौ अप्रैल को एक हरित गलियारा बनाया गया था। इसमें कहा गया है कि दिल्ली पुलिस और रोहतक पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए 'हरित गलियारे' की मदद से एंबुलेंस ने अपराह्न 2.50 बजे से 4.15 बजे के बीच यह दूरी तय की, जिससे यह सुनिश्चित हो सका कि महत्वपूर्ण समय सीमा के भीतर हृदय कार्यशील बना रहे। ओखला स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के अनुसार, यह अंग पं. बी.डी. शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज , रोहतक में 37 वर्षीय 'ब्रेन-डेड' दाता से प्राप्त किया गया था और प्रतिरोपण के लिए दिल्ली के अस्पताल में लाया गया था। बयान में कहा गया है कि गंभीर डायलेटेड कार्डियोमायोपैथी से पीड़ित प्राप्तकर्ता 26 वर्षीय मरीज में सफल प्रतिरोपण किया गया और वर्तमान में आईसीयू में उसकी गहन निगरानी की जा रही है।

● एंबुलेंस ने 85 मिनट में पूरी की 98 किलोमीटर से अधिक की दूरी

# अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा अनावृत्त

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● सिएटल में नगर प्रशासन की ओर से स्थापित कराई गई कांस्य प्रतिमा



अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का सिएटल में अनावरण किया गया। यह प्रतिमा प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक और आध्यात्मिक नेता स्वामी विवेकानंद के सम्मान में स्थापित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सिएटल शहर में वेस्टलेक स्क्वायर पर स्थापित आदमकद कांस्य प्रतिमा अमेरिका में किसी नगर प्रशासन की ओर से लगाई गई अपनी तरह की पहली प्रतिमा है।

भारतीय कलाकार नरेश कुमार कुमावत द्वारा बनाई गई इस प्रतिमा का सिएटल की महापौर केटी विल्सन और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रूप से अनावरण किया। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, शिकागो 1893 से सिएटल 2026 तक! ...सिएटल का प्रशासन शहर के मध्य क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद स्मारक स्थापित करने वाला पहला नगर प्रशासन बन गया है। विल्सन ने समारोह में कहा कि यह स्मारक सिएटल की समावेशी भावना को दर्शाता है और भारत एवं अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के इस विविधतापूर्ण महानगरीय प्रौद्योगिकी केंद्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है।

# आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राजधानी में राष्ट्रीय स्तर के 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन विज्ञान भवन में पूर्वाह्न 11 बजे रखा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की प्रख्यात हस्तियां और महिलाएं भाग लेंगी। इसमें सरकार, शिक्षा जगत, विज्ञान, खेल, उद्यमिता, मीडिया, सामाजिक कार्य और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी महिलाएं शामिल होंगी। सितंबर 2023 में संसद ने ' नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित किया , जो विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । इस अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की गयी हैं। अब देश भर में महिला आरक्षण के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए 16 अप्रैल को संसद की बैठक बुलाई गई है। यह सम्मेलन देश के विकास पथ को आकार देने में महिलाओं की अधिक भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने को आयोजित किया जा रहा है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज दिन की शुरुआत कार्यभार के साथ होगी। दोपहर बाद नए अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**तुला** – आज का दिन अनुकूल रहेगा। मित्रों और सहयोगियों से मदद मिलेगी। कार्यों में सफलता मिलने की संभावना बनी रहेगी।

**वृष** – आज दोपहर बाद धीरे-धीरे कार्यों में गति आएगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक खर्च से बचना आवश्यक है।

**वृश्चिक** – आज दिन की शुरुआत सावधानी से करें, क्योंकि कार्यों में बाधा आ सकती है। प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, लेकिन धैर्य से आप स्थिति संभाल लेंगे।

**मिथुन** – आज आपकी बुद्धि और संचार क्षमता मजबूत रहेगी। नए विचार सामने आएंगे और लाभ के अवसर बनेंगे। संपर्कों से सहयोग मिलेगा।

**धनु** – आज भाग्य आपका साथ देगा। कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। बनते कार्यों से आत्मविश्वास मजबूत रहेगा।

**कर्क** – आज दिन की शुरुआत में मन विचलित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में दबाव रहेगा, लेकिन स्थिति धीरे-धीरे सुधर जाएगी।

**मकर** – आज दिन की शुरुआत आपके पक्ष में रहेगी। दोपहर बाद कुछ बदलाव आ सकते हैं। परिवार का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**सिंह** – आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। नए संपर्क लाभकारी सिद्ध होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।


**कुंभ** – आज उधार दिया हुआ धन वापस मिलेगा। नए संपर्क बनेंगे और कार्यों में प्रगति होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी व्यस्तता के साथ होगी। आपकी योजना सफल रहेगी। मानसिक संतुलन बना रहेगा।

**मीन** – आज खर्च पर नियंत्रण रखें और धैर्य बनाए रखें। थोड़ी उलझन हो सकती है, धीरे-धीरे स्थिति स्पष्ट होगी। कार्यों में प्रगति मिलेगी।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 13 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 14 अप्रैल 01.08 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-धनिष्ठा 16 .03 तक तत्पश्चात शतभिषा।

## सुडोकू - 117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 |

## सुडोकू -118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 9 | |
| 6 | | 2 | | | | | 7 | |
| 9 | | | 4 | | | 5 | | |
| 4 | | 7 | | | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 5 | 9 | | 6 | | | 3 |
| | | 8 | | | 2 | | | 7 |
| | 9 | | | | | 2 | 5 | |
| | 1 | | | | 3 | | | |

# सीधी उड़ान सहित ताइवान से निलंबित कुछ संबंधों को फिर से शुरू करेगा चीन

**बैंकॉक।** चीन ने रविवार को कहा कि वह ताइवान के साथ निलंबित संबंधों को कुछ हद तक फिर से शुरू करेगा। इनमें समूचे चीन के शहरों के लिए सीधी उड़ानें और ताइवानी मत्स्य उत्पादों का आयात भी शामिल है। हाल में ताइवान की विपक्षी पार्टी की नेता ने चीन की यात्रा की थी। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अधीन ताइवान वर्क ऑफिस ने एक बयान में कहा कि वह कम्युनिस्ट पार्टी और ताइवान की कुओमिंतांग पार्टी के बीच एक दीर्घकालिक संचार तंत्र स्थापित करने की संभावना तलाशेगा तथा ताइवान के जलीय कृषि उत्पादों के आयात को सुविधाजनक बनाएगा जिन पर हाल के वर्षों में प्रतिबंध लगा दिया गया था। कुओमिंतांग पार्टी की प्रमुख चेंग ली-वुन और चीनी राष्ट्रपति शी ने शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की जिसमें दोनों ने शांति की अपील की।

## कारनामा

### विश्व की सर्वाधिक शैक्षणिक डिग्री रखने वाले इंसान हैं राजस्थान के झुंझनूं जिले के दशरथ सिंह

# पढ़ाई का जुनून : हासिल किए 138 डिग्री, डिप्लोमा व प्रमाणपत्र

जयपुर, एजेंसी

आम तौर पर लोग एक या दो डिग्री हासिल कर संतुष्ट हो जाते हैं लेकिन यदि किसी व्यक्ति के अंदर पढ़ाई का ऐसा जुनून हो कि उसने पास 138 डिग्री, डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र हों तो ऐसे व्यक्ति को आप क्या कहना पसंद करेंगे। यह कारनामा राजस्थान में झुंझुनूं जिले के डॉ. दशरथ सिंह ने कर दिखाया है।

हाल में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 39वें दीक्षांत समारोह में डॉ. दशरथ सिंह को 138वीं डिग्री प्रदान की गई। उन्होंने वैदिक अध्ययन में परास्नातक की डिग्री विशिष्ट योग्यता के साथ हासिल की। वह शिक्षा के क्षेत्र में 11 विश्व रिकॉर्ड बना चुके हैं। दशरथ वर्तमान में भारतीय सेना एवं रक्षा मंत्रालय में वरिष्ठ सलाहकार हैं।

सेना की नौकरी के दौरान पंजाब, जम्मू-कश्मीर, असम जैसे अपेक्षाकृत कठिन इलाकों में तैनाती के बावजूद दशरथ में पढ़ाई का जुनून कम नहीं हुआ। सेना की नौ राजपूताना रेजिमेंट में सिपाही रहे दशरथ सिंह का नाम इंरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में मोस्ट एजुकेशनली क्वालिफाइड पर्सन ऑफ द वर्ल्ड यानी विश्व के सबसे ज्यादा शैक्षणिक योग्यता रखने वाले व्यक्ति के रूप में दर्ज है।

डॉ. दशरथ सिंह अब तक तीन विषयों में पीएचडी, सात में स्नातक, 46 में स्नातकोत्तर, 23 में डिप्लोमा, सेना से संबंधित सात विषयों में डिग्री और 52 विषयों में प्रमाणपत्र हासिल कर चुके हैं। राजस्थान से सबसे ज्यादा सैनिक देने वाले झुंझुनूं जिले की नवलगढ़ तहसील के खिरोड़ गांव में एक साधारण से किसान एवं सैनिक परिवार में जन्मे दशरथ अपने परिवार से तीसरी पीढ़ी के सैनिक हैं। उनका बचपन बेहद कष्टमय और कठिन परिस्थितियों में गुजरा। दशरथ ने कहा, मेरे परिवार में कोई पढ़ा लिखा नहीं था और न ही पढ़ाई-लिखाई का कोई माहौल ही था।



### दशरथ के नाम शिक्षा क्षेत्र में 11 रिकॉर्ड

दशरथ के नाम शिक्षा के क्षेत्र में 11 रिकॉर्ड हैं, जिनमें इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, दो हॉवर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, यूएन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, ग्लोबल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और नेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल हैं।



मेरे लिए सबसे अहम चीज टीम की जीत थी। मैं तो बस बाकी गेंदबाजों द्वारा बनाए गए दबाव का फायदा उठा रहा था। पेस और धीमी गेंदों के मिश्रण पर के लिए आपको नेट्स में काफी अभ्यास करना पड़ता है, ताकि मैच में उसे सही तरीके से इस्तेमाल कर सकें।
- प्रसिद्ध कृष्णा


# स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 13 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# घर में फिर लड़खड़ाया लखनऊ गुजरात ने सात विकेट से हराया

## मारक्रम के अलावा एलएसजी का कोई बल्लेबाज 20 रन भी नहीं बना सका

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | 2.055 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 1.231 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 6. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.427 |
| 7. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.024 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | चेन्नई सुपर किंग्स | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -1.532 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |

### ऑरेंज कैप



वैभव सूर्यवंशी
राजस्थान - 200 रन
रजत पाटीदार
बेंगलुरु - 195 रन
हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद- 184 रन

### पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात - 10 विकेट
रवि विश्नोई
राजस्थान- 9 विकेट
अंशुल कंबोज
चेन्नई - 8 विकेट

**लखनऊ, एजेंसी**

तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (चार ओवर में 28 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की कमाल की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स को सात विकेट से शिकस्त दी। एलएसजी एकाना में एकबार फिर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है।

सुपर जाएंट्स को आठ विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद टाइटंस ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। गिल ने 40 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने के अलावा पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन (15) के साथ 31 गेंद में 45 और दूसरे विकेट के लिए जोस बटलर (60) के साथ 58 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। बटलर ने 37 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए। सुपर जायंट्स के लिए दिग्वेश राठी, मोहम्मद शमी और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले प्रसिद्ध को मोहम्मद सिराज (चार ओवर में 19 रन पर एक विकेट) और अशोक शर्मा (32 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। कागिसो रबाडा को भी एक सफलता मिली, लेकिन उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए। राशिद खान ने चार ओवर में 25 रन दिए।



कप्तान ऋषभ पंत का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते गुजरात टाइटंस के मोहम्मद सिराज। एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस के सलामी बल्लेबाजों ने रक्षात्मक नीति अपनाते हुए शुरुआती चार ओवरों में सिर्फ 25 रन बनाए। शुभमन गिल ने पांचवें ओवर में शमी के खिलाफ छक्का और तीन चौके लगाकर ओवर से 20 रन बटोरे। गिल ने इस दौरान आईपीएल में अपने 4000 रन पूरे किए। अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आए राठी ने पहली ही गेंद पर सुदर्शन को चलता किया। क्रीज पर आए बटलर ने इसी ओवर में चौके से टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। राठी के अगले ओवर में पंत ने बटलर का आसान कैच टपका कर उन्हें जीवनदान दिया। गिल ने दूसरे छोर से जॉर्ज लिंडे के खिलाफ चौका लगाया, तो वहीं बटलर ने जोखिम लिए बिना आवेश और राठी की गेंदों को बाउंड्री के पार भेजा।

गिल ने 12वें ओवर में आवेश खान के खिलाफ एक रन चुराकर 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, तो वहीं बटलर ने ओवर का समापन हैट्रिक चौकों से किया। उन्होंने लिंडे की गेंद पर एक रन दौड़कर 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। टी20 प्रारूप में यह बटलर का 100वां अर्धशतक है। प्रिंस ने गिल को, तो वहीं शमी ने बटलर को आउट कर टाइटंस को सात गेंद के अंदर दो झटके देकर टीम की वापसी कराने की कोशिश की, लेकिन वाशिंगटन सुंदर (21) और राहुल तेवतिया (10) ने लक्ष्य तक पहुंचाने की औपचारिकता पूरी की।

### रन के लिए एलएसजी के बल्लेबाज तरसे

लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ऋषभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद विकेट गंवा दिए।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**164/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मारक्रम का सुंदर बो कृष्णा | 30 |
| मिचेल मार्श का गिल बो रबाडा | 11 |
| ऋषभ पंत का तेवतिया बो सिराज | 18 |
| आयुष बडोनी का फिलिप्स बो कृष्णा | 09 |
| निकोलस पूरन का गिल बो कृष्णा | 19 |
| अब्दुल समद का फिलिप्स बो अशोक | 18 |
| मुकुल चौधरी का बटलर, बो प्रसिद्ध | 18 |
| जॉर्ज लिंडे का स्थानापन्न बो अशोक | 16 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 12 |
| आवेश खान नाबाद | 04 |

**अतिरिक्त** : 9, **गेंदबाजी** : सिराज 4-0-19-1, रबाडा 4-0-54-1, अशोक 4-0-32-2, प्रसिद्ध 4-0-28-4, राशिद 4-0-25-0

**गुजरात टाइटंस**

**165/3** (18.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का आवेश बो राठी | 15 |
| शुभमन गिल का पंत बो प्रिंस | 56 |
| जोस बटलर का मारक्रम बो शमी | 60 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 21 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 10 |

अतिरिक्त : 03, गेंदबाजी : शमी 4-0-36-1, प्रिंस 4-0-31-1, राठी 4-0-31-1, लिंडे 3-0-28-0, आवेश 2-0-24-0, मारक्रम 1.4-0-15-0

**4000** रन पूरे किए शुभमन गिल ने आईपीएल में

**04** विकेट लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने 28 रन देकर

**04** मुकाबलों में लखनऊ ने 2 जीते और 2 हारे हैं

## नवाबी नगरी में चिलचिलाती धूप पर भारी पड़ा क्रिकेट का जुनून

- सचिन की बेटी सारा और बहू सानिया बनीं आकर्षण का केंद्र
- 'सिलेंडर बेचकर मैच देखने आए' वाले पोस्टर ने बटोरी सुर्खियां

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार।** नवाबों के शहर लखनऊ के इकाना स्टेडियम में रविवार को क्रिकेट का ऐसा हाई वोल्टेज करंट दौड़ा कि चिलचिलाती धूप भी प्रशंसकों के जोश को ठंडा नहीं कर सकी। गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में भले ही लखनऊ ने दिल जीता, लेकिन मैच गुजरात के शुभमन गिल ले उड़े।

**सिलेंडर बेचकर देखने आए मैच, सारा समेत सितारों का जमावड़ा**

स्टेडियम में केवल चौके-छक्कों के पोस्टर ही नहीं, बल्कि कुछ अतरंगी संदेश भी दिखे। एक दर्शक का पोस्टर "घर में गैस नहीं, सिलेंडर बेचकर मैच देखने आए हैं" सोशल मीडिया और स्टेडियम में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं, वीआईपी बॉक्स में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर और उनकी भाभी सानिया (अर्जुन तेंदुलकर की पत्नी) एलएसजी को सपोर्ट करती नजर आईं। सानिया अपनी टीम की जर्सी में पूरी तरह क्रिकेट के रंग में रंगी थीं।

**नारेबाजी का जबरदस्त मुकाबला**

मैदान और उसके बाहर, गेट नंबर-2 पर प्रशंसकों के बीच नारों की जंग छिड़ी रही। एलएसजी के समर्थकों ने नारा बुलंद किया— "इकाना-लखनऊ का पुराना है साथ, गुजरात की नहीं बनेगी बात", तो गुजरात के फैंस ने भी पलटवार करते हुए "जीतेगा भाई जीतेगा, गुजरात जीतेगा" के नारों ने माहौल गरमाए रखा। इससे पहले मीडिया बॉक्स में वरिष्ठ खेल पत्रकार संतोष सूरी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, यूपीसीए सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता और इकाना के एमडी उदय सिन्हा ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

### 27 करोड़ वाले पंत फिर रहे फ्लॉप

लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत से फैंस को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन 27 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बोली वाले इस खिलाड़ी का बल्ला इकाना में एक बार फिर खामोश रहा। पंत ने शुरुआत तो आक्रामक की, लेकिन 11 गेंदों में मात्र 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस सीजन के चार मैचों में पंत का प्रदर्शन (7, 68*, 10, 18) उनके फॉर्म में निरंतरता की कमी दिखी।

### हाईलाइट





मियामी में यूएफसी 327 मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स इवेंट में महिलाओं के स्ट्रॉवेट मुकाबले में मेक्सिको की लूपी गोडिनेज़ को अमेरिका की तातियाना सुआरेज (दाएं) को हरा दिया। एजेंसी

### बरवाल ने मैराथन में 48 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**रोटरडैम (नीदरलैंड)।** सावन बरवाल ने रविवार को रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। बरवाल ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### सीएसके के सिमंस ने कहा, लड़के हारते-हारते थक गए थे

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा कि लगातार तीन हार से टीम का मनोबल नहीं गिरा था, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि खिलाड़ी हारते-हारते थक चुके थे। पांच बार के चैंपियन सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराकर हार का सिलसिला तोड़ा और इस तरह से वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सिमंस ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, हमारे खिलाड़ी इस मैच को जीतने के लिए वास्तव में बेताब थे। मुझे लगता है कि लगातार तीन मैच हारने के बाद हम हारते-हारते थक गए थे।

# बेंगलुरु ने मुंबई को दिया 241 रन का लक्ष्य

- सॉल्ट, पाटीदार और कोहली ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां

**मुंबई, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रविवार को यहां शीर्ष क्रम में फिल सॉल्ट (78 रन), कप्तान रजत पाटीदार (53 रन) और विराट कोहली (50 रन) के अर्धशतकों की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट पर 240 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। सॉल्ट और कोहली ने पहले विकेट के लिए 65 गेंद में 120 रन की भागीदारी निभाई। सॉल्ट ने 36 गेंद का सामना करते हुए छह छक्के और इतने ही चौके जमाए।

गत चैंपियन टीम के लिए पाटीदार और टिम डेविड (नाबाद 34 रन, 16 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) ने आते ही तेजी से रन जुटाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पाटीदार (20 गेंद) ने आते ही छक्कों और चौकों की झड़ी लगाकर आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक जड़ा जिसके लिए उन्होंने 17 गेंद खेलीं जिसमें चार चौके और पांच छक्के जड़े थे। मुंबई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर, मिचेल सैंटनर, हार्दिक पंड्या और ट्रेंट बोल्ट को एक एक विकेट मिले।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते रजत पाटीदार। एजेंसी

पारी की शुरुआत कोहली ने बोल्ट की गेंद पर जोरदार छक्का जड़कर की। जहां कोहली बीच-बीच में बाउंड्री लगाते रहे तो वहीं उनके जोड़ीदार सॉल्ट ने रन गति को तेज करने की जिम्मेदारी संभाली। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाजों बोल्ट और हार्दिक के खिलाफ बाउंड्री लगाईं। सॉल्ट ने बोल्ट की गेंद को स्टैंड में छक्के के लिए भेज दिया जबकि सैंटनर की गेंद पर उन्होंने लगातार तीन छक्के जड़े। इससे आरसीबी के 50 रन 4.2 ओवर में ही पूरे हो गए थे, इससे उन्होंने मुंबई इंडियंस को मजबूर कर दिया कि वे जसप्रीत बुमराह (35 रन देकर कोई विकेट नहीं) को पावरप्ले में ही दूसरा ओवर फेंकने के लिए वापस बुला लें जो कि आमतौर पर देखने को नहीं मिलता। इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में सिर्फ छह रन दिए, लेकिन इसके बावजूद आरसीबी ने पावरप्ले में 71 रन बना लिए थे। आठवें ओवर में सॉल्ट ने लेग-स्पिनर मयंक मार्कंडेय को निशाना बनाते हुए लगातार तीन चौके जड़े जबकि कोहली ने सैंटनर के तीसरे ओवर में दो और चौके लगाए। विकेट लेने के लिए बेताब मुंबई इंडियंस ने आखिरकार 11वें ओवर में गेंद शार्दुल को सौंपी। शार्दुल ने सॉल्ट को कवर पर खड़े हार्दिक के हाथों कैच करवाकर पहला विकेट दिलाया।

पाटीदार ने फिर साधारण गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत शार्दुल की गेंद को कवर के ऊपर से उठाकर चौका जड़ते हुए की और फिर मार्कंडेय की खराब लेंथ का पूरा फायदा उठाते हुए इस लेग-स्पिनर पर लगातार तीन छक्के जड़े। देखते ही देखते पाटीदार ने नौ गेंद में 34 रन बना लिए। मुंबई ने शार्दुल को ऑफ-साइड से बाहर गेंदें डालने के लिए लगाया, लेकिन वे ज्यादातर मौकों पर ऐसा करने में चूक गए।

# विजय रथ पर सवार रॉयल्स की भिड़ंत सनराइजर्स से

**हैदराबाद, एजेंसी**

बेहतरीन फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी तो उसकी नजरें शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर टिकी होंगी। रॉयल्स ने मौजूदा सत्र में लगभग हर विभाग में अपना दबदबा दिखाया है। चार मैच में चार जीत टीम के दबदबे को दिखाती है। टीम के पास खतरनाक शीर्षक्रम और बेहद संतुलित गेंदबाजी आक्रमण है।

टीम की सफलता में यशस्वी जायसवाल और किशोर स्टार वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार सलामी जोड़ी की अहम भूमिका रही है जिन्होंने पावरप्ले में लगातार विरोधी टीम के आक्रमण को ध्वस्त किया है। जायसवाल और सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी ने उन्हें मौजूदा सत्र की सबसे खतरनाक जोड़ियों में से एक बना दिया है।

तीसरे नंबर पर ध्रुव जुरेल ने स्थिरता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि टीम लय नहीं खोए। कप्तान रियान पराग की अगुआई वाले मध्य क्रम की अब तक अधिक परीक्षा नहीं हुई है। हालांकि मध्य क्रम के बल्लेबाज अब तक मिले सीमित मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा पाए हैं और शायद यह टीम के दमदार अभियान में एकमात्र चिंता की बात है।

रॉयल्स की गेंदबाजी में हालांकि मौजूदा सत्र में काफी सुधार दिख रहा है। पिछले सत्र में गेंदबाजों की नाकामी के कारण नौवें स्थान पर रहने के बाद वे कहीं अधिक अनुशासित और खतरनाक आक्रमण के रूप में लौटे हैं।

जोफ्रा आर्चर ने तेजी और सटीकता के साथ गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने कोण और उछाल का इस्तेमाल करके विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने उनका अच्छा साथ दिया है।

**टीम**

**सनराइजर्स हैदराबाद :** इशान किशन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्राइडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रेविस हेड, प्रफुल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, इशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नितीश रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पेन, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा।

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

# पहले दिन तीन घंटे के खराब खेल से हमें नुकसान हुआ: विशाल उप्पल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कप्तान विशाल उप्पल ने बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक में अपनी टीम के तीसरे स्थान पर रहने के लिए पहले दिन तीन घंटे के खराब खेल को जिम्मेदार ठहराया जिससे भारत विश्व ग्रुप प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। भारत ग्रुप एक में ही रहेगा जबकि शीर्ष पर रहने वाली दो टीम थाईलैंड और इंडोनेशिया ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया।

एक सप्ताह के उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन पर बात करते हुए उप्पल ने कहा कि थाईलैंड के खिलाफ धीमी शुरुआत एक कड़े मुकाबले में महंगी साबित हुई। उप्पल ने शनिवार को फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराने के बाद कहा सबसे बड़ी खुशी तो यही है कि हमने कोरिया को हरा दिया। लेकिन दुख की बात यह है कि हमने सप्ताह की शुरुआत में तीन घंटे खराब टेनिस खेली, जिसकी वजह से हम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाए। भारत ने क्वालीफाई करने की उम्मीदों के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया था, लेकिन थाईलैंड के खिलाफ हार उसे भारी पड़ी। उप्पल ने कहा अभी बहुत दुख हो रहा है। प्रतियोगिता से पहले हम जानते थे कि क्वालीफाई करने के लिए थाईलैंड और कोरिया को हराना होगा।



बिली जीन किंग कप के दौरान भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

**दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा**

# शटलर आयुष शेट्टी की फाइनल में टूटी उम्मीद

**निंगबो (चीन), एजेंसी**

भारत के आयुष शेट्टी को रविवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

मंगलुरु के 20 साल आयुष को लय हासिल करने में परेशानी हुई और वह चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन से 8-21, 10-21 से हार गए जिससे इस प्रतियोगिता में भारत का पुरुष एकल स्वर्ण पदक का 61 साल का इंतजार जारी रहा। हार के बावजूद गौरवरीय आयुष का अभियान शानदार रहा। वह दिनेश खन्ना के बाद इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने।



खन्ना इस प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय एकल चैंपियन हैं। उन्होंने 1965 में यह खिताब जीता था। खन्ना के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने भी 2023 में यह खिताब जीता था। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष इस साल की शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और पिछले सत्र में इंडोनेशिया मास्टर्स में शी से हारने के बाद इस मुकाबले में उतरे थे। आयुष ने हालांकि इस हफ्ते अधिक नियंत्रण और आक्रामकता के साथ खेला और फाइनल के अपने सफर के दौरान दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कुनलावत वितिदसार्न, दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी और वर्ल्ड सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग को हराया। आयुष ने हालांकि शी की कड़ी चुनौती के सामने घुटने टेक दिए। चीन के खिलाड़ी ने उन्हें अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल खेलने का मौका नहीं दिया। शी ने अपने खेल की विविधता से भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बनाया और कुछ सटीक स्मैश भी लगाए। चीन के खिलाड़ी ने दो बढ़िया नेट ड्रिबल से शुरुआती अंक हासिल किए और 4-0 की बढ़त बना ली। आयुष के स्मैश शुरू में सटीक नहीं थे और वह 2-6 से पिछड़ गए। चीन के खिलाड़ी ने लंबी रैली के बाद बाहर शॉट बाहर जिससे आयुष को कुछ राहत मिली।

### नियंत्रण हासिल करने के लिए कर रहे थे संघर्ष

आयुष नियंत्रण हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे और उन्होंने कई सहज गलतियां की। शी ने शानदार ड्रॉप शॉट लगाया और क्रॉस कोर्ट शॉट लगाकर आयुष को गलतियां करने के लिए मजबूर किया। शी ने दो स्मैश के साथ गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर आयुष के बाहर शॉट मारने से पहला गेम जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी को मैच में बने रहने के लिए दूसरा गेम जीतना था। उन्होंने बेहतर शुरुआत करते हुए 3-1 की बढ़त बनाई लेकिन शी ने नेट पर कुछ अच्छे शॉट खेलकर उन पर दबाव बनाए रखा। आयुष हालांकि 7-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे लेकिन इसके बाद उन्होंने लय गंवा दी। भारतीय खिलाड़ी ने दो शॉट बाहर जबकि एक नेट पर मारा जिससे शी ने 7-7 के स्कोर पर बराबरी हासिल कर ली और फिर ब्रेक तक 11-8 से आगे हो गए। ब्रेक के बाद शी पूरी तरह छाए रहे। उन्होंने कछ अच्छे स्मैश से स्कोर 13-8 किया और फिर इसे 15-9 तक पहुंचाया। शी ने बॉडी रिटर्न अंक के बाद सीधे स्मैश से स्कोर 17-9 किया। आयुष ने फिर एक और शॉट बाहर मारा जबकि शी स्मैश के साथ अंक जुटाकर खिताब से सिर्फ दो अंक दूर पहुंच गए।